e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 127
शुक्रवार
10.05.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

आत्मविश्वास हमेशा हमारे पास होता है, उसे महसूस करने के लिए सिर्फ हमें वर्तमान में जीने का अभ्यास करना है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान के ग्वादर में आतंकी हमला, सात मजदूरों की मौत

**पाकिस्तान :** आतंकवादियों ने ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास आवासीय क्वार्टरों पर हमला किया। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इसके कारण सो रहे सात लोगों की मौत हो गई और अन्य एक घायल हो गया।पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है। हाल ही में सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमले हुए। इन हमलों में 1,524 लोगों की मौत हुई और 1,463 लोग घायल हुए। यह बीते छह सालों में उच्चतम रिकॉर्ड है।

### अक्षय तृतीया आज, धूमधाम से मनेगा परशुराम जयंती

**जयपुर :** वैशाख शुक्ल अक्षय तृतीया शुक्रवार को कई विशेष संयोग में मनाई जाएगी। वैदिक ज्योतिष के जानकारों के मुताबिक इस बार सौ साल बाद अक्षय तृतीया पर गजकेसरी राजयोग बन रहा है। दरअसल अक्षय तृतीया पर चंद्रमा और देवगुरु बृहस्पति की युति होने से गजकेसरी योग का निर्माण होगा। ज्योतिष शास्त्र में गजकेसरी योग को बहुत ही शुभ योग माना गया है। इस अलावा अक्षय तृतीया पर मालव्य योग, धन योग, रवि योग, उत्तम योग और शश योग को मिलाकर कुल पांच महा शुभ योग बनेगा। पंडित शैलेश शास्त्री ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन सुकर्मा योग रहेगा। सुकर्मा योग का शुभारंभ दोपहर 12 बजे होगा, जो शनिवार को सुबह 10 बजे तक रहेगा। इस योग में खरीदारी करना शुभकारी माना जाता है। इसके साथ ही इस दिन रोहिणी नक्षत्र रहेगा।आज देश भर में धूमधाम से परशुराम जयंती मनाया जाएगा।

### भारत-नेपाल सीमा से एक तस्कर गिरफतार

**बेतिया :** बेतिया पुलिस जिला के कंगली थाने के सिधवलिया गांव के नजदीक अजगरी नदी के पास से पुलिस ने गांजा समेत एक नेपाली तस्कर को धर-दबोचा है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान परसा(नेपाल)जिले के पोखरिया थाने के धोरे गांव निवासी लाल महम्मद देवान के पुत्र विशुल देवान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष कफील अजहर ने बताया कि संध्या गश्ती दल नेपाल बोर्डर की ओर निकले थे।इसी बीच गिरफ्तार तस्कर झोला लेकर पैदल अजगरी नदी के किनारे होकर जा रहा था।पुलिस को संदेह होने पर रूकने को बोला लेकिन पुलिस को देख तस्कर भागने लगा था।जिसे खदेड़कर पकड़ा गया। उसकी तलाशी ली गई।तलाशी में उसके पास पलास्टिक के झोले से वाटरप्रूफ प्लास्टिक पैक में दो पॉकेट गांजा जब्त किया गया।जिसे तौल करने पर 928 ग्राम गांजा पाई गई। जब्त गांजा का अंतरराष्ट्रीय मूल्य लगभग एक लाख रूपए बताई गई है।

### ई-मित्र संचालक एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय की विशेष अनुसंधान टीएम जयपुर ने कार्रवाई करते हुए कार्यालय ग्राम पंचायत लसाड़िया पंचायत समिति फागी जिला जयपुर के ई-मित्र संचालक विश्राम गुर्जर को परिवादी से एक लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश ने बताया कि एसीबी की विशेष अनुसंधान टीम जयपुर को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिता की मृत्यु होने पर श्रमिक डायरी के आधार पर श्रम विभाग से क्लेम पास करवाने की एवज में ई-मित्र संचालक विश्राम गुर्जर की ओर से एक लाख रुपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। एसीबी की विशेष अनुसंधान टीम (एस.आई.यू.) जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप सारस्वत के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए ई-मित्र संचालक विश्राम गुर्जर को एक लाख रुपये (तीस हजार रुपये भारतीय मुद्रा एवं सत्तर हजार रुपये डमी करेंसी) रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

### तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 की मौत

**नयी दिल्ली:** तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया. हादसे में 5 महिलाओं समेत 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों के घायल होने की आशंका है. जानकारी के मुताबिक विरुधुनगर के शिवकाशी के सेंगमालापट्टी में एक पटाखा फैक्ट्री है. इसी फैक्ट्री में एक ब्लास्ट हो गया.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36° |
| न्युनतम | 20° |

# झारखंड से पलायन रोकना सबसे बड़ी चुनौती : वित मंत्री

## बेहतर झारखंड के लिए बेहतर लोगों को सदन में चुनकर भेजने की जरुरत है : निर्मला

## विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में इंजन साबित हो सकता है झारखंड

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का आह्वान करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि झारखंड, बिहार, बंगाल और ओडिशा इंजन साबित हो सकते हैं. करीब 24 मिनट के अपने संबोधन में केंद्रीय वित्त मंत्री का मुख्य निशाना करप्शन और हाल के दिनों में ईडी की कार्रवाई के दौरान पकड़े जा रहे करोड़ों रुपए रहा. उन्होंने नाम लिए बगैर इसकी आलोचना करते हुए कहा कि हालत यह है कि दीवार से लेकर पाताल तक में कैश मिल रहा है. बैंकों से मशीन भी गिनते गिनते गरम हो जा रहा है. कार्यक्रम के दौरान उद्योगपतियों के द्वारा वित्त मंत्री से सीधा संवाद के जरिए सवाल भी किए गए जिसका जवाब वो देती नजर आई.

**10** वर्षों में इस राज्य में रेलवे सहित विभिन्न मदों में चल रहे प्रोजेक्ट के लिए बड़े पैमाने पर राशि स्वीकृत की गई है : वित्त मंत्री

**24** मिनट के अपने संबोधन में केंद्रीय वित्त मंत्री का मुख्य निशाना करप्शन और हाल के दिनों में ईडी की कार्रवाई के दौरान पकड़े जा रहे करोड़ों रुपए रहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि झारखंड पलायन, अराजकता, भ्रष्टाचार का दंश झेल रहा है। इसलिए राज्य से पलायन को रोकना सबसे बड़ी चुनौती है। इस पर रोक तभी संभव होगी, जब हम यहां की कानून व्यवस्था को ठीक करेंगे। हमें अपनी बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान देने की जरुरत है। बिजली व पानी तो हमारी जरुरत है ही। इसके अलावा बेहतर अस्पताल पर भी ध्यान देना होगा। इसलिए इस बार देश की हित व भलाई को ध्यान में रखकर वोट करें। केन्द्रीय मंत्री सीतारमण गुरुवार को रांची में बेहतर इस्टर्न इंडिया के लिए झारखंड का विकास विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने किया था। उन्होंने राज्य के केवल मिनरल्स पर निर्भर होने से बचने पर जोर दिया और हमें अन्य संसाधनों को भी विकसित करना होगा। बेहतर झारखंड के लिए बेहतर लोगों को सदन में चुनकर भेजने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड को 2024-25 के बजट में रेल परियोजनाओं के लिए रिकॉर्ड 7,200 करोड़ आवंटित किये गये।



### झारखंड के साथ केंद्र सरकार के सौतेला व्यवहार के आरोप को किया खारिज

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार का लग रहे आरोप को खारिज करते हुए कहा है कि पिछले 10 वर्षों में इस राज्य में रेलवे सहित विभिन्न मदों में चल रहे प्रोजेक्ट के लिए बड़े पैमाने पर राशि स्वीकृत की गई है. उन्होंने कहा कि रेलवे के लिए 7234 करोड़ रुपए झारखंड के लिए स्वीकृत किए गए हैं. देशभर में 112 आकांक्षी जिला में बिहार, झारखंड और ओडिशा में 42 आकांक्षी जिला है, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष निर्देश पर विकास कार्य हो रहा है. जिससे उन जिलों का आर्थिक विकास हो सके और पिछड़ापन दूर हो. झारखंड में पलायन एक बहुत बड़ी समस्या है, राज्य के साहिबगंज सहित तीन जिलों में बड़े पैमाने पर रोजगार के लिए पलायन होता है.

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, चैंबर के पूर्व अध्यक्ष केके पोद्दार, कुणाल अजमानी, मनोज नरेडी, चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू, प्रदीप अग्रवाल, अमित माहेश्वरी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 अभिषेक रामाधीन, नवीन अग्रवाल, नवजोत अलंग, राम बांगड, रोहित अग्रवाल, साहित्य पवन, संजय अखौरी, सुनिल केडिया, आरके सरावगी, केके साबू, महेश पोद्दार, अंचल किंगर, प्रदीप शर्मा, सज्जन सर्राफ, रंजीत टिबडेवाल, बिकास सिंह, पवन शर्मा, रंजीत गाडोदिया के अलावा, गिरिडीह, गुमला, देवघर, जमशेदपुर, रामगढ के व्यापारी व उद्यमियों के अलावा शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# हिंदू-मुस्लिम आबादी के आंकड़ों पर मचा बवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रिपोर्ट पर सियासी घमासान मच गया है। रिपोर्ट में 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए डेमोग्राफिक बदलावों का विश्लेषण किया गया है। लेकिन बवाल मचा है भारत में मुस्लिमों की बढ़ती और हिंदुओं की घटती आबादी पर। रिपोर्ट के अनुसार 1950 से 2015 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत घट गई है जबकि इसी दौरान मुस्लिमों की आबाद में 43.15 फीसदी का इजाफा हुआ है। लोकसभा चुनाव के दौरान आई इस रिपोर्ट ने सियासी पारा चढ़ा दिया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है कि ये सभी मिलकर भारत में गजवा ए हिंद करना चाहते हैं। कहा कि कांग्रेस ने देश को धर्मशाला बना दिया है। बीजेपी के हमलों पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पलटवार किया है। उन्होंने इसे असल एलमुद्दों से भटकाने की कोशिश करार दिया। वाड्रा ने कहा कि बात तो उन मुद्दों पर होनी चाहिए जो लोगों की जिंदगी से जुड़े हैं। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने इसे वॉट्सऐप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट बताकर खारिज कर दिया। आरजेडी लीडर तेजस्वी यादव ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये लोगों को भ्रम में डालने और नफरत फैलाने की कोशिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी का यही एजेंडा है।

**केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है कि ये सभी मिलकर भारत में गजवा ए हिंद करना चाहते हैं। कहा कि कांग्रेस ने देश को धर्मशाला बना दिया है। बीजेपी के हमलों पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पलटवार किया है।**

# मंत्री के ओएसडी संजीव लाल व पत्नी रीता लाल से ईडी ने आमने-सामने बैठाकर की पूछताछ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की पत्नी रीता लाल से ईडी दफ्तर में पूछताछ की गई. रीता लाल को ईडी ने समन जारी कर गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया था. मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल से जुड़े कई ठिकानों पर सोमवार और मंगलवार को ईडी के द्वारा रेड की गई थी.

रेड में 35 करोड़ रुपये मिलने के बाद संजीव लाल और उसके नौकर को गिरफ्तार किया गया था. ईडी सूत्रों के अनुसार कागजातों की जांच के दौरान संजीव लाल की पत्नी रीता लाल से जुड़े कई फाइनेंशियल डिटेल एजेंसी को मिले थे. बताया जा रहा है कि बिल्डर मुन्ना सिंह की कंपनी में रीता लाल डायरेक्टर थी. कई फाइनेंशियल कार्य रीता लाल की देखरेख में हुआ करता था. मिले साक्ष्यों के आधार पर ही रीता लाल को समन जारी कर गुरुवार को एजेंसी के दफ्तर पूछताछ के लिए बुलाया गया था. गुरुवार को दिन के लगभग 11¬45 पर रीता लाल दुपट्टा से अपने मुंह को ढके हुए वकील के साथ ईडी दफ्तर पहुंची, जहां आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद रीता लाल से पूछताछ शुरू की गई.जानकारी के मुताबिक, संजीव लाल और रीता लाल को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की गई. संजीव लाल के साथ ईडी जल्द ही राजीव कुमार सिंह और मुन्ना सिंह को बैठाकर भी पूछताछ करेगी. दोनों को जल्द ही समन जारी किया जाएगा.

गौरतलब है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के करीबी चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लाउंड्रिंग केस में ईडी ने सोमवार को छापेमारी कर तकरीबन 35 करोड़ रुपये बरामद किए थे. मंत्री के ओएसडी संजीव कुमार लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से ईडी ने तकरीबन 32 करोड़ बरामद किया. वहीं बाकी नगद राशि मुन्ना कुमार सिंह नाम के एक ठेकेदार और कुछ दूसरे इंजीनियरों के यहां से बरामद किया गया है.

# देश की जानी-मानी हस्तियों ने पीएम मोदी व राहुल गांधी को ओपन डिबेट का दिया न्योता

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश की जानी-मानी हस्तियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ओपन डिबेट का न्योता दिया है. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मदन बी लोकुर, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अजीत पी शाह और द हिंदू के पूर्व एडिटर इन चीफ एन राम की ओर से दोनों नेताओं को खुली बहस के लिए निमंत्रण भेजा गया है.

इस चिट्ठी में कहा गया कि हमारा मानना है कि एक सार्वजनिक बहस के माध्यम से हमारे राजनीतिक नेताओं को सीधे सुनने से नागरिकों को अत्यधिक लाभ होगा. हमारा मानना है कि इससे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को काफी मजबूत करने में मदद मिलेगी.पूर्व जज मदन बी लोकुर, पूर्व जज एपी शाह और वरिष्ठ पत्रकार एन राम की ओर से दोनों नेताओं को लिखी गई चिट्ठी में कहा गया कि आपने विभिन्न क्षमताओं के जरिए देश के प्रति



अपना कर्तव्य निभाया है. हम आपके पास एक ऐसे प्रस्ताव के साथ आ रहे हैं, जिसके बारे में हमारा मानना है कि यह पक्षपातपूर्ण नहीं है और प्रत्येक नागरिक के व्यापक हित में है.

18वीं लोकसभा का आम चुनाव अपने मध्य बिंदु पर पहुंच चुका है. रैलियों और सार्वजनिक संबोधनों के दौरान सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस दोनों के सदस्यों ने हमारे संवैधानिक लोकतंत्र के मूल से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे हैं.पत्र में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने आरक्षण, आर्टिकल 370 और धन पुनर्वितरण पर कांग्रेस को सार्वजनिक रूप से चुनौती दी है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संविधान, चुनावी बॉन्ड योजना और चीन के प्रति सरकार की प्रतिक्रिया पर प्रधानमंत्री से सवाल किया है और उन्हें सार्वजनिक बहस की चुनौती भी दी है.

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मैं 20 वर्ष पहले ही रिटायर हो गया हूँ। मेरी याद से मतदाता बनने के बाद मैंने हर बार मतदान में भाग लिया है। अब 80 वर्ष का हो गया हूँ। फिर भी इस बार के मतदान में मैं अवश्य अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा। मतदान करना मेरे लिए हर्ष का विषय है। उक्त बातें मतदान के लिए उत्साह से लबरेज 80 वर्षीय खिरू महतो ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से कही। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को हजारीबाग जिले के इचाक स्थित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर लोकसभा



निर्वाचन हेतु तैयारियों की वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे थे।मतदान केंद्रों के भौतिक निरीक्षण एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की अद्यतन स्थिति के बारे में बीएलओ से पूछताछ के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा समर्पित सूची का ग्रामीणों एवं उस क्षेत्र के लोगों से सत्यापन कराया। इस क्रम में एएसडी सूची के लोगों के नाम पुकारे गए एवं उनके बारे में आसपास के लोगों से जानकारी ली गयी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण एवं शहरी मतदाताओं से मतदान में भाग लेने की अपील की। साथ ही वैसे लोग जो क्षेत्र में रहने के बाद भी मतदान करना नहीं चाहते, उन्हें इसके महत्व को समझाने और मतदान के प्रति प्रेरित करने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हजारीबाग जिले में कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।इस अवसर पर हजारीबाग जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैन्सी सहाय एवं कर्मी उपस्थित थे।

# चारधाम यात्रा : ऋषिकेश से 135 वाहनों में 4050 श्रद्धालु रवाना

एजेंसी

**ऋषिकेश :** प्रत्येक वर्ष चारधाम यात्रा संचालित करने वाली संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के तत्वावधान में गुरुवार को ऋषिकेश से यात्रा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस मौके पर 135 वाहनों में 4050 श्रद्धालुओं को चारधाम के लिए रवाना किया गया। प्रदेश के वित्त एवं शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल, हंस फाउंडेशन संस्थापक माता मंगला और भोले महाराज ने संयुक्त रूप से बसों को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखंड आगमन पर सभी चारधाम यात्रियों का स्वागत करते हुए उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होने की भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के रिकॉर्ड इस बार चारधाम यात्रा में टूटने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह से तैयार है। इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कहा गया है कि चारधाम यात्रा में लगे सभी वाहनों की फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद**
हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 | www.asarfihospital.com

संक्षिप्त खबरें

## महागठबंधन कार्यकर्ताओ ने के एन त्रिपाठी के पक्ष में चलाया जनसम्पर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** महागठबंधन के कार्यकर्ताओ ने गुरुवार को डोर टू डोर जनसम्पर्क अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व राजद नेता बौद्ध यादव के द्वारा किया गया। महागठबंधन के कार्यकर्ताओ ने यह जनसम्पर्क अभियान प्रतापपुर प्रखंड के योगिडीह, महकमपुर, बिचकिला, गिद्दा, टंडवा, सहित कई अन्य गांवो मे चलाया। मौके पर मतदाताओ से महागठबंधन के उम्मीदवार के एन त्रिपाठी को भारी मतो से मत देकर जिताने की अपील किया ।इस जनसम्पर्क अभियान मे कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष 2 भोला साहू, चंद्रिका यादव, कासिम अंसारी, मुंद्रिका यादव, महेंद्र यादव, जनार्दन यादव, संतोष यादव, कासिम अंसारी, अनिल यदुवंशी, दिनेश यादव, राजेश यादव, सुनील यादव, सुरेंद्र यादव, गुड्डू यादव एवम् समेत ढेरो महागठबंधन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लड़कियों का भविष्य बर्बाद होने नहीं दूंगी : अरुणा शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने केजी स्कूल एवं विमेंस कॉलेज की 12 वीं में फेल की गई लड़कियां, जो शिक्षा विभाग के समक्ष धरने पर बैठी थी, की व्यथा सुनते हुए कहा कि शिक्षा विभाग इन बच्चियों के कॉपियो को फिर से जांच कराए। इनमें से अधिकांश छात्राएं 11वीं में 95 प्रतिशत तक अंक लाई है। वह 12 वीं में फेल कैसे कर सकती है प्रथम महापौर ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि केजी स्कूल में 45 में 38 लड़कियां फेल है। और विमेंस कॉलेज में 50 प्रतिशत यानी 40 लड़कियां फेल है। जिसमें कई लड़कियां 95 प्रतिशत से ऊपर अंक 11वीं में या इससे पहले लाती रही है। कहीं ना कहीं शिक्षा विभाग से कोई त्रुटि हुई है। प्रथम महापौर ने



स्वयं छात्राओं के साथ डीईओ कार्यालय जाकर सारी जानकारी डीईओ से लेते हुए स्कूल के प्रिंसिपल को तत्काल बुलवाइ। जिसमें स्कूल के प्रिंसिपल ने भी बताया कि यह सारी लड़कियां हमारे यहां की टॉपर्स हैं। कहीं ना कहीं कोई गलती हुई है। प्रथम महापौर ने बताया कि उपायुक्त पलामू ने भी जांच के लिए चार दिन पूर्व पत्र दिया है। पर उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रथम महापौर ने कहा कि इन छात्राओं की कॉपी निशुल्क जांच होनी चाहिए। लड़कियों का भविष्य बर्बाद होने नहीं दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो मैं खुद शिक्षा सचिव या मुख्यमंत्री से मिलूंगी।

## छेंचा में भाजपा का पथ सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह के छेंचा मे गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पथ सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने की। वही मंच संचालन मनोज सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य मंजू सिंह, ईश्वरी सिंह, अमरोध रजक, अशोक प्रसाद, अशोक सिंह, कालिम खां समेत दर्जनों वरीय भाजपा नेता मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सभी समुदाय के लोगों को एक सूत्र में जोड़कर सभी का सम्मान करते हुए अनेकों प्रकार का लाभ दिया गया। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। देश में एक ही पार्टी है जो सभी धर्मों का सम्मान करता है वह है भाजपा, वही उपस्थित लोगों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले 20 मई को घर घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने अपने अपने बुथों में सुबह जाकर वोट दिलवाना है ताकि मोदी सरकार फिर एक बार और सांसद प्रत्याशी काली चरण सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाया जा सके। कार्यकम में कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सहायक अध्यापक के निधन पर शिक्षक संगठन ने की बैठक



**हुसैनाबाद/पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत सभी शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि हम सभी के बीच के होनहार साथी सहायक अध्यापक अवध किशोर राम का असामयिक निधन पूरे शिक्षक समाज के लिए अपूर्णीय क्षती है। इस दुःख की घड़ी में शिक्षक संगठन उनके परिवार के साथ है। साथ ही साथ उनके परिवार को आर्थिक एवं सांगठनिक सहयोग के लिए एक आपातकालीन बैठक 10/05/2024 (शुक्रवार) को 2:30 बजे दिन में बी0 आर0 सी0 कार्यालय हुसैनाबाद में रखी गई है। आप सभी कोटि के तमाम शिक्षकों अजसा, टेट सफल, आंकलन सफल, प्रशिक्षित सहायक अध्यापक, अप्रशिक्षित सहायक अध्यापक आप सभी को इस बैठक में सादर आमंत्रित किया गया है और इस बैठक में उपस्थित होकर उचित मार्गदर्शन करने की कृपा करेंगे। इस आशय की जानकारी आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद के मीडिया प्रभारी अनिल कुमार ने दी।

## पनशाला का किया गया उद्घाटन



**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को श्री सर्वेश्वरी गूरी, पंचायत के द्वारा दो जगह पर पनशाला का उद्घाटन किया गया। श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह गुरी गेट के पास एवं सरकारी स्कूल के बगल में एनएच 39 मेन रोड जरका बस स्टैंड पिपरा ज्वाहिर साव के दुकान के पास पनशाला के उद्घाटन कार्यक्रम मैं जनप्रतिनिधि पंचायत समिति ओमप्रकाश पांडे ने परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम जी और परम पुज्य गुरुपद संभव राम बाबा जी के चित्र फोटो का विधिवत पूजा आरती कर नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया गया तथा राहगीरों को मीठा और पानी पिलाकर पंसाला का शुरुआत की गई मौके पर उपस्थित समूह के वरिष्ठ सदस्य श्री राम लखन पांडे ने कहा की समूह द्वारा जरूरतमंद लोगों के विच में सेवा कार्य ही हमारा उद्देश्य है, इस विषम गर्मी में दो जगह पर पनशाला खोला गया, आवश्यकता अनुसार और भी खोला जाएगा, प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य कार्य है। मौके पर उपस्थित समूह के वरीय सदस्य, हलकानी राम, श्री राम लखन पांडे, चंद्रदेव साव, ज्वाहीर साव, हीरा लाल साव, संजीत कुमार मिश्रा, साहेब राम, विनोद पांडे, समिति सदस्य ओम प्रकाश पाण्डेय, वार्ड सदस्य विजय यादव, राजेंद्र सिंह, डा. खुरसिद आलम, दिनेश चौधरी, रामनाथ चौधरी, नारायण विश्वकर्मा, राधा यादव, सतन चौधरी, योगेंद्र गुप्ता सबों ने सेवा भाव से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# सेमरा पंचायत में नाली निर्माण कार्यों के नाम पर 2.49 लाख सरकारी पैसों का बंदरबांट

### न्यू निर्माण नाली के नाम पर सरकारी पैसा हड़पने का काम कर रहें जनप्रतिनिधि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेमरा पंचायत में पंचायत समिति के कोटा से नाली का न्यू निर्माण महताब आलम के घर से अनिल पांडे के घर तक 249000 की लागत से कराया गया हैं जबकि पहले से वहां पर नाली बना हुआ था फिर भी भ्रष्टाचार में संलिप्त जनप्रतिनिधि नाली के न्यू निर्माण के नाम पर नाली का रिपेयरिंग फिर से कर के पैसा का निकासी कर लिया गया। जहां सरकार एक तरफ़ गांव गांव तक विकास हो इसके लिए पंचायत में चुनाव कराकर जनप्रतिनिधियों का चयन करा रहीं हैं जिससे की धरातल पर विकास दिखाई दें लेकिन दूसरे तरफ़ भ्रष्ट जनप्रतिनिधि विकास में बाधक



बनने का काम कर रहें हैं, जनप्रतिनिधि विकास के नाम पर सरकारी पैसों का बंदर बाट करने में लगे हैं। वैसा ही हाल सेमरा पंचायत में महताब आलम के घर से अनिल पांडे के घर तक बना हुआ न्यू निर्माण नाली हैं जहां की जनप्रतिनिधि ग्रामीणों के साथ आंख मिचौली कर सरकारी पैसा हड़पने का काम किया। इस संदर्भ में बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि अगर नाली पहले से बना होगा और उस पर न्यू निर्माण कराकर पैसा का निकासी कर लिया गया होगा तो जांच कर त्वरित कार्रवाई करने का काम किया जाएगा।

# नगर उंटारी से जायरीनों का एक जत्था रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मुस्लिम धर्मालंबियों का पवित्र धार्मिक यात्रा मक्का मदीना के लिये गुरुवार को जायरीनों का एक जत्था नगर उंटारी स्टेशन से रवाना हुआ। मक्का मदीना जाने वाले जायरिनों में नगर उंटारी प्रखंड के कधवन ग्राम निवासी डॉ मुस्ताक अहमद, नजीबन बीबी, भवनाथपुर प्रखंड के अरसली निवासी रउफ अंसारी का नाम शामिल है। मक्का मदीना जाने वाले जायरीन गाजे बाजे के साथ नगर ऊटारी रेलवे स्टेशन पहुंचे। मक्का मदीना जाने वाले जायरिनों ने बताया कि हम सभी लोग मक्का मदीना का मुकद्दर सफर के लिए जा रहे हैं। इस वजह से हम सभी लोग काफी खुश है। पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने मक्का मदीना जाने वाले जायरिनों को माला पहनाकर स्वागत किया।साथ ही क्षेत्र की खुशहाली, अमन चैन व आपसी भाईचारे के लिये दुआ करने की बात कही। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने सभी को माला पहनाकर इस्तकबाल किया।उन्होंने जायरिनों से मुल्क में अमन चैन भाईचारे व शांति के लिए दुआओं की गुजारिश किया।उन्होंने कहा कि जायरिन शक्तिपुंज एक्सप्रेस से कोलकाता पहुंचेंगे और उसके बाद वहां से शुक्रवार की दोपहर हवाई जहाज के माध्यम से मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे। मौके पर अहमद अंसारी, चेंगज आलम, मुखिया फिरदौस सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने बारियातू अंचल कार्यलय का किया औचक निरक्षण



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह ने गुरुवार को मुख्य रूप से चुनाव को लेकर बारियातू अंचल कार्यलय का निरक्षण किया। निरिक्षण के दौरान सभी प्रखण्ड एवं अंचल कर्मियों के साथ उपायुक्त ने बैठक की। बैठक मे चुनाव से चुनाव से सम्बंधित कई महत्व पूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी दी गई। जिसमे मतदाता सूचना पर्ची वितरण, मतदान केन्द्रो पर एएमएफ की सुविधा, आईएसआर सें समन्धित समीक्षा, मतदान दिवस के दिन की व्यस्था, कम्युनिकेशन प्लान, दिव्यांग मतदाता सें समन्धित समीक्षा, रिलेक्टेड बूथ सें सम्बंधित समीक्षा, रुट चार्ट, पोस्टर बैलेट की विशेष रूप सें जानकारी दी गई। मौके पर एलआरडीसी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अपर समाहर्ता श्रेयांस, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी राजा दिलावर, प्रधाना सहायक कपिल देव सिंह, अलोक कुमार दुबे, एमओ चन्दन कुमार, जेएसएस प्रकाश कुमार, सीआई अनिल हीरो, सहित सभी प्रखंड एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## सुरक्षा बीमा के तहत मृतिका के पुत्र को दो लाख का चेक किया गया प्रदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिलासपुर के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मृतिका के पुत्र को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया।गौर तलब है की बिलासपुर निवासी धनवंती कुँवर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के तहत बीस रुपए वार्षिक जमा कर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिलासपुर में बीमा कराया था। जिसकी मृत्यु मध्यप्रदेश में सड़क दुर्घटना से मृत्यु हो गया था इसे देखते हुए उक्त बैंक के द्वारा मृतिका के इकलौते पुत्र नवलेस गुप्ता को बैंक के कैसीयर रामेश्वर प्रसाद के हाथों से दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए शाखा प्रबंधक आशीस कुमार ने बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा सभी बैंकों में सबसे कम लागत से मात्र बीस रुपए वार्षिक प्रीमियम जमकर इसका लाभ उठाया जा सकता है जो किसी भी आकस्मिक दुर्घटना के बाद उसके परिवार को सहायता के रूप में दो लाख रुपए प्रदान किया जाता है जो गरीबों के लिए जीवन में सहारा का काम करता है। उन्होंने सभी लोगो से बीमा करने की अपील किया है। इस अवसर पीआर अन्य के अलावा मुख्यरूप से जे एस एल पीएस के सत्येंद्र कुमार सीएसपी संचालक औषध कुमार मंटू चौधरी उपस्थित थे।

# राजद के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक के समीप बुधवार को पलामू संसदीय क्षेत्र के राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी ममता भुइयां का चुनाव कार्यालय का उद्धघाटन किया गया। उसका उद्घाटन राजद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान, प्रदेश महासचिव सह वरीय युवा नेता रवि कुमार यादव, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता मोहम्मद जाकिर अली उर्फ राज अली, मुखिया श्रवण राम, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान राजद के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने राजद प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने को लेकर संकल्प लिया ।मौके पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार यादव ने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइया के पक्ष में लोग गोलबंद हो रहे है।

## झारखंड के दूसरे सबसे लंबे पुल को जोड़ने वाली सड़क की बदहाली पर ग्रामीणों में भड़का आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** झारखंड के दूसरे सबसे लंबे पुल को जोड़ने वाली हैदरनगर-पंसा की सड़क की जर्जर हालत और बदहाल स्थिति से आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीण पंसा स्थित मध्य विद्यालय के परिसर में इकट्ठे होकर रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए वोट बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों ने सड़क की बदहाल स्थिति से कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराया। दैनिक भास्कर ने उक्त सड़क की खराब हालत पर प्रमुखता के साथ लगातार इसे एक अभियान चलाकर खबर को कई बार प्रकाशित किया। किन्तु इसके बावजूद जब जिला प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो अक्टूबर 2023 में सड़क से प्रभावित होने वाले आसपास के आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने आंदोलन किया था।आंदोलन के क्रम में पंसा, खरकोल, कोसियारा, रामबांध, रहमानिया मोड़, रानीदेवा, अधौरा एवं बलडिहरी के सैकड़ों लोगों ने पैदल आक्रोश मार्च किया था जिसमें शामिल लोग गांधी तेरे देश में आज भी हैं हम गड्ढे में और रोड नहीं तो वोट नहीं, का नारा दिया था।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित हुआ प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। 04 चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार में पांचवें चरण के तहत दिनांक-20 मई 2024 को मतदान किया जाना है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक-26 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी के होने के पश्चात दिनांक-26 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की तिथि निर्धारित थी। जिसमें कुल 31 उम्मीदवारों ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था। स्करूटनी और नाम वापसी के बाद शेष 22 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी काली चरण सिंह भारतीय जनता पार्टी, कृष्णानन्द त्रिपाठी इंडियन नेशनल कॉंग्रेस, नागमणि बहुजन समाज पार्टी से उम्मीदवार है। पंजीकृत राजनैतिक दलों के सदस्य (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों अतिरिक्त)अर्जुन कुमार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, कर्मलाल उरांव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), कामदेव डिहो राण राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, दर्शन गंझु झारखण्ड पार्टी, दुलेश्वर साव भारतीय जवान किसान पार्टी, विमल लकड़ा आंबेडरकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, महेश बांडो बहुजन मुक्ति पार्टी, लव कुमार पंडित भागीदारी पार्टी, संजय कुमार स्नेही लोकहित अधिकार पार्टी, सुमित कुमार यादव समता पार्टी से। **अन्य अभ्यर्थी निर्दलीय :** अर्जुन प्रजापती, मो0 अबुजर खाँ, डॉ अभिषेक कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, चंदन कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, विक्रांत कुमार सिंह, श्रीराम सिंह निर्दलीय से।प्रेस वार्ता में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेत अन्य पदाधिकारी , विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सहायक अध्यापक को भी सहायक आचार्य में शामिल होने का मौका दे झारखण्ड सरकार : ऋषिकांत तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड के दूर दराज इलाकों मे सहायक अध्यापक शिक्षा का अलख जगा रहे है। साथ ही झारखण्ड की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। वही दूसरी और अपने और अपने परिवार के उज्वल भविष्य निर्माण हेतु चिंतित है। एक-एक करके सहायक अध्यापक काल के गाल मे बिना किसी सरकारी लाभ के बिदा हो रहे है। कहने के तो हम पारा शिक्षक झारखण्ड की शिक्षा व्यवस्था की रीड है, भविष्य नवनिर्माता है। परन्तु हमारा खुद का भविष्य गर्त में समता दिख रहा है। कोई भी सरकार सता मे आने के पूर्व हमारे उज्जवल भविष्य की हसीन सपने दिखाती है। हमारी भावनाओं के साथ खेलती है और सत्ता मे आते ही हमें सरकारी तंत्र के फाइलो के चक्रव्यूह में फसा कर रख देती है। हम सहायक अध्यापक पूरी अहर्ता रखते है



सहायक आचार्य बनने की। क्योंकि सर्वोच्य न्यालय द्वारा यह साफ स्पष्ट कर दिया गया है की 2010 से पहले नियुक्त पारा शिक्षकों पर टेट परीक्षा लागू नहीं होती है। इसलिए सरकार तमाम आकलन सफल सहायक अध्यापकों को सहायक आचार्य मे शामिल होने का मौका दे। साथ ही चुनाव से पूर्व किए हुए अपने वादा सहायक अध्यापकों को वेतनमान देने का वादा पूरा करे एवं तमाम तरह के सहायक अध्यापकों का छोटे -छोटे अनेक समस्या जैसे -आकलन त्रुटि, आकलन प्रमाण पत्र, दूसरे आकलन का जल्द आयोजन, शहरी क्षेत्र के चिकित्सा अवकाश, 4 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी, 2021 के उपरांत मृत सहायक अध्यपको के आश्रित परिजनों को एक मुस्त 5 लाख की राशि, अनुकम्पा का लाभ, 2021 के बाद सेवानिवृत्ति साथियो को 4लाख की एकमुस्त राशि आदि प्रदान करे। अगर इन तमाम समस्याओं का समधान जल्द सरकार नहीं करती है तो मजबूरन लोक सभा चुनाव के उपरांत सहायक अध्यापक बदले हुए मूड मे नजर आएंगे जोरदार आंदोलन करने पर विवस होंगे। उक्त बातो की जानकारी आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री ऋषिकांत तिवारी ने दी।

# जमारी के लोगों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय बदला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत घासीदाग पंचायत के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का अपना निर्णय बदल दिया है। ग्रामीणों का यह बदलाव वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव के अथक प्रयास का नतीजा है। यहां बताते चलें कि जमारी गांव प्रखंड व जिला मुख्यालय से सड़क मार्ग द्वारा नही जुड़ा हुआ है। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने सड़क नही तो वोट नहीं के नारे के साथ प्रदर्शन करते हुए इस बार लोक सभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का फैसला लिया था.जिसका खबर प्रभात खबर ने छः मई के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित भी किया था। इस खबर को भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने गंभीरता से लिया। श्री यादव गुरुवार को जमारी गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात करते हुए निर्णय बदलने का आग्रह किया। गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने का आश्वासन भी दिया। कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम के तीसरी बार जीतते ही गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने का पहल और प्रक्रिया शुरू हो जायेगा। जिसके बाद ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का फैसला बदल दिया। इतना ही नहीं श्री यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मतदान करने का संकल्प भी लिया। धर्मदेव सिंह यादव ने दावा किया कि जमारी गांव के लोग भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम को अपना समर्थन दे दिया है। उन्होंने ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए गांव के विकाश में महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वाहन भी किया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### जमीन कारोबारी ने की आत्महत्या

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के सिल्वर डेल अपार्टमेंट में रहने वाले एक जमीन कारोबारी ने आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार की सुबह की है। इसकी पहचन कृष्ण कुमार सिन्हा के रुप में हुई है। कृष्ण कुमार सिन्हा जब परिजनों को मालूम हुआ तब आनन फानन में कृष्ण कुमार सिन्हा को आर्किड अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल बल के साथ सिल्वर डेल अपार्टमेंट पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। मृतक कृष्ण कुमार सिन्हा के बारे में आसपास के लोगों ने बताया कि जमीन घोटाले मामले में ईडी ने कृष्ण कुमार सिन्हा को नोटिस भेजा था। यह मामला कुछ दिन पहले की है। जिसके बाद से ही कृष्ण कुमार सिन्हा दबाव में रहने लगा। जिसके बाद वह बहुत कम लोगों से बातचीत करने लगा। वहीं, आत्महत्या के पीछे के सही करण अबतक मालूम नहीं चल पाया है। लालपुर थाना की पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

### देशहित के लिए समर्पित हैं मोदी, प्रचंड बहुमत से लौटेंगे : रामटहल

**रांची।** पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामटहल चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश हित के प्रति पूरी तरीके से समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के कारण न केवल राष्ट्रीय स्तर पर देश में सभी लोगों का समन्वित और संतुलित विकास हो रहा है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की नयी पहचान बन रही है और देश की छवि सुदृढ़ हुई है। आज रांची लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय सेठ एवं खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान चौधरी ने कहा कि सबका साथ और सबका विकास केवल कहने का नारा नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को सत्य प्रमाणित कर दिया है।

# ब्राउन शुगर सप्लायर समेत छह गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आसन्न लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मादक द्रव्यो की बरामदगी एवं इसके अवैध कारोबारियो के विरूद्ध कारगर कार्रवाई के दृष्टिकोण से चले रहे लगातार छापामारी के फलस्वरूप वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची चंदन सिन्हा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर नगर पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार मेहता के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा अंजुमन कॉलोनी स्थित नावेद अली अंसारी के घर पर अवैध मादक द्रव्य पदार्थ का सुनियोजित एवं सगठित तरीके से भंडारण, पैकेजिंग एवं वितरण हेतु तैयारी कर रहे टीम को रंगे हाथ टीम के द्वारा पकड़ा गया है। इस कार्रवाई में छह युवको को रंगे हाथ पकड़ा गया है। मौके से तीन अपराधी भागने में सफल हो गए। जिनकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। बाउन सुगर का भडारण, पैकेजिंग एवं वितरण हेतु तैयारी कर रहे छह अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**गिरफ्तार आरोपी:** नावेद अली अंसारी अंजुमन कॉलोनी कोनका रोड , विक्की उर्फ दानिश कर्बला चौक,फैजान अली इमारत सरिया, डोमटोली, मो0 शाहिल आलम उर्फ राज, पथलकूदवा चौक सावन खॉन उर्फ अरसलान कर्बला, नगर चिशितया तालाब पट्टी ,शहनवाज उर्फ राजा डोमटोली इमारत सरिया सभी थाना लोअर बाजार थाना।

**बरामदगी:** ब्राउन सुगर 15.25 ग्राम, ब्राउन सुगर की बिकी का पैसा 36,840.00 रू मात्र (छतीस हजार आठ सौ चालीस रूपया मात्र), मोबाईल फोनः-06

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी:** 1 के वी रमन, पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची दयानन्द कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, लोअर बाजार , पुअनि संजीव कुमार, प्रभारी खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार,पुअनि सुधीर बाड़ा लोअर बाजार,पुअनि हीरालाल महतो लोअर बाजार थाना,पुअनि आकाश सिंह ,सअनि मंटू सिंह, खादगढ़ा टी ओ पी, सअनि भीम सिंह, खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार थाना के रिजर्व गार्ड सशस्त्र बल शामिल थे।

## कांग्रेस की मानसिकता देश को तोड़ने और समाज को बांटने की : प्रतुल शाहदेव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने की बात की है और समाज में नफरत के बीज बोने का काम किया है। कांग्रेस की काली करतूतों से देश की जनता पहले ही वाकिफ है। कांग्रेस पहले देश-विदेश में देश का अपमान करती थी, देश को बदनाम करती थी लेकिन अब तो भारतवासियों का भी अपमान करने लगी है। प्रतुल ने कहा कि अब राहुल गाँधी के गुरु और उनके राजनीतिक सलाहकार कहे जाने वाले सैम पित्रोदा जोकि वर्षो से कांग्रेस की ओवरसीज सेल के अध्यक्ष भी रहे हैं, ने 140 करोड़ भारतीयों पर नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी की है। प्रतुल ने तंज कसते हुए कहा कि अंकल सैम ने कहा है कि दक्षिण भारत के लोग अफ्रिकन जैसे दिखते हैं, नॉर्थ-ईस्ट भारत के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिमी भारत के लोग अरब के लोग जैसे दिखते हैं और उत्तर भारत के लोग अंग्रेज जैसे दिखते हैं। प्रतुल ने कहा कि ये केवल सैम पित्रोदा का बयान नहीं है बल्कि पूरी कांग्रेस पार्टी की सोच है। लोक सभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी सैम पित्रोदा के बयान का समर्थन किया है। वैसे भी सैम पित्रोदा ऐसे कुछ नहीं बोलते बल्कि वे तो कांग्रेस की नीति को ही उजागर करते हैं। प्रतुल ने आरोप लगाया कि सैम पित्रोदा का इस्तीफा महज एक राजनीतिक ड्रामा है। क्या कांग्रेस सैम पित्रोदा को पार्टी से बर्खास्त करने की हिम्मत दिखायेगी?

**झारखंड में मुख्यमंत्री का आदेश भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए सिर्फ आईवॉशः** प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार के अवर सचिव द्वारा मंत्रिमंडल निगरानी विभाग के प्रधान सचिव को 15- 11- 2023 को पत्र लिखकर वीरेंद्र राम के ऊपर प्राथमिकी करने के संबंध में पत्राचार किया गया था। ईडी ने राज्य सरकार को इस विषय पर 8 मई ,2023 को ही पत्र लिखकर मुकदमा दर्ज करने को कहा था। प्रेस वार्ता में प्रतुल ने पत्र की प्रति दिखाते हुए जानना चाहा कि 6 महीने बाद भी मुख्यमंत्री की सहमति मिलने के बाद भी किन परिस्थितियों में मंत्रिमंडल निगरानी विभाग ने प्राथमिकी से संबंधित संचिका को दबा दिया? प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को स्पष्ट करना चाहिए कि जब पत्र में मुख्यमंत्री की सहमति का जिक्र है तो क्या उस समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीरेंद्र राम के दबाव में मौखिक आदेश देकर प्राथमिकी दर्ज करने से रुकवा दिया था। इस मौके पर तारीख इमरान,अशोक बड़ाइक उपस्थित थे।

## नगड़ी प्रखंड में यशस्विनी सहाय के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने हटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगड़ी प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर अजय नाथ शाहदेव ने कहा की यशस्विनी सहाय युवा, शिक्षित, ऊर्जावान उम्मीदवार हैं। आप सभी अपना आशीर्वाद अपने बहुमूल्य वोट के रूप में देकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। जनसंपर्क अभियान में नगड़ी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सहावीर लोहरा, महिला अध्यक्षा ऊषा देवी, कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के सैंकड़ों कार्यकर्ता, ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा का मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चाय पर चर्चा चला




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कांके रोड शास्त्री नगर बृजभूमी अपार्टमेंट में वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे के नेतृत्व में ÷मतदाता जागरूकता अभियान÷के तहत चाय पर चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित थे। वहीं अतिथि के रूप में रांची लोकसभा के प्रत्यासी संजय सेठ,पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, ब्रह्मकुमारी संस्थान पिठौरिया कि संचालिका बी के राजमती, पंकज वत्सल, किशोर साहू,राजीव रंजन मिश्रा,सुनील गुप्ता एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सम्मानित वोटरों को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकार से रूबरू करने का था। इसके आधार से हम सभी एक अच्छे प्रतिनिधि को चुन कर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में रीता दुबे, डॉ रेणु सिंह, रीता सिंह, रंजिता पांडेय, एव अन्य कई जागरूक मतदाता गण उपस्थित थे।

## नगर निगम ने होल्डिंग टैक्स भरने को लेकर दी बड़ी राहत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नगर निगम रांची के लोगों के लिए खबर है। नगर निगम ने होल्डिंग टैक्स भरने को लेकर बड़ी राहत दी है। इन राहत में महिलाएं, सीनियर सिटीजन, दिव्यांग, भारतीय सेना के जवान और ट्रांसजेंडर को शामिल किया गया है। इन लोगों को एकमुस्त होल्डिंग टैक्स जमा कराने पर एक्सट्रा डिस्काउंट देने की योजना बनायी गयी है।

नगर निगम सफाई, स्ट्रीट लाइट, डेवलपमेंट, फॉगिंग, पीने का पानी समेत अन्य सुविधाएं देने के एवज में होल्डिंग टैक्स वसूलती है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 30 जून 2024 तक होल्डिंग टैक्स एकमुस्त ऑनलाइन- ऑफलाइन माध्यम से भुगतान करने पर टैक्स की राशियों पर अधिकतम 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं, रांची नगर निगम के जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से भुगतान करने पर टैक्स पर 7.5 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसके साथ ही यदि आप होल्डिंग टैक्स जमा करने वाले नगर निगम की बनायी हुई कैटिगरी यानी महिलाएं, सीनियर सिटीजन, दिव्यांग, भारतीय सेना के जवान और ट्रांसजेंडर में है, तो अपको इसमें 5 प्रतिशत तक की अगल से छूट दी जाएगी। मतबल नगर निगम की बनायी हुई कैटिगरी वाले लोगों को कुल मिलाकर 15 प्रतिशत तक के छूट की सुविधा प्रदान की गयी है।

## क्षेत्रीय ताकत व राष्ट्रीय सोच के साथ बड़े परिणाम देने की दिशा में एनडीए मजबूती से आगे बढ़ रहा है : सुदेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** क्षेत्रीय शक्ति और राष्ट्रीय सोच के साथ बेहतर समन्वय बनाकर लोकसभा चुनावों में बड़े परिणाम देने की ओर एनडीए मजबूती से आगे बढ़ रहा है। रांची समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर आपसी समझदारी और साझेदारी से हमारे सभी कार्यकर्ता एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे। उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित पार्टी केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एनडीए की बैठक में कही। मौके पर रांची लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ मुख्य रूप से उपस्थित रहें। इस बैठक में रांची लोकसभा अंतर्गत कांके, हटिया, रांची और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव देश के विकास और भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरफ 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के साथ 24म7 काम करने वाले प्रधानमंत्री मोदी हैं तो दूसरी तरफ नेतृत्वविहीन इंडी गठबंधन है। इस अवसर पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव राजेंद्र मेहता, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, महिला जिलाध्यक्ष बीणा देवी, भरत काशी, जितेंद्र सिंह, बनमाली मंडल, डॉ अशोक नाग, पार्वती दवी, वर्षा गाड़ी, रामजीत गंझू, पारस उरांव, रामधन बेदिया, जिप सदस्य सरिता देवी, अशुतोष तिवारी, परवाज खान सहित कांके, खिजरी, रांची तथा हटिया विधानसभा के केंद्रीय, जिला, तथा प्रखंड पदाधिकारी भी उपस्थित थे। भारतीय जनता पार्टी से रांची विधानसभा संयोजक संजीव विजयवर्गीय, अजय मारू, प्रदीप सिन्हा, सीमा शर्मा, रौशन खलखो, रामकुमार पाहन इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## विष्णु अग्रवाल का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ फोटो वायरल पर झामुमो का हमला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रांची में थी। वित्त मंत्री फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स का आयोजित 'बेहतर झारखंड' कार्यक्रम में शामिल हुई थी। इस कार्यक्रम में वितमंत्री ने राज्य का पिछड़ा बताकर झारखंड सरकार को आड़े हाथ लिया। लेकिन कार्यक्रम में जमीन घोटाले के एक आरोपी के साथ निर्मला सीतारमण की फोटो वायरल होने के बाद झारखंड भाजपा विवादों में आ गयी। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद झामुमो ने -प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर भाजपा को आड़े हाथों लिया है। दरअसल, सेना के जिस जमीन मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन समेत कई लोग जेल की सलाखों के पीछे हैं, उसी मामले के एक आरोपी कारोबारी विष्णु अग्रवाल भी हैं। इन्हीं विष्णु अग्रवाल के साथ देश के वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के साथ तस्वीर वायरल हुई है।बता दें कि पिछले साल जब रांची के बरियातू स्थित सेना के जमीन घोटालों में एक के बाद एक कई बड़े नामों का खुलासा हो रहा था, उसी क्रम में कोलकाता के कारोबारी विष्णु अग्रवाल का नाम भी सामने आया था। ईडी के द्वारा उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। इस वक्त वह जमानत पर जेल से बाहर हैं। झामुमो ने पोस्ट कर लिखा यहाँ दलील भी मोदी का, वकील भी मोदी का, अपील भी मोदी का और आज तस्वीर साफ़ हो गया कि मुवक्किल भी मोदी का ही है। हम नहीं पूछेंगे कि ये रिश्ता क्या कहलाता है ।

## रामहरि गोप ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के रांची लोकसभा प्रत्याशी धी. रामहरि गोप ने गुरुवार को सुबह 6ः30 बजे अपने साथियों के साथ मोटर साइकिल से हटिया विधनसभा के रातू ब्लॉक अन्तर्गत कई ग्राम पंचायत में सुबह-सुबह जनसंपर्क अभियान चला कर कोट छाप में वोट देने का जनता से अपील किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक पांच साल में हम सिर्फ वोट देने है उसके बदले में क्या मिला ग्रामीण काफी उग्र है बीजेपी और महागठबंधन से तभी लोस प्रत्याशी धी. रामहरी गोप ने कहा हार एक समस्या का समाधान एपीआई के पॉलिसी में पहले से किलियार है। गरीबी से मुक्ति पाना है तो अपना वोट से ही समाधान कर सकते हैं। एपीआई के 80 नीतियों में इस चीज का जिक्र किया गया है की देश में गरीब को मध्य अमीर बनाने का संकल्प एपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीमान विजय सर ने लिखित रूप से देश में पहले ही इसका क्लियर कर चुका है। मौके पर रांची जिला के एपीआई पदाधिकारी संदीप मुंड भी उपस्थित थे।

### डीएस रमेश ने ओरमांझी प्रखण्ड के बूथों का निरीक्षण किया

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त सामान्य प्रेक्षक, 08-रांची ससंदीय क्षेत्र डीएस रमेश द्वारा 09 मई 2024 को 62-खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ओरमांझी प्रखण्ड के चकला, बारीडीह एवं पांचा स्थित बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचलाधिकारी नितिन शिवम गुप्ता एवं सभी बीएलओ उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## जमीन कब्जा और रंगदारी की योजना बना रहे तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के मोजाहिद नगर क्षेत्र में कुछ अपराधी एकत्रित होकर अपराध की योजना बना रहे थे। इस सूचना के सत्यापन एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक नगर, रांची राजकुमार मेहता के नियंत्रण में पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, राँची प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम गठित कर एक घर में छापामारी किया गया, जहाँ तीन व्यक्ति को पाया गया। और उन सभी का बारी-बारी से नाम पता पूछताछ किया गया तो अपना नाम मो रियासत मुजाहिद नगर, मो0 चाँद उर्फ मुजाहिद नेजाम नगर, खेत मोहल्ला और बाबर उर्फ गुगन नेजाम नगर बताया। इसके बाद सभी का बदन तलाशी लेने पर मो0 रियासत के पास एक देशी कट्टा और बाबर उर्फ गुगुन के पास 01 जिन्दा गोली और चाकू बरामद हुआ। मो0 रियासत के द्वारा बताया गया कि ये लोग यहीं डकैती का योजना बना रहे थे और ये हथियार कुछ दिन पहले मो0 सज्जाद के द्वारा इनको घर में छिपा के रखने के लिए दिया गया। घटनास्थल से अरमान भागने में सफल हुआ। इसके बाद घर से मो0 सज्जाद को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आगे पूछताछ करने पर बताया गया कि ये लोग इन हथियार के माध्यम से हिन्दपीढ़ी क्षेत्र में अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा करने एवं लोगों से रंगदारी वसूलने का काम करते हैं।

इस उद्भेदन में हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी बाबू राम भगत, मनोज कुमार सुखदेव नगर सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

## पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान को लेकर विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान को लेकर विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 207 में आयोजित बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, वरीय पदाधिकारी मतपत्र एवं इटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 में आवश्यक सेवा के चिन्हित विभागों के अनुपस्थित मतदाताओं के पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के बारे में जानकारी दी गयी। कोषांग के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए आवश्यक सेवा के चिन्हित विभागों के मतदान कार्य में लगे अनुपस्थित मतदाताओं की वोटिंग दिनांक 06 मई 2024 ये करायी जा रही है। वर्तमान में 4 लोकसभा क्षेत्र 10-सिंहभूम, 11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13-पलामू के लिए प्रपत्र-12 एवं प्रपत्र-12 'घ' भेजा गया है। सिंहभूम के लिए 256, खूंटी के लिए 1814, लोहरदगा के लिए 2883 और पलामू के लिए 850 प्रपत्र-12 एवं प्रपत्र-12 'घ' भेजा गया है।

**पोस्टल बैलेट के माध्यम से निम्न स्थानों में हो रही है वोटिंग**

सुविधा केन्द्र हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी, राँची में चालक, उपचालक, सफाईकर्मी आदि की वोटिंग करायी जा रही है।

सुविधा केन्द्र राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके, राँची में मतदान दल कर्मी, मतदान में अनुपस्थित रहने वाले कर्मी, पदाधिकारी एवं अन्य की वोटिंग करायी जा रही है।

सुविधा केंन्द्र पुलिस लाईन, राँची में पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, जो ड्यूटी में रहेंगे एवं मतदान के दिन अनुपस्थित रहेंगे, उनका मतदान कराया जा रहा है।

मतदान सुविधा केन्द्र रांची समाहरणालय, ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-204 में वोटिंग करायी जा रही है।

08-लोकसभा रांची के लिए कुल 7,365 कर्मी, 3362 पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल, 137 बीएलओ, 169 चालक/उपचालक/ सफाईकर्मी जो मतदान के दिन अनुपस्थित रहेंगे, उनका पोस्टल बैलेट के माध्यम से सुविधा केन्द्र में मतदान कराया जायेगा।

रांची जिला में 223 वरिष्ठ मतदाता (85+) एवं 99 दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग करायी जायेगी। इसके अलावे अन्य जिलों में कार्यरत 08-राँची लोकसभा के 2996 मतदाता कर्मी, 840 पुलिस बल, आवश्यक सेवा के 96 मतदाता, सरायकेला के 76 वरिष्ठ मतदाता एवं 68 दिव्यांग का स्क्रूटनी कार्य चल रहा है।

## जल्द बाजी में हाजियों को भेजना गहरी साजिश : डॉ इरफान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हज यात्रा 2024 को लेकर डॉक्टर इरफ़ान अंसारी ने भाजपा सरकार को घेरा।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार तीसरे चरण में ही हार स्वीकार कर चुकी है।इसलिए देश के लाखों हज यात्री के लिए तुग़लकी फ़रमान जारी किया है।हज में पर्याप्त समय है,इसके बावजूद हज यात्रियों को वोट से वंचित कर उन्हें पहले से भेज दिया जा रहा है।लाखों लोग हज में जाएंगे उनके वोट नहीं दे पाने का सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा।हर के डर से मोदी इतना घबरा चुके है की मुस्लिम समाज को वोट नहीं देने की ग़लत ग़लत तरकीब निकाल रहे है।मैं पूछना चाहता हूँ भाजपा वालों से आज इतनी हमदर्दी कहाँ से आ गयी हमारे हज यात्री के लिए की वक्त से पहले भेजने का फ़रमान जारी कर दिए,पिछले वर्ष जब हमारे यात्री की फ़्लाइट रद्द कर दी गयी उस वक्त कहाँ थे।कई बार गुहार लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई थी।दस दस दिन तक लाखों लाख लोग परेशान रहे। उन्होंने इस मामले को राहुल गांधी के संज्ञान में दिया है।डॉक्टर इरफ़ान अंसारी ने कहा की मुस्लिम वोट को भगाया जा रहा है, लाखों लाख लोग मतदान नहीं कर पाएँगे जिससे पोलिंग प्रतिशत कम होगा।मैं मांग करता हूं चुनाव आयोग से की कृपया संज्ञान लेकर हज में जाने वाले यात्रियों की तिथि मतदान के बाद निर्धारित की जाए।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी कालीचरण मुंडा के समर्थन में निकाला गया मोटर साइकिल रैली



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार कर्रा प्रखंड के लोधमा, चंदापारा, तुमना, सिरका, मुरहू महुवा टोली, काटमकुकू, चंगाटोली, हल्दीगढ़ा पदमपुर, सावड़ा सहित अन्य गांव में महागठबंधन के प्रत्यासी कालीचरण मुंडा के समर्थन में मोटर साइकिल रैली निकाला गया. मोटर साइकिल रैली के दौरान इंडिया गठबंधन जिन्दाबाद, जिन्दाबाद, कालीचरण मुंडा जिन्दाबाद जिन्दाबाद, हेमंत सोरेन जिन्दाबाद जिन्दाबाद, राहूल गांधी जिन्दाबाद जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए गांव-गांव में लोगों से जन सम्पर्क अभियान चलाकर महागठबंधन के प्रत्यासी कालीचरण मुंडा को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने के लिए क्रम संख्या दो के चुनाव चिन्ह हाथ छाप में वोट देने कि अपील किया गया. वही सही तरीके से मतदान करने के लिए जानकारी दिया गया. इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजीव परधिया, वरिष्ठ कांग्रेसी केडी गुरू, झामुमो वरिष्ठ कार्यकर्ता महादेव मुंडा, शिबू होरो, झाममो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज,परवेज खान,सुशील संगा, इगनेश होरो, नशीम अख्तर, रामसिंह भगत, टाना भगत, भोला खान,सागर महली,विक्रांत केरकट्टा, मेजर जोर्ज धान, अमित धान, अनील तोपनो, राजा खान, छोटू खान के अलावे अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जमीअत उल इराकीन छोटा नागपुर देही हल्का ने इंडिया गठबंधन को दिया अपना समर्थन




**ईटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को जमीअत ऊल इराकीन दक्षिणी छोटानागपुर देही हल्का का बैठक इस्लाहूल इराकीन कमिटी हॉल ईटकी में जमीयत ऊल इराकीन के अध्यक्ष जावेद अख्तर व जमीयत ऊल इराकीन के सचिव परवेज आलम के संयुक्त नेतृत्व में किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से आगामी लोकसभा चुनाव में वर्तमान स्थिति को देखते हुए जमीअत ऊल इराकीन दक्षिणी छोटा नागपुर देही हल्का ने मतदाता जागरूकता के साथ-साथ जमीयत के इलाके में आने वाले तीनों लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन का समर्थन किया जाएगा. जिसमें लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से सुदर्शन भगत, रांची से यशस्विनी सहाय, व खूंटी से कालीचरण मुंडा को सभी इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देते हुए मतदान करने का निर्णय लिया गया. साथ ही साथ सभी जमीअत ऊल इराकीन दक्षिणी छोटा नागपुर देही हल्का के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा गया की आप सभी अपना- अपना क्षेत्र में तन, मन, धन से मेहनत करे और इंडिया गठबंधन के तीनों प्रत्याशियों को भारी से भारी मतों से विजय बनाये. मौके पर मुख्य रूप से हाजी खुर्शीद, मो अकील अहमद, मो तफज्जुल मो ईम्बेसाद, हाजी मुस्लिम, मो शहाबुद्दीन, मो तौफीक, हाजी नसीम, शाकिर अली, मो गेयास, मो मुजीबुल्लाह, मो ऐहसान, मो शकील, हाजी मुर्तजा, जियाउर रहमान, जावेद सहित अन्य शामिल थे ।

## अपने घर, खेत-खलिहान, जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिये सुखदेव को वोट दें : बंधु तिर्की



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरूवार को पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि अपने घर, खेत-खलिहान, जल-जंगल-ज़मीन, देश और संविधान की रक्षा के लिये कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत की जीत को सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है. श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेसी ही आदिवासी पहचान, सम्मान और सही अर्थो में मुद्दे की बातों के सहारे चुनाव लड़ रही है. कांग्रेस ही देश को विकास के रास्ते पर ले जा सकती है जबकि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवल ध्रुवीकरण के बल पर सत्ता बरकरार रखना चाहते हैं. श्री तिर्की ने कहा कि आज देश में आदिवासी अस्मिता के साथ ही आदिवासी पहचान की स्थिति कायम रखने के साथ ही सभी जाति, धर्म और समुदाय में सद्भावना कायम रखने में कांग्रेस का ही हाथ है न कि किसी और का. लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत मांडर विधानसभा क्षेत्र के इटकी प्रखण्ड के इटकी बाजार टांड में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी से नेतृत्व में काम कर रही सरकार केवल आपसी भेदभाव, महंगाई, बेरोजगारी आदि को बढ़ावा देकर देश में एक वैसा वातावरण कायम करना चाहती है जिसका फायदा केवल और केवल प्रधानमंत्री के कुछेक उद्योगपति मित्रों को हो. श्री तिर्की ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने देश भर में जिस वातावरण को कायम कर दिया है उसका खामियाजा देश के आदिवासियों, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) अल्पसंख्यकों के साथ ही सभी लोगों को भुगतना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि आज यह देश की जरूरत है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस को विजय दिलायी जाये क्योंकि आज की लड़ाई केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक भी है और लोकतान्त्रिक व्यवस्था को बचाने के लिये है इसका दूरगामी प्रभाव हम सभी के भविष्य पर पड़नेवाला है. उन्होंने कहा कि भारत में आपसी सद्भाव, संप्रभुता, एकता, अखंडता आदि के साथ-साथ इस बात को भी सभी ध्यान में रखें कि कौन सरकार देश के सभी लोगों का समान विकास कर सकता है. इस अवसर पर अपने संबोधन में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासियों के स्वभाव में सच के लिये लड़ना है और उनके लिये यह चुनौती के साथ-साथ जीवन-मरण का प्रश्न भी है. श्री भगत ने कहा कि आज इटकी प्रखण्ड के साथ ही लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में सभी लोग सच्चे मन से लड़ने को तैयार हैं भले ही वह भाजपा का प्रत्याशी हो या उसके द्वारा खड़ा किया गया कोई नकली उम्मीदवार. श्री भगत ने कहा कि वैसी शक्तियों को पहचानने की जरूरत है जो आदिवासियों के साथ ही अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों के साथ ही सभी लोगों के बीच दीवार खड़ी करता है. इस अवसर पर अपने संबोधन में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव न केवल झारखण्ड बल्कि देश के ख्याल से भी बहुत चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि वैसी धर्मनिरपेक्ष सरकार की जरूरत है जो सभी को समान नजरिये से देखे. श्रीमती तिर्की ने कहा कि पिछले 10 साल में सभी ने वैसी जुमलेबाजी वाली सरकार देखी है जिसने केवल और केवल झूठे वायदे किये और लोगों के बीच में दीवार खड़ी की. महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त है और आज जब प्रधानमंत्री खुद जिस अंदाज़ और भाषा में भाषण देते हैं यह केवल टेलर है जो उनकी मंशा बताता है. उन्होंने कहा कि आज कोई भी समझ सकता है कि हमारे संविधान के साथ ही देश पर भी खतरा है और आरक्षण खत्म करने की साजिश की जा रही है.

## नया फिकॉन कीटनाशक किया गया लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छेदने वाले और चूसने वाले कीट भारत में कृषि फसलों के लिए एक बड़ा खतरा हैं, जो उत्पादकता और उपज में 35 से 40त की कमी के बराबर व्यापक नुकसान पहुंचाते हैं। भारत में किसान अब फ़िकॉन0 के साथ इस चुनौती का सामना कर सकते हैं, जो बीएएसएफ का एक नया कीटनाशक है। फ़िकॉन एक विशेष फॉर्मूलेशन में बीएएसएफ के नए सक्रिय घटक, एक्सालियन0 द्वारा संचालित है। नए आईआरएसी समूह 36 के तहत पेश किया गया एफ़िकॉन कीटनाशक एक अनूठा कीटनाशक है, जिसका मौजूदा उत्पादों के साथ कोई ज्ञात क्रॉस-प्रतिरोध नहीं है, जो इसे कीटनाशक प्रतिरोध के प्रबंधन के लिए एक बेहतर उपकरण बनाता है, क्योंकि इसका मौजूदा उत्पादों के साथ कोई ज्ञात क्रॉस-प्रतिरोध नहीं है।

# पानी की समस्या को देखते हुए सीसीएल प्रबधंन टेंकर से पहुंचा रहा है पानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित 172 माईर्न्स कॉलोनी मे मोटर जलने से उत्पन्न पेयजल आपूर्ति को देखते हुए स्थानीय सीसीएल प्रबधंन कॉलोनी मे टेंकर से पानी सप्लाई कर रही है।जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व कॉलोनी के बोरवेल मे लगा मोटर जलने के कारण कॉलोनी के करीब 40 क्वाटरो मे पेयजल आपूर्ति बाधित है।भीषण भरी गर्मी में कॉलोनी में पानी आपूर्ति बंद होने से कॉलोनी में रहने वाले सीसीएल कर्मचारियों के अलावा उसके आश्रितो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इधर



कॉलोनी मे उत्पन्न पानी की समस्या को स्थानीय सीसीएल प्रबंधन ने गंभीरता से लेते हुए तुरंत पानी का टैंकर कॉलोनी में सप्लाई करने का आदेश विभागीय अधिकारियों को दिया,इसके बाद कॉलोनी में टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है।सीसीएल प्रबंधन के द्वारा टैंकर के माध्यम से कॉलोनी में पानी सप्लाई किए जाने के बाद कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली। इस संबंध में कॉलोनी के लोगों ने बताया कि मोटर जलने के बाद से यहां पानी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है।

कॉलोनी के लोग इधर-उधर से पानी लाकर जीविका चला रहा है इसके बाद प्रबंधन से इसकी शिकायत की गई।वहीं प्रबंधन ने मोटर बनने तक टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करने का भरोसा दिया है।प्रबंधन के द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई किए जाने से लोगों को काफी राहत मिल रही है।कॉलोनी वासियों की नजर सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन पर टिकी हुई है। कॉलोनी के लोगों ने स्थानीय सीसीएल प्रबंधन से जल्द बोरवेल में मोटर बदलने की अपील करते हुए इस समस्या के समाधान करने की गुहार लगाई है।

## माइक्रो आब्जर्वर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक सभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्त माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण कोषांग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्य और दायित्वों से चर्चा करते हुए माइक्रो आब्जर्वर को पोल प्रोसेस, ईवीएम की कार्य प्रणाली एवं मतदान केंद्रों पर मतदान संबंधित गतिविधियों से अवगत कराया गया। माइक्रो आब्जर्वर के लिए 18 बिंदुओं वाला फॉर्मेट को भरने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रतिनियुक्त सभी 48 माइक्रो आब्जर्वर शामिल थीं। सभी माइक्रो आब्जर्वर महिला हैं। लोयला इंटर कॉलेज, खूंटी में आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में खूंटी के समान्य प्रक्षेक, डीसी नेगी पहुंचे और प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिया कि माइक्रो आब्जर्वर को कार्य एवं दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाय। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर के कार्य एवं दायित्व की चर्चा करते हुए कहा कि आप स्वतंत्र और भयमुक्त होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर को अपना मांबाइल नंबर देते हुए कहा कि मतदान केंद्र पर किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति में तत्काल संपर्क करें।माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार ओझा, श्रवण बारला, डीकेषश्वर पांडेय और अरविंद सुमन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में बुधवार से बदले मौसम से काफी राहत मिल रही है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है।जानकारी के अनुसार तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश से एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है।सुबह से ही पूरा इलाका बादलों की चपेट में आ गया, जिसके बाद तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश शुरू हुई।गुरुवार की अहले सुबह तेज हवा व बारिश के साथ कई जगहो पर ओलावृष्टि भी हुई,जिससे पूरे इलाके में ठंड जैसा माहौल बन गया है।वही तेज हवा और गरज के बीच बचरा के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई।अचानक मौसम में आयी बदलाव के बाद तापमान में भी गिरावट देखी गई।इस दौरान कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को भीषण



भरी गर्मी से भी राहत मिली है।मौसम में बदलाव के बीच क्षेत्र के चौक चौराहा एवं बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह से पुरे इलाके मे भीषण भरी गर्मी से लोग काफी परेशान थे।इस बीच मौसम में आयी बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली है।इधर बारिश के कारण क्षेत्र के ट्रांसपोर्टिंग सड़कों की सूरत बदल गई है।सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगा हुआ है जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीण इलाकों में कच्ची सड़क गीली हो गई है,जिसमे चलना चलना मुश्किल हो गया है।समाचार लिखे जाने तक कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी खुशनुमा व सुहाना हो गया है।

# लोक सभा चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने किया सिल्ली क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के अन्तर्गत बुधवार को आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सिल्ली क्षेत्र का दौरा किया। सिल्ली ग्राम विकास हाई स्कूल के समीप सैकड़ों की संख्या में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने अमर बाउरी को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात सिल्ली नायक टोला में एक सभा संबोधित किया।? सभा का संचालन विनय महतो धीरज ने किया। सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि मोदी के हर एक सपना को सकार करना है। मोदी गरीबों के उत्थान के लिए हमेशा आगे रहते हैं। उन्हें अपना बहुमूल्य वोट देकर उनके हाथों को मजबूत करना है। सभा का समापन मंडल अध्यक्ष विनोद साहू ने किया।

इसी क्रम में संत शिरोमणि रविदास की आदमकद प्रतीमा पर माल्यार्पण श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसी दौरान सिल्ली समाधान कार्यालय में प्रेस वार्ता किया एवं कहा कि मोदी एवं संजय सेठ को काफी समर्थन मिल रहा है और फिर से संजय सेठ सांसद चुने जाएंगे।इस मौके पर विधानसभा सहसंयोजक शंकर भगत जी, सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, सोनाहातू मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोइरी,राहे मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो,बारेंदा मंडल अध्यक्ष मनोज महतो, भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद साय,एस मोर्चा अध्यक्ष अंबुज रजक, ज्योति प्रसाद कोइरी, भगीरथ महतो, परिक्षित मंडल,कंचन सोनार, युधिष्ठिर महतो, पुर्णीमा सिंह देव,मनिष मेहता, शिवलाल महतो, भोलानाथ मांझी,सुधीर साहु, स्नेहलता कुमारी, मधुबाला,पंकज कुमार,मनोज महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में इनफॉरमेशन टेक्नॉलोजी (402) राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सीबीएसई द्वारा सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में इनफॉरमेशन टेक्नॉलोजी (402) विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। पूरे देश में सात स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 850 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ? विश्वजीत साहा (सीबीएसई के स्किल एजुकेषन एवं ट्रेनींग) ने सभा को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि कौशल शिक्षा यानी स्किल बेस्ड लर्निंग एनईपी2020 के सिद्धांतों के अनुरूप है और हम सभी को इसे अपने मौजूदा पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। श्रीमती शालिनी हरिसुख, डीपीएस आरके पुरम, नई



दिल्ली (कंप्यूटर विज्ञान संकाय) और श्रीमती लीला लखपाल, सेंट थॉमस स्कूल, द्वारका (कंप्यूटर विज्ञान संकाय) ने भी इस विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखें। सीबीपी का उद्घाटन प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने रिसोर्स पर्सन्स के साथ किया। इस सत्र में झारखंड और बिहार से 302 शिक्षकों ने भाग लिया। सत्र में प्रतिभागियों को कौशल आधारित शिक्षा के महत्व तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई प्रगति से अवगत कराया गया। सत्र का उद्देश्य आज के इस डिजिटल युग में डिजिटल ज्ञान प्राप्त करना, उसका प्रयोग करना तथा अपने कौशलों को निखारना है ताकि सभी इसका बखूबी प्रयोग कर सकें। सीबीएसई के स्किल एजुकेषन के जॉइंट सेक्रेटरी, श्री आर.पी. सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए, एनसीईआरटी पोर्टल पर सूचना प्रौद्योगिकी (402) की नई पुस्तकों की जानकारी दी। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने राष्ट्रीय स्तर के इस प्रकार के कार्यक्रम को विद्यालय में आयोजित करवाने के लिए सीबीएसई का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एनसीएफ, 2023 भी शिक्षकों को इस युग में डिजिटल ज्ञान प्राप्त करने तथा अपने कौशलों को बढ़ाने का पक्षधर है। अतः हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि हम समय के अनुसार खुद को अपडेट रखें तथा अपने कौशलों को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत रहे।

## भाजपा ने जनसंपर्क अभियान चलाया



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी खिजरी मंडल के विभिन्न पंचायत सौदाग हरदाग और हुड़वा में जनसंपर्क चलाया गया ।साथ ही साथ इन पंचायतो में बूथ समीक्षा भी किया गया। बुथ के सदस्यों के साथ बैठक कर चुनावी चर्चा किया गया। साथ ही साथ मोदीजी की जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी भी दिया गया। मौके पर पूर्व विधायक खिजरी सह विधानसभा संयोजक रामकुमार पाहन जी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह जी खिजरी विधानसभा विस्तारक धनंजय कुमार पांडे जी मोती सिंह बडाईक जय नाथ महतो निर्मल सिंह सोमरा कचछप गणेश तिगा महावीर सिंह बिंदिया जयपाल सिंह बिंदिया एवं अन्य लोग उपस्थित हुए ।

## झामुमो ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो ने लोकसभा चुनाव को लेकर तोरपा विधानसभा क्षेत्र के जरिया, बक्सपुर, गोविन्दपुर, उड़िकेल, डहकेला व लिमड़ा पंचायत के विभिन्न गांवों में इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी कालीचरण मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर जन सम्पर्क अभियान चलाया गया. जिसमें भाजपा सरकार के झूठे वादे, बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी व भ्रष्टाचारी व्यवस्था से लोगों को अवगत कराते हुए इंडिया गठबंधन के खूंटी लोकसभा प्रत्यासी कालीचरण मुंडा को वोट देने कि अपील किया. जिससे केन्द्र इंडिया महागठबंधन? कि सरकार बनाकर देश को फिर से विकास के रास्ते पर लाने कि बात कही गयी. इस मौके पर झामुमो के सैकड़ो कार्यकर्ता अलग - अलग क्षेत्र पर जन सम्पर्क अभियान चलाते देखे गये।

## भाजपा टाटीसिल्वे मंडल के कोर कमिटी की बैठक संपन्न




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कोर कमिटी की बैठक महिलौग स्थित मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो जी के कॉम्प्लेक्स में सम्पन्न हुआ।मुख्य अतिथि ने कहा की इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए हुआ है।परंतु देश स्वाभिमान व गौरवशाली इतिहास के लिए भाजपा के साथ है। इस बैठक में मुख्य अतिथि पुर्व विधायक रामकुमार पहान जी, पुर्व जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार चौधरी ,प्रभारी मनोज चौधरी,सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,महामंत्री अमित मिश्रा,रुद्रेश्वर राय,महेंद्र महतो,श्रीदाम सिंह मुंडा,माधुरी देवी,राम चरण पाहन,गिरिधर मिश्रा,गोरखनाथ सिंह,सैनाथ महतो,रुसु महतो,राजेश यादव इत्यादि के साथ पदाधिकारी एव कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा मे चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद ने मतदान के प्रति जागरूक होने के लिए अभिभावको को शपथ दिलाया और उन्हे मतदान करने के लिए प्रेरित किया।इस अभियान के तहत विधालय मे कक्षा नवम और दशम के छात्र-छात्राओ से अभिभावको को मतदान करने के लिए पोस्ट्रकार्ड के माध्यम से पत्र लिखवाया गया।कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के सभी लोगो से अधिक से अधिक मतदान करने, सभी बुथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया,साथ ही मतदाताओ को उनके अधिकार के बारे मे जानकारी दी गई।चुनाव का पर्व देश का गर्व के तहत कक्षा नवम और दशम के छात्र-छात्राओ के लिए श्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमे बच्चे बढ़ चढ़कर भाग लिया।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद,एके लाल, सीएस सिंह,एपी द्विवेदी, एसके पाण्डेय,शाहिद अंसारी सहित स्कूल के सभी शिक्षक,बच्चे और अभिभावक मौजुद थे।

## नगर भ्रमण के साथ मंडा पूजा शुरू

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर भ्रमण के साथ ही इटकी में गुरुवार को मंडा पूजा शुरू हो गया। पूजा के उपासकों द्वारा नगर भ्रमण के अलावा धुँआसी, लोटन सेवा व पूजा का मुख्य अनुष्ठान फूलखुन्दी किया गया। देर रात



संपन्न फूलखुन्दी अनुष्ठान के तहत पूजा के पटभोक्ता छोटू लोहरा व पुजारी पंचम दास के नेतृत्व में उपासकों द्वारा नंगे पांव लहलहाते आग के अंगारों पर चल कर पूजा की सत्यता की परीक्षा दी गयी।इसे देखने के लिए शिव मंदिर के समीप काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। पूजा के आयोजन को लेकर मंडा पूजा आयोजन समिति के संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, देवेंद्र महतो, मनोज लोहरा, बजरंग लोहरा, मंगल लोहरा, राम लोहरा, संजय महतो, पंचम महतो के अलावा अन्य सदस्य सक्रिय रहे । कल 10 मई को मंडा मेला व झूलन अनुष्ठान के बाद पूजा का समापन होगा ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पुलिस ने संयुक्त छापामारी कर कुर्ला एक्सप्रेस से करीब 17 किलो गांजा बरामद किया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटानगर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त छापामारी कर कुर्ला एक्सप्रेस से करीब 17 किलो तीन सौ ग्राम गांजा की बरामद किया गया है। वही इस गांजा बरामदी में किसी के भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। टाटानगर के जीआरपी प्रभारी राम प्यारे राम ने बताया की गुप्त मिली थी कि कुर्ला एक्सप्रेस से किसी आदमी के द्वारा ट्रॉली बैग में पैसा ले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ पुलिस ने सयुक्त टीम बना कर मुम्बई जाने वाले कुर्ला एक्सप्रेस के बोगी नंबर बी3 के सीट नंबर 9 में छापामारी की गई,लेकिन उस सीट पर कोई आदमी नही मिला। वही छापामारी से पूर्व ही जो लोग बैठे थे भाग चुके थे। जब पुलिस के द्वारा वहां तलाशी ली गई तो दो ट्रॉली एक कला बैग मिला, जब मजिस्ट्रेट के सामने बेग खोला गया तो उसमें 17 किलो तीन सौ ग्राम गांजा मिला, जिसका बाजार मूल्य तीन लाख 45 हजार है। जिस नाम से सीट बुकिंग की गई थी उसका नाम फिरोज है जिसको लेकर जीआरपी पुलिस के द्वारा छापामारी की जा रही है।

## औद्योगिक क्षेत्र के कामगारों के बीच जोबा मांझी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चला

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने गुरुवार को आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में कामगारों के बीच इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 4 जून को इंडिया गठबंधन सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने उपस्थित कामगारों को इंडिया गठबंधन सरकार के गठन के बाद होने वाले लाभ जैसे- गृहलक्ष्मी योजना जिसके तहत महिलाओं को 1 लाख रूपये सलाना, युवाओं को पहली नौकरी गारंटी 1 लाख सलाना, 25 लाख तक का मुफ्त ईलाज, कानूनी एमएसपी , शिक्षा के लिए ऋष्ा आदि पर राहत सहित अन्य लाभकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार सभी वर्गो की बराबरी एवं हिस्सेदारी सुनिश्चित देगी। इस मौके पर मुख्य रूप से विजय झा, सुधीर कर्मकार, दीपक दंडपात, विनोद कुमार, जियाउल हक, दयानिधि नायक, अरमान गोप, भृगु राम, नागेंद्र गिरी सहित कई कामगार उपस्थित थे।



## पटमदा इंटर कॉलेज में मनी रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में गुरुवार को कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती प्राचार्य अरुण कुमार की अध्यक्षता में मनाई गई। मौके पर उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने कविगुरु की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। प्राचार्य ने रवींद्रनाथ की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन दर्शन, शिक्षा दर्शन, शैक्षिक विचारों का आधार एवं शिक्षा उद्देश्य के बारे में सभी विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारियां दी। कार्यक्रम को व्याख्याता गुरुपद महतो व सोनू भकत ने भी संबोधित किया। मौके पर अमित कुमार महतो, प्रभाष चंद्र महतो, सावित्री महतो, कवि गोराई, रवींद्र रुहिदास, हीरालाल महतो, रेखा महतो एवं वंदना कुमारी, शिक्षकेत्तर कर्मचारी वीरेंद्र नाथ महतो, हीरालाल महतो व कृष्ण प्रसाद महतो आदि मौजूद थे।



## सीतारामडेरा भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिद्युत महतो के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किशोरी नगर एवं छाया नगर के क्षेत्र में पदयात्रा कर पिछले दस वर्षो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं जमशेदपुर के सांसद बिद्युत महतो द्वारा किए गए विकास कार्यो एवं प्रयासों को जनता के समक्ष रखकर उनसे भाजपा के पक्ष में मतदान करने एवं बिद्युत महतो को विजयी बनाने की अपील की। अभियान के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता पवन अग्रवाल, टुनटुन सिंह, मिथलेश साव, संतोष कुमार, रंजीत सिंह, अरुण मिश्रा, सतनाम सिंह, सजल भट्टाचार्य, उमेश साव, विकास दास, गौरव साहू, अतुल प्रभात, रामचंद्र प्रसाद, भगवान प्रसाद, नवीन शर्मा, ओम कश्यप, धर्मेंद्र प्रसाद, समेत बूथ एवं शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता शामिल रहे।



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय भाषा में मतदाताओं को किया गया जागरूक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा । 25 मई शनिवार को वोट करेगा जमशेदपुर थीम पर आधारित नुक्कड़-नाटक का आयोजन शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। नुक्कड़- नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किसी प्रकार के प्रलोभन में ना आकर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव ने कहा कि स्थानीय भाषा में मतदान के प्रति प्रचार-प्रसार कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा। रोचक तरीके से मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी पहुंचाई जा रही। चुनाव आयोग द्वारा बनाये गए विभिन्न एप की भी जानकारी दी जा रही जिससे मतदाता घर बैठे अपने कैंडिडेट के बारे में नो योर कैंडिडेट एप से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । उसी प्रकार 1950 टोल फ्री नंबर, वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप आदि की भी जानकारी दी जा रही ताकि मतदाता पूरी चुनावी प्रक्रिया से अपडेट रहते हुए बड़ी संख्या में मतदान करने बूथ तक पहुंचें ।



*जमशेदपुर रेलवे कोर्ट से बेल मिलते ही आदिवासी कुड़मी समाज के केन्द्रीय महासचिव ने कहा,*

# केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ कुड़मी समाज करेगा मतदान

- बंगाल में समाज ने 6 कैंडिडेट को उतारा
- झारखंड एवं उड़ीसा में तीसरा विकल्प पर हो रहा विचार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** जमशेदपुर रेलवे कोर्ट से बेल मिलते ही आदिवासी कुड़मी समाज के केन्द्रीय महासचिव सह अधिवक्ता सुनील कुमार गुलियार ने गुरुवार को केंद्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ कुड़मी समाज द्वारा मतदान करने का घोषणा किया। मालूम हो कि श्री गुलियार के नेतृत्व में 20 दिसम्बर 2023 को नीमडीह रेलवे स्टेशन पर रेल टेका व डहर छेंका कर कुड़मी समाज को आदिवासी का दर्जा देने सहित कई मांगों पर आंदोलन किया गया था। आदिवासी कुड़मी समाज के केंद्रीय महासचिव अधिवक्ता सुनील कुमार गुलिआर सहित अन्य पर रेल पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया था। जिसमें समाज के केंद्रीय महासचिव अधिवक्ता सुनील कुमार गुलिआर को बेल रेलवे कोर्ट जमशेदपुर से मिल गई। इधर बेल मिलते ही श्री गुलिआर ने कहा कि कुड़मी समाज को केंद्र व राज्य सरकार दोनों ही आजतक छलने का काम किया है। आदिवासी कुड़मी समाज की ओर से बंगाल में लोकसभा के लिए 6 कैंडिडेट को उतारा गया है। वहीं झारखंड एवं उड़ीसा में केंद्र व राज्य सरकार के विरोध में वोट डालने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए तीसरा विकल्प चुना जा रहा है। गौरतलब है कि कड़मी समुदाय के आंदोलनकारियों के ऊपर 145, 146, 147 तथा 159 के तहत रेलवे ने केस दर्ज किया था। बेल का हियरिंग सीनियर अधिवक्ता रतन महतो ने किया। इस बेल के समय समाज के महासचिव को स्वागत करने के लिए आदिवासी कुड़मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष पद्मलोचन महतो, उपाध्यक्ष जितेन महतो, मिंटू महतो, रेल टेका प्रभारी प्रभात महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की विभिन्न कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने समाहरणालय सभागार में विभिन्न कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक की। बैठक में कोषांगों द्वारा अब तक की गयी तैयारियों की उन्होंने समीक्षा की। उन्होंने सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों को तय समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने 10-सिंहभूम तथा 11-खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से मतदाता पर्ची वितरण, मतदान केन्द्रो पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, पोलिंग पार्टी के आवागमन हेतु रूट चार्ट, पोलिंग पार्टी तथा पुलिस बल की टैगिंग आदि की जानकारी लेते हुए समय पर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। एफ एस टी /एसएसटी दल की संख्या बढ़ाने, नियमित निगरानी रखने, विभिन्न चेक नाका पर सभी वाहनों को जांच तथा आदर्श आचार संहिता के उलंघन पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सम्बन्धित पदाधिकारियों को दिया गया। मौके पर नगर प्रशासक आदित्यपुर आलोक कुमार दुबे, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरतियार सहित संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गोबरघुसी हाई स्कूल के छात्र सुखराम का राज्य स्तरीय आकांक्षा परीक्षा में चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जैक की ओर से 8 मई को राज्य स्तरीय आकांक्षा परीक्षा-2024 का परिणाम जारी किया गया है जिसमें पटमदा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोबरघुसी के दसवीं का छात्र सुखराम सोरेन ने सफलता हासिल की है। उसे अब क्लैट के प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु राज्य सरकार की ओर से निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। सुखराम वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में विद्यालय का द्वितीय टॉपर भी रहा है। उसकी सफलता पर परिवार के साथ-साथ विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सुखराम को शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि आकांक्षा की प्रारंभिक परीक्षा में पूरे झारखंड से 144 विद्यार्थी सफल हुए हैं, इनमें से 50 विद्यार्थी का चयन होगा और चयनित 50 विद्यार्थियों को रांची स्थित आकांक्षा केंद्र में जैक की ओर से निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट की तैयारी कराई जाएगी।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर बिद्युत महतो ने उन्हें किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर जमशेदपुर के भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने साकची में महाराणा प्रताप चौक स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। सांसद ने कहा कि इतिहास में महाराणा प्रताप जैसा शूरवीर पैदा नहीं हुआ। उनका अदम्य शौर्य साहस और संगठन की क्षमता का कोई सानी नहीं था। मातृभूमि के रक्षार्थ उनका असाधारण संघर्ष और अतुल्य बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेंगे। इस दौरान कई भाजपा कार्यकर्ताओं के संग आम नागरिक मौजूद रहे।

## जमशेदपुर संसदीय सीट में अंतिम दिन एक ने लिया नाम वापस, 25 उम्मीदवारों के बीच होगा मुकाबला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में नामांकन वापसी के अंतिम दिन एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिया। जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में अब उम्मीदवारों की संख्या 25 रह गई है, जिसके लिए दो बैलेट यूनिट की आवश्यकता होगी । इसी के मद्देनजर समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल व सभी विधानसभा क्षेत्र के एआरओ तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में अतिरिक्त बीयू का रेंडमाइजेशन किया गया। विधानसभागार अतिरिक्त बीयू का आकलन करते हुए सभी 1887 मतदान केन्द्रों के लिए अतिरिक्त बैलेट यूनिट आवंटित किए गए।

## हावड़ा- हटिया ट्रेन की चपेट में आने से हाथी की मौत, दो ट्रेन रद्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड के चांडिल रेंज के चांडिल मुरी रेलखंड पर लेटेमदा रेलवे स्टेशन के पास बंकारकुड़ी गांव के समीप रेल हादसा मे एक हाथी की मौत हो गयी। घटना रात्रि के करीब 3 बजे की बताई जा रही है। हाथी रेलवे लाइन पार कर रहा था और हावड़ा-हटिया ट्रेन से टकराने के कारण उसकी मौत हो गयी। इस दुर्घटना मे रेल पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया हैं। इस हादसे से टाटा बरकाखाना व झाड़सुगड़ा मेमू पैसेंजर को रद्द करना पड़ा। घटना के बाद रेल विभाग द्वारा मृत हाथी को रेलवे ट्रैक से हटाया गया व क्षतिग्रस्त खंभा आदि को ठीक किया गया। पशु चिकित्सक द्वारा हाथी का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद हाथी को जेसीबी मशीन से खोदकर दफनाया गया। वहीं रेंजर मैनेजर मिर्धा व पशु चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर हरेलाल महतो ने बताया कि ट्रेन दुर्घटना में हाथी की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि मृत हाथी का पोस्टमार्टम के बाद जेसीबी मशीन से गढ्ढा खोदकर दफना दिया गया व आगे की कार्रवाई किया जा रहा है। मौके पर वनपाल मुकेश कुमार,वन रक्षी कैलाश महतो आदि उपस्थित थे।

## जमशेदपुर में बाबूलाल मरांडी के हेलीकॉप्टर की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के हेलिकॉप्टर की जमशेदपुर में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। गुरुवार को बाबूलाल मरांडी खरसावां में एक जनसभा को संबोधित करने के पश्चात हेलीकॉप्टर से दुमका जा रहे थे। हेलीकॉप्टर पर सवार बाबूलाल मरांडी के दुमका उड़ान भरने के साथ ही अचानक मौसम खराब हो गयी, जिस वजह से पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई। इसके बाद पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को सुरक्षित तरीके से सोनारी एयरपोर्ट पर उतारा गया। इधर, बाबूलाल मरांडी के सोनारी एयरपोर्ट पर उतरने की खबर मिलने पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के संग भाजपा जिला पदाधिकारी एवं पार्टी के अन्य वरीय नेतागण एवं कार्यकर्ता उनसे मिलने सोनारी एयरपोर्ट पहुंचे। जहां जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। वहीं बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं के संग संगठनात्मक चर्चा की। गुरुवार शाम तक हो रही बारिश और रौशनी कम होने की वजह से उनका हेलीकॉप्टर दुमका के लिए उड़ान नही भर सका। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुरुवार को रात्रि विश्राम जमशेदपुर में ही करेंगे। मौसम साफ रहने पर शुक्रवार सुबह वे हेलीकॉप्टर से गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे।



## डीईओ अनन्य मित्तल ने किया पोस्टल बैलेट मतदान केन्द्र व स्ट्रॉन्ग रूम का औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने एसडीओ कार्यालय धालभूम व आईटीडीए कार्यालय में बनाये गए पोस्टल बैलेट मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होने मतदान केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं को देखा, अधिकारी व कर्मचारियों से जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्र पर भीड़ को देखते हुए निर्देशित किया कि महिला-पुरूष को अलग-अलग लाइन में खड़ा करें, हेल्प डेस्क के माध्यम से मतदाताओं को गाइड करें । वही, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग तथा सामग्री कोषांग का औचक निरीक्षण कर किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली । प्रतिनियुक्त कर्मियों को सोशल मीडिया, पेड न्यूज और राजनीतिक विज्ञापनों पर कड़ी नजर रखने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि पार्टियों और उम्मीदवारों को अपने कंटेंट के लिए कोषांग से मंजूरी लेना जरूरी है।




## रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती पर कविता, रचना, नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति तथा सिंहभूम बंगीय एसोसिएशन की ओर से आदित्यपुर आटो क्लस्टर में नए साल के आगमन पर वर्ष वरण एवं विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन समिति के सह सचिव देवी शंकर दत्ता, मनोज सरकार, एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतम गांगुली, कार्यकारी अध्यक्ष पलाश कांति हाजरा, काबू दत्ता, उत्पल दत्ता, दिलीप मंडल, बिप्लव दलाल, केंद्रीय समिति सदस्य सुबोध गोराई व अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल हमारे देश के ही नहीं थे बल्कि पूरे विश्व के कवि, साहित्यकार व दार्शनिक थे। इसलिए उन्हें विश्वकवि की उपाधि मिली थी। बांग्ला भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के उत्थान में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान शहर के कलाकारों ने कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की जीवनी से जुड़े कविता, रचना, नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर विश्वनाथ राय, पंकज वैद्य, सबिता बक्शी, नारायण जोरदार, जयंत कुमार बोस, जय चक्रवर्ती, पार्थो राय, पल्लव चौधरी, जुरान मुखर्जी, असित चक्रवर्ती, विकास मुखर्जी, सुजाता हाजरा, चैताली दास, तापस सरकार, सजल मुखर्जी, श्रीदाम मंडल, कविता मंडल, सुदिप्ता दास, विकास विश्वास, सागर मोदक, पीयूष कांति दे समेत चक्रधरपुर, चाईबासा, सीनी, आदित्यपुर, गम्हरिया, जमशेदपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों के बांग्ला भाषी उपस्थित थे।



## मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा ने नौ स्थानों पर लगाया अमृत धारा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जल ही जीवन है, जल है तो कल है, स्वच्छ जल ही अमृत हैं का सुंदर संदेश देते हुए गुरूवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा नया कीर्तिमान बनाते हुए एक ही दिन में नौ स्थानों पर अमृत धारा (शीतल एवं नर्मल पेयजल केंद्र) का उद्घाटन कर आम जनता को समर्पित किया गया। सभी नौ स्थानों पर शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल एवं अमृतधारा संयोजिका नेहा अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए आने वाले समय में जरूरत पड़ने और भी कई अमृतधारा शाखा द्वारा स्थापित किए जाएंगे। लोकार्पण समारोह में मुख्य रूप से मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, प्रांत महामंत्री सार्थक अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुगम सरायवाला, प्रांत संयोजक अमृत धारा मोहित मुनका, प्रांतीय संयोजिका मिशन कैंसर जागृति मनीषा संघी, केरला समाजम मॉडल स्कूल की प्रिंसिपल नंदनी शुक्ला आदि मौजूद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरभि शाखा की मनीषा संघी, सिद्धि कांवटिया, रूपा अग्रवाल, प्रीति देबूका, पिंकी केडिया सहित सभी महिलाओं का योगदान रहा। यहां लगा अमृतधाराः- केरला समाजम मॉडल स्कूल में (स्वर्गीय मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त शंकर सिंघल के सौजन्य से), रिफ्यूजी कॉलोनी मिडिल स्कूल में (स्वर्गीय लालचंद चौधरी की पुण्य स्मृति में सरलाल ग्रुप द्वारा प्रदत) गोलमुरी शिव मंदिर में (स्वर्गीय सरस्वती देवी चौधरी की पुण्यतिथि में सरलाल ग्रुप द्वारा प्रदत्त), लक्ष्मी नगर उत्क्रमित विद्यालय बर्मा माइन्स में ( विनीता खेतान कोलकाता द्वारा प्रदत्त), रामकृष्ण मिशन स्कूल बिस्टुपुर में (स्वर्गीय मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट द्वारा रामगोपाल चौधरी द्वारा प्रदत), काली मंदिर बेल्डी गोल्फ कोर्स में (स्वर्गीय कोयल देवी की पुण्य स्मृति में शाह परिवार बिष्टुपुर द्वारा प्रदत), आदित्यपुर इमली चौक स्थित बालाजी मंदिर में (स्वर्गीय शरबती देवी एवं स्वर्गीय देवी प्रसाद मुनका की पुण्य स्मृति में चंदा देवी विजय मूनका द्वारा प्रदत), आदित्यपुर शनि मंदिर मे (स्वर्गीय रानी देवी चौधरी के पुण्य स्मृति में सरलाल ग्रुप द्वारा प्रदत), गांधी आश्रम ,बाराद्वारी में (सुनील खेतान कोलकाता द्वारा प्रदत्त) अमृत धारा लगाया गया हैं।



## टाटा स्टील समुद्री परिचालन में जैव ईंधन उपयोग करने वाली पहली भारतीय स्टील कंपनी बनी

*- ऑस्ट्रेलिया के ग्लैडस्टोन बंदरगाह से 1,48,500 मीट्रिक टन कोयला लेकर पहला खेप पारादीप पहुंचा*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील वीएलएसएफओ (वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल) के साथ बी24 जैव ईंधन मिश्रण द्वारा संचालित, पूर्वी तट ऑस्ट्रेलिया से भारत तक पूरी क्षमता के साथ यात्रा करने वाली पहली भारतीय स्टील कंपनी बन गई है। यह यात्रा भारत में सस्टेनेबल शिपिंग अभ्यासों के लिए एक नया मानदंड स्थापित करती है और देश के समुद्री क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित होगी। 17 अप्रैल, 2024 को केप वेसेल एमवी केप एक्सएल कोयला लोड करने के बाद ग्लैडस्टोन बंदरगाह से रवाना हुआ। यह 8 मई, 2024 को 1,48,500 मीट्रिक टन कोयले का निर्वहन करने के लिए कलिंगा इंटरनेशनल कोल टर्मिनल पारादीप प्राइवेट लिमिटेड बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया।पीयूष गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, टी क्यू एम, ग्रुप स्ट्रेटेजिक प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन, टाटा स्टील ने कहा- अपने समुद्री परिचालन में जैव ईंधन के उपयोग के माध्यम से, टाटा स्टील न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है, बल्कि उद्योग में सस्टेनेबिलिटी के लिए एक नया मानक भी स्थापित करती है। ऑस्ट्रेलिया से भारत तक अपनी यात्रा के लिए जैव ईंधन मिश्रण का चयन करके, हम अपने स्कोप 3 कमी लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देकर कार्बन उत्सर्जन में 20 प्रतिशत की कटौती करने में सक्षम हुए। हम वैकल्पिक ईंधन से संचालित जहाज के माध्यम आयात के लिए ऐसे और अधिक शिपमेंट करने का प्रयास करेंगे



संपादकीय

# स्कूलों को मौत की धमकी

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र दिल्ली-नोएडा के 222 स्कूलों को बम से उड़ा देने की धमकी ने एकबारगी तो सभी को कंपा दिया। हडक़ंप मच गया। लाखों लोग सन्नाटे में आ गए। अभिभावक घर से भागे, दफ्तर का काम छोड़ा और स्कूलों की तरफ बदहवास दौड़े, ताकि अपने बच्चों को सकुशल घर वापस ला सकें। सडक़ों पर सायरन बज रहे थे। फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां भी भाग रही थीं। दिल्ली पुलिस के बम निरोधक दस्तों, श्वान दस्तों और अन्य जांच इकाइयों ने अपने-अपने मोर्चे संभाल लिए थे। दिन की शुरुआत किसी बड़े हादसे की संभावनाओं के साथ हुई थी। जिस ई-मेल आईडी-स्वारीम एट मेल डॉट आरयू- से स्कूलों को धमकी भेजी गई थी, उसकी शब्दावली आतंकी संगठन आईएसआईएस की भाषा से मिलती थी। ये शब्द अरबी भाषा के हैं, जिन्हें आईएस के आतंकी इस्तेमाल करते रहे हैं। रूसी डोमेन से मेल की गई थी। पुलिस का मानना है कि संभव है कि इसके लिए 'डार्कनेट' या 'प्रॉक्सी सर्वर' का प्रयोग किया गया हो! पुलिस की आतंकवाद विरोधी ईकाई, स्पेशल सेल भी जांच में जुड़ी है। साजिशकार कहीं बैठकर भी ये मेल भेज सकते थे। रूस में होना जरूरी नहीं है। रूस भारत के खिलाफ किसी 'हत्यारी साजिश' में शामिल क्यों होगा? क्या यह किसी आतंकी हमले का पूर्वाभ्यास भी हो सकता है? राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंततः लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। बेशक 8 घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस और गृह मंत्रालय इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि सब कुछ फर्जी था, अफवाह थी, लेकिन 2 लाख से अधिक स्कूली बच्चों की सुरक्षा दांव पर है। दिल्ली में आतंकी हमले होते रहे हैं, बेशक मोदी सरकार में वे नगण्य हो गए हैं। ऐसी अफवाहें भी 'साइबर अपराध' का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए सीमापार पुलिस को भी सक्रिय होने की जरूरत है। दिल्ली-एनसीआर में जो कुछ भी हुआ है, वह धडक़नें रोक देने वाला प्रकरण है। एक तरफ मौत की धमकी थी, तो दूसरी ओर गृह मंत्रालय और पुलिस दहशत में न आने की बात कह रहे थे। शुक्र है कि मेल फर्जी, अफवाहपूर्ण साबित हुई, लेकिन बड़ी त्रासदी भी हो सकती थी। इन स्कूलों में 2 लाख से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, अध्यापक और कर्मचारी भी हैं। यदि वाकई बम रखे होते और वे विस्फोट कर जाते, तो कल्पना करते हुए भी मन सिहरने लगता है! पाकिस्तान में फर्जी सिलसिलों के बाद अचानक पेशावर के स्कूल पर आतंकी हमला किया गया था, जिसमें करीब 140 मासूम छात्र मारे गए थे। पाकिस्तान को तो हम आतंकवाद की पनाहगाह मान सकते हैं, लिहाजा ऐसे हमले की कल्पना भी कर सकते हैं, लेकिन हमारे कोलकाता के करीब 200 सरकारी और निजी स्कूलों को इसी अप्रैल में ही, ई-मेल के जरिए, बम-विस्फोट की धमकी दी गई थी। 1 दिसंबर, 2023 को बेंगलुरु के 48 स्कूलों में बम की अफवाह फैलाई गई थी। फरवरी, 2024 में चेन्नई के 13 स्कूलों को ऐसी ही धमकी भेजी गई थी। क्या स्कूल ही किसी संगठन या साजिशकार के आसान निशाने पर हैं? ई-मेल की भाषा इतनी नफरत भरी थी कि हिंदुस्तान की व्यवस्था को 'काफिर' कहा गया था। आठ बार 'इंशाल्लाह' या 'अल्लाह' लिखा गया था, लिहाजा साफ संकेत है कि किस जमात ने वह मेल भेजी होगी! इन ई-मेल के मूल तक पहुंचना या साजिशकार का चेहरा चिह्नित करना लगभग 'असंभव' है, क्योंकि ई-मेल भेजने के बाद अकाउंट ही समाप्त कर दिया गया है। साजिशकार एक से दूसरे देश में चले गए होंगे! सीमापार जांचों और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को साझा करने की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था ही लगभग गायब है। यह सभी देशों के लिए गंभीर चुनौती है। भारत की 'पारस्परिक कानूनी सहायता संधि' करीब 42 देशों के साथ ही है, जबकि करीब 195 देश संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य हैं। यह संधि 'साइबर अपराध' की जांच के लिए भी अनिवार्य हो, ऐसा प्रावधान नहीं है।

> दिल्ली-नोएडा के 222 स्कूलों को बम से उड़ा देने की धमकी ने एकबारगी तो सभी को कंपा दिया। हडक़ंप मच गया। लाखों लोग सन्नाटे में आ गए। अभिभावक घर से भागे, दफ्तर का काम छोड़ा और स्कूलों की तरफ बदहवास दौड़े, ताकि अपने बच्चों को सकुशल घर वापस ला सकें। सडक़ों पर सायरन बज रहे थे। फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां भी भाग रही थीं। दिल्ली पुलिस के बम निरोधक दस्तों, श्वान दस्तों और अन्य जांच इकाइयों ने अपने-अपने मोर्चे संभाल लिए थे। दिन की शुरुआत किसी बड़े हादसे की संभावनाओं के साथ हुई थी। जिस ई-मेल आईडी-स्वारीम एट मेल डॉट आरयू- से स्कूलों को धमकी भेजी गई थी, उसकी शब्दावली आतंकी संगठन आईएसआईएस की भाषा से मिलती थी। ये शब्द अरबी भाषा के हैं, जिन्हें आईएस के आतंकी इस्तेमाल करते रहे हैं।

### हमारा मकसद इस जंग से पैदा हुए एक दूसरे हालात की चर्चा करना है जिसने अमरीका की पोल खोल दी

# छात्र प्रदर्शनों ने खोली अमरीकी पाखंड की पोल

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल के अनेकों नागरिकों को बन्धक बना रखा है। इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों में जंग चल रही है जिसमें हजारों लोग मारे जा चुके हैं। लेकिन न हमास बन्धकों को छोडऩे को तैयार है और न इजराइल बिना बन्धकों को मुक्त कराए जंग रोकने को तैयार है। कहीं कहीं मामला यहूदी बनाम मुसलमान भी बनता जा रहा है। अब तो मुसलमान के अतिरिक्त शिया मजहब का पैरोकार इरान भी हमास के पक्ष में कूद पड़ा है जबकि पाकिस्तान में मुसलमान शिया मजहब वालों के इबादतखानों पर लगातार हमला करते रहते हैं।

**इजरायल** और हमास में जंग रुकने का नाम नहीं ले रही। आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल के अनेकों नागरिकों को बन्धक बना रखा है। इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों में जंग चल रही है जिसमें हजारों लोग मारे जा चुके हैं। लेकिन न हमास बन्धकों को छोडऩे को तैयार है और न इजराइल बिना बन्धकों को मुक्त कराए जंग रोकने को तैयार है। कहीं कहीं मामला यहूदी बनाम मुसलमान भी बनता जा रहा है। अब तो मुसलमान के अतिरिक्त शिया मजहब का पैरोकार इरान भी हमास के पक्ष में कूद पड़ा है जबकि पाकिस्तान में मुसलमान शिया मजहब वालों के इबादतखानों पर लगातार हमला करते रहते हैं। लेकिन हमारा मकसद इजरायल-हमास की इस लड़ाई पर चर्चा करना नहीं है और न ही यहूदी-मुसलमान-शिया के इतिहास की भीतरी परतों को उखाडऩा है। हमारा मकसद इस जंग से पैदा हुए एक दूसरे हालात की चर्चा करना है जिसने अमरीका की पोल खोल दी है। इस जंग को लेकर अमरीका के विश्वविद्यालयों में एक जोरदार बहस छिड़ गई है जिसमें अध्यापक और शागिर्द दोनों ही पूरे जोश से हिस्सेदारी कर रहे हैं। इस विषय को लेकर विचार गोष्ठियां हो रही हैं। इन विचार गोष्ठियों में कोई इजराइल का पक्ष लेता है और कोई फिलस्तीन का पक्ष लेता है। लेकिन मामला यहीं तक रहता तब कोई बखेड़ा खड़ा नहीं होता। अमरीका अपने आप को मानव अधिकारों और विचार स्वतंत्रता का सबसे बड़ा अलम्बरदार मानता और मनवाता है। इसलिए ये विचार गोष्ठियां उसकी इस छवि को निखारने वाली ही थीं। लेकिन मामला विचार गोष्ठियों तक नहीं रहा। मामला आगे बढ़ गया। छात्र और अध्यापक गोष्ठी कक्षों से बाहर निकल कर विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन करने लगे। जिंदाबाद-मुर्दाबाद से परिसर गूंजने लगे। कहीं प्रदर्शन इजराइल के पक्ष में हो रहा है और कहीं प्रदर्शन फिलस्तीन के पक्ष में हो रहा है। अनेक स्थानों पर तो प्रदर्शनकारी धरने पर ही बैठ गए। अब अमरीका में बहुत लम्बे अरसे से खड़ी स्वतंत्रता की देवी हिलने लगी। वह भी गुस्से में आ गई लगती है। उसका मानना है कि 'इस प्रकार' की स्वतंत्रता ठीक नहीं है। 'उस प्रकार' की स्वतंत्रता ही ठीक है। शुरू में यह समझ में नहीं आ रहा था कि इनसे क्या अभिप्राय है, लेकिन जल्दी ही मामला स्पष्ट हो गया जब पुलिस ने इजरायल के पक्ष में प्रदर्शन कर रहे छात्रों को तो कुछ नहीं कहा, लेकिन फिलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों की धर पकड़ शुरू कर दी। कोलम्बिया विश्वविद्यालय में तो पुलिस की बर्बरता ने सभी हदें पार कर दीं। विश्वविद्यालय के अधिकारियों की अनुमति के बिना ही पुलिस विश्वविद्यालय परिसर में घुस गई। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों तक को हथकडियां लगाई गईं और धक्के मार मार कर उन्हें पुलिस की गाडियों में ठूंस दिया गया। छात्रों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उनका विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रतिबन्धित कर दिया। उनकी एडमिशन तक कैंसिल की जाने लगी। दरअसल इस जंग में अमरीका इजराइल का साथ दे रहा है। उसे अरबों रुपए के हथियार बेच रहा है। इसलिए जब विश्वविद्यालयों में इजराइल के पक्ष में प्रदर्शन होते हैं तो वे अमरीका की स्वतंत्रता की देवी के हिसाब किताब से 'इस प्रकार' की स्वतंत्रता में आते हैं। जो फिलस्तीन के हक में प्रदर्शन होते हैं, वे 'उस प्रकार' की स्वतंत्रता के घेरे में आते हैं, जिसकी अनुमति अब अमरीका देने को तैयार नहीं है। इस मामले में कुछ भारतीय छात्रों को भी पकड़ लिया गया है। हम यहां इस बात की चर्चा नहीं कर रहे कि इजराइल ठीक है या हमास-फिलस्तीन। हमारी चर्चा अमरीका के पाखंड की है जिसकी परतें खुल रही हैं। अमरीका सारी दुनिया को उपदेश ही नहीं देता बल्कि 'विचार स्वतंत्रता' के नाम पर दुनिया में थानेदार की भूमिका निभाने की कोशिश भी करता रहता है। फिलस्तीन के पक्ष में जिन भारतीय छात्रों को अमरीका ने पकड़ा है, मान लीजिए वही छात्र भारतीय विश्वविद्यालय में फिलस्तीन के पक्ष में प्रदर्शन करते और विश्वविद्यालय उन पर एक्शन करता तो अमरीका फतवा जारी करना शुरू कर देता कि भारत में तानाशाही आ रही है। विचार स्वतंत्रता का गला घोंटा जा रहा है। लेकिन जहां तक उसके अपने घर में यही मसला सामने आता है तो वह विचार स्वतंत्रता का गला घोंट ही नहीं रहा बल्कि उसको काट रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि अमरीका पुलिस के खुफिया लोग विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेकर छात्रों और प्राध्यापकों की जासूसी करते हैं, उनके व्यक्तिगत जीवन में तांकझांक करते हैं ताकि यह पता रहे कि कौनसे लोग इजराइल को लेकर अमरीका की घोषित नीति के खिलाफ हैं। यह सब तब हो रहा है जब अमरीका के तथाकथित बुद्धिजीवी जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय के टुकड़े टुकड़े गैंग का विचार स्वतंत्रता के नाम पर समर्थन करते देखे जाते हैं। इजराइल-फिलस्तीन का मसला ऐसा पहला मसला नहीं है जिसमें अमरीका अपने असली रूप में सामने आया है। ऐसे अनेकों मसले हैं जिन पर अमरीका और उसके सत्ताधीश अपना असली रूप दिखाते रहते हैं। मसलन पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प का मसला ही ले लिया जाए। वे एक बार फिर राष्ट्रपति का चुनाव लडऩे के लिए मैदान में हैं। उनकी अपनी रिपब्लिकन पार्टी ने उन्हें मैदान में उतारने का ऐलान कर दिया है। कुछ महीने में ही चुनाव होने वाले हैं। मौजूदा राष्ट्रपति भी मैदान में हैं। उनको लगता है कि शायद वे चुनाव के मैदान में तो ट्रम्प का मुकाबला शायद न कर पाएं, इसलिए वे कचहरियों की मदद से ट्रम्प को मैदान से बाहर करना चाहते हैं। उनका मकसद है किसी तरह किसी केस में कचहरी ही उन पर चुनाव लडऩे का प्रतिबन्ध लगा दे।



दृष्टि कोण

# धधक रहे हैं धरती के फेफड़े, हो रहा पर्यावरण का विनाश

**धरती** पर जीवन जीने के लिए अति आवश्यक ऑक्सीजन के उत्पादन में एल्गी या शेवाल के बाद वनों की महती भूमिका को देखते हुए वनों को धरती के फेफड़ों की संज्ञा भी दी जाती है। लेकिन जब फेफड़े ही जल रहे हों तो फिर स्थिति की गंभीरता को आंका जा सकता है। अगर आप भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग के वनाग्नि डेशबोर्ड पर 24 अप्रैल की सुबह की ताजा स्थिति पर नजर डालें, तो आपको देशभर में पृथ्वी के दहकते फेफड़ों में मची तबाही का मंजर साफ नजर आएगा। भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग उपग्रह से प्राप्त वनाग्नि के दृश्यों के विष्लेशित आकड़ों की पल-पल की जानकारी राज्यों के वन विभागों को देता है, जिससे की वनाग्नि को बुझाने के लिए तत्काल कार्यवाही कर सकें। विभाग के डैशबोर्ड पर 24 अप्रैल की प्रातः उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश के 13 राज्यों में 62 वन क्षेत्रों में भीषण आग लगी हुई थी, जिनमें हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड में सर्वाधिक 30 स्थानों पर जंगल भयंकर रूप से धू-धू कर जल रहे थे। हिमालय पर लपटें कितनी खतरनाक हैं, उसे बढ़ती दैवी आपदाओं से साफ महसूस किया जा सकता है। डैशबोर्ड में दूसरे नम्बर पर 8 घटनाओं के साथ आन्ध्र प्रदेश, 6 के साथ बिहार और 3 अग्निकांडों के साथ झारखण्ड को दर्शाया गया था। बाकी राज्यों में एक या दो घटनाऐं दर्शायी गयीं थी। यही नहीं डैशबोर्ड में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक के सप्ताह में हुए भीषण अग्निकाण्डों में उड़ीसा को पहले और उत्तराखण्ड को दूसरे स्थान पर दर्शाया गया था। उसके बाद वन बाहुल्य छत्तीसगढ़, और झारखण्ड की स्थिति बताई गई है। सरकारी विवरणों को अगर देखें तो वनाग्नि के नुकसान में केवल पेड़ों की गिनती करने के साथ ही आर्थिक नुकसान का आंकलन कर दिया जाता है, जबकि वन पेड़ पौधों और जीवों की प्रजातियों की एक विशाल श्रृंखला के प्राकृतिक घर हैं, जिनमें से कई प्रजातियां अन्यत्र कहीं नहीं पाई जाती हैं। जंगल में बड़े पेडों के अलावा छोटी नाजुक वनस्पतियां, लाइकेन्स के साथ ही जीवों की हिरन, लोमड़ी, गुलदार जैसे स्तनपायी जीव प्रायः भागकर जान बचाने में कामयाब हो सकते हैं। लेकिन पक्षी, तितलियां, मक्खियां, मकड़े, कीड़े-मकोड़े, मेंढक,



दीमक, रेंगने वाले सांप, छिपकलियां और केंचुए जैसे अनगिनत जीव प्रजातियां खाक हो जाती हैं। आप कह सकते हैं कि वनाग्नि से भरा पूरा वन्यजीव संसार खाक हो जाता है। जबकि चींटी और दीमक से लेकर बड़े स्तनपाई जीवों तक हर एक को प्रकृति ने कुछ न कुछ दायित्व सौपा हुआ है। उदाहरण के लिए अगर वनों में दीमक न होंगे तो मिट्टी में उपजे बड़े पेड़ फिर मिट्टी में कैसे मिल पाएंगे। वनों को पृथ्वी के फेफड़े इसलिए माना जाता है, क्योंकि मानव फेफड़े की तरह वन ऑक्सीजन का उत्पादन करने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम सांस में ऑक्सीजन लेते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं। हमारी त्यागी गई कार्बनडाइआक्साइड वृक्षों के काम आती है और पादपों द्वारा छोड़ी गई ऑक्सीजन हमारे काम आ जाती है। वन प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे वे पृथ्वी के वायुमंडल में गैसों के संतुलन को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जंगल की आग से उत्पन्न धुआं और राख हवा की गुणवत्ता को खराब करता है, जिससे आस-पास के समुदायों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है। जंगल की आग बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को वायुमंडल में छोड़ती है, जो जलवायु परिवर्तन में योगदान करती है और ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाती है। इस धुंवे में ब्लैक कार्बन होता है जो कि ग्लोबल और लोकल वार्मिंग का बढ़ाता है और इसका ऐरासोल वृद्धि के साथ ही अतिवृष्टि में भी सीधा योगदान होता है। जंगल की आग एक वैश्विक समस्या है। ऑस्ट्रेलिया, अमेजॉन, कनाडा के लम्बे समय तक दहकने वाले अग्निकांड इतिहास में दर्ज हैं। चूंकि अब धीरे-धीरे धरती का वनावरण सिमट रहा है इसलिए बचे-खुचे जंगलों की आग और अधिक विनाशकारी साबित हो रही है। भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग के आंकड़ों के अनुसार देश का 36 प्रतिशत वनक्षेत्र अक्सर वनाग्नि से धधकता रहता है और इसमें से भी 4 प्रतिशत क्षेत्र वनाग्नि की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। जबकि 6 प्रतिशत वनावरण अत्यधिक अग्नि प्रवण पाया गया है। फॉरेस्ट इन्वेटरी रिकॉर्ड के अनुसार भारत में 54.40 प्रतिशत वन कभी-कभी आग की चपेट में आते हैं। 7.49 प्रतिशत मामूली रूप से बार-बार जलते हैं, जबकि 2.40 प्रतिशत वन अक्सर जलते रहते हैं। देश का 35.71 प्रतिशत वन क्षेत्र कभी भी आग की चपेट में नहीं आया। उत्तराखण्ड सरकार ने वनों में भड़की आग पर काबू पाने के लिए वायुसेना के हेलीकाप्टर मोर्चे पर उतार दिए हैं। वनकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इस पर सेवा निवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल एमसी भण्डारी इसे सेना का दुरुपयोग बताते हैं और कहते हैं कि सेना का उपयोग केवल बेहद गंभीर स्थितियों में तब किया जाता है जब सिविल एडमिनिस्ट्रेशन असफल हो जाता है और स्थिति उसके नियंत्रण से बाहर हो जाती है।

कुछ अलग

# दुनिया गोल है...

**भूगोल** हमें बताता है कि हमारी पृथ्वी चपटी और गोलाकार आकार की है, जिसका मतलब है कि यह ज्यादातर गोलाकार है, लेकिन अपने धुरुवों पर थोड़ी चपटी है और भूमध्य रेखा पर थोड़ी उभरी हुई है। यह लगभग एक अनियमित आकार के दीर्घ वृत्त की तरह की है। इसके अलावा, अन्य ग्रहों की तरह पृथ्वी भी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है और यह अपनी धुरी पर भी घूमती है। पृथ्वी अपने अक्ष पर दाहिनी ओर यानी पूर्व दिशा में 23.5 डिग्री झुकी हुई भी है। पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है जिसके कारण दिन और रात होते हैं क्योंकि पृथ्वी का जो भाग सूर्य के सामने होता है वहां सूर्य की रोशनी पहुंचने के कारण दिन होता है और जो भाग पीछे छुप जाता है वहां रात हो जाती है। पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है उसके कारण हम विभिन्न मौसम देख पाते हैं। पृथ्वी लगभग गोलाकार है और समय, स्थान और स्थिति के अनुसार दुनिया के लोगों का व्यवहार बदलते मौसम की तरह हमेशा बदलने वाला होने के कारण दुनिया के बारे में भी यह जुमला बन गया कि दुनिया गोल है। आज हम अपने आसपास की दुनिया में जो भी गड़बडियां देखते हैं उसका कारण यही है कि 'दुनिया गोल है', यानी, लोगों के व्यवहार के बारे में कोई सटीक भविष्यवाणी कर पाना हमेशा संभव नहीं है। मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि एक ही स्थिति पर अलग-अलग व्यक्तियों की राय, नजरिया और व्यवहार अलग-अलग होंगे। यह तो रही दुनियावी स्थिति, लेकिन अगर हमें एक सीधे-सच्चे इनसान की तरह इसी दुनिया में जीवन बिताना हो तो हमें क्या करना होगा? हम पहले ही कह चुके हैं कि पृथ्वी गोल है, दायीं ओर झुकी हुई है, अपनी धुरी पर घूमती है और सूर्य के भी चारों ओर चक्कर लगाती है। सवाल यह है कि पृथ्वी के गोल होने का, अपनी धुरी पर घूमने का, दायीं ओर झुके हुए होने का, सूर्य के चारों तरफ चक्कर लगाने का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव है, या हम इससे क्या सीख सकते हैं? पृथ्वी गोल है, यानी इसका कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है। इसे हम यूं भी कह सकते हैं कि पृथ्वी का गोला बनाने के लिए हम जहां से शुरू करते हैं, उसका अंत भी वहीं होगा। हमारा जीवन भी ऐसा ही होना चाहिए। हम पैदा होते हैं, बड़े होते हैं, पढ़ते-लिखते हैं, पढ़ाई पूरी होने पर काम पर जाना शुरू करते हैं, शादी होती है, बच्चे होते हैं, और हमारी उम्र बढने के साथ-साथ हमारे बच्चों के साथ भी यही क्रम चलता है, बड़े होना, पढऩा-लिखना, काम पर लगना और फिर शादी हो जाना। बच्चे एक बार सैटल हो जाएं तो हमारा एक सर्कल पूरा हो जाता है। अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी करते हुए हम एक तरह से गोल-गोल घूमते हैं, यह है अपनी ही धुरी पर घूमना। जैसे पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है, वैसे ही हम भी जब अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी करते हैं तो हम अपनी धुरी पर घूम रहे होते हैं। लेकिन जब हमारे बच्चे सैटल हो जाते हैं और उनकी शादी भी हो जाती है तो हमारा वह चक्कर भी पूरा हो जाता है जिसकी तुलना हम पृथ्वी के सूर्य के चारों तरफ चक्कर लगाने से कर सकते हैं। वह जीवन का एक चक्र है, जो पूरा हो गया। अपनी धुरी पर घूमते रहना तो तब भी जारी रहता ही है, क्योंकि हम परिवार की जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो पाते। बच्चों के बाद नाती-पोते हमारे नए खिलौने बन जाते हैं और हम उन्हें सहेजने-संवारने में जुट जाते हैं। लेकिन सूर्य के चारों तरफ के पृथ्वी के चक्कर की तुलना वाले अपने चक्कर के बाद हम मानो ठहर जाते हैं और सूर्य के चारों ओर का हमारा अगला चक्कर लगता ही नहीं। यहां फिर सवाल यह है कि हमारे अपने जीवन में हमारे लिए सूर्य के चक्कर का क्या मतलब है और इसका महत्व क्या है? जब एक बार हमारे अपने बच्चे सैटल हो गए और शादी करके अपने-अपने परिवार में रम गए, तो हमारी पारिवारिक जिम्मेदारियों का एक चरण पूरा हो गया।

देश दुनीया से

# औरत क्या चाहती है, समझने के लिए त्यागनी होगी पुरुषवादी सोच

> स्त्री शोषण और पुरुषतंत्र की भयावहता के बारे में बताया गया था। निमंत्रण लिखने के कारण मुझे अनेक लोगों की निंदा-आलोचना सुननी पड़ी थी। कुछ लोगों के मुताबिक, वह पोर्नोग्राफी थी, जिसमें यौन संबंधों का खुला चित्रण था। बस, फिर क्या था, चारों ओर मेरी बदनामी कर दी गई। मेरी बदनामी फैलने लगी। कहा गया कि मैं पोर्नोग्राफी लिखती हूं। मेरी उस उपन्यासिका में आखिर था क्या? कहानी यह थी कि अट्ठारह साल की किशोरी एक सुदर्शन युवक के प्रेम में पड़ जाती है। जबकि वह युवक उस तरुणी के दायरे से बहुत दूर है। तरुणी उस युवक को रोज चिट्ठी लिखती है, जिसमें वह अपना प्रेम निवेदन करती है।

**वर्ष** 1991 में मैंने निमंत्रण नाम से एक उपन्यासिका लिखी थी, जिसमें स्त्री शोषण और पुरुषतंत्र की भयावहता के बारे में बताया गया था। निमंत्रण लिखने के कारण मुझे अनेक लोगों की निंदा-आलोचना सुननी पड़ी थी। कुछ लोगों के मुताबिक, वह पोर्नोग्राफी थी, जिसमें यौन संबंधों का खुला चित्रण था। बस, फिर क्या था, चारों ओर मेरी बदनामी कर दी गई। मेरी बदनामी फैलने लगी। कहा गया कि मैं पोर्नोग्राफी लिखती हूं। मेरी उस उपन्यासिका में आखिर था क्या? कहानी यह थी कि अट्ठारह साल की किशोरी एक सुदर्शन युवक के प्रेम में पड़ जाती है। जबकि वह युवक उस तरुणी के दायरे से बहुत दूर है। तरुणी उस युवक को रोज चिट्ठी लिखती है, जिसमें वह अपना प्रेम निवेदन करती है। लेकिन युवक के पास वे चिट्ठियां पहुंचती ही नहीं। आखिरकार जब युवक को किशोरी के उससे एकतरफा प्रेम का पता चलता है, तब दो दिन प्रेम का अभिनय कर एक दोपहर को वह उसे अपने घर लंच के लिए आमंत्रित करता है। किशोरी सज-धजकर अपने प्रेमी के लिए कीमती उपहार खरीदकर उसके यहां पहुंचती है। वहां युवक और उसके सात दोस्त थे। वे सब उससे बलात्कार करते हैं। सामूहिक बलात्कार के बाद अंदर और बाहर से गंभीर रूप से घायल वह किशोरी घर लौटते हुए मन ही मन सोचती है कि पिता जब उससे पूछेंगे कि कहां गई थी, तब वह झूठ नहीं बोलेगी। उन्हें बता देगी कि वह किसी के निमंत्रण पर उसके घर गई थी। उपन्यासिका यहीं खत्म हो जाती है। उसमें बलात्कार के जो ब्योरे दिए गए थे, स्त्री-विरोधियों ने उसे पोर्नोग्राफी कहा था। समाज में जब स्त्री विरोधियों की संख्या बढ़ जाती है, तब औरतों के शोषण को स्वाभाविक समझ लिया जाता है। ऐसे तत्वों के लिए बलात्कार भी स्वाभाविक घटना है। निमंत्रण की कहानी काल्पनिक नहीं थी। हालांकि समाज का एक वर्ग मानता है कि इस तरह की घटनाएं नहीं होतीं। दूसरा वर्ग यह तो मानता है कि इस तरह की घटनाएं होती हैं, लेकिन उसका कहना है कि इसके लिए महिलाएं ही दोषी हैं। वे क्यों दोषी हैं, इसकी वजह भी बताई जाती है। दोष यह है कि वे प्रेम में पड़ती ही क्यों हैं? वे पुरुषों के पास जाती ही क्यों हैं? जाने पर तो उनके साथ गलत होगा ही। जो लोग बलात्कार का शिकार होने वाली महिलाओं पर ही बलात्कार की जिम्मेदारी डाल देते हैं, वे चाहते हैं कि लड़कियां घर से बाहर न निकलें, किसी के प्रेम में न पड़ें, किसी पर भरोसा न करें और किसी के निमंत्रण पर उसके यहां या उसके साथ न जाएं। वे महिलाओं को तो जिम्मेदार ठहरा देते हैं, लेकिन पुरुष की आंखों में उंगली डालकर नहीं कहते कि महिलाओं के साथ अत्याचार करने का पुरुषों को कोई अधिकार नहीं है। यह अजीब है कि घर से बाहर तक लड़कियों-महिलाओं के साथ गलत बर्ताव और यौन हिंसा को अंजाम तो पुरुष देते हैं, लेकिन इन सबके लिए जिम्मेदार महिलाओं को ठहराया जाता है। पुरुषवर्चस्ववादी समाज में पुरुषों की बर्बरता को कमतर करके दिखाने या उन्हें निर्दोष बताने की प्रवृत्ति पुरानी है। जिन लोगों ने निमंत्रण की कहानी को मनगढंत बताया था, उन्हें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की एक खबर से अवगत कराना चाहती हूं, जहां सोलह वर्षीय एक किशोरी के साथ उसके प्रेमी और उसके दो साथियों ने मिलकर बलात्कार किया। तीन युवाओं ने किशोरी को पूरी रात एक परित्यक्त घर में बंधक बनाकर रखा था। सुबह घर लौटी किशोरी ने पिता को सारी बातें बताईं, तो घरवालों ने थाने में रिपोर्ट लिखवाई। निमंत्रण नाम की उपन्यासिका मैंने लड़कियों-महिलाओं को सजग करने के लिए लिखी थी। मैं महिलाओं को यह बताना चाह रही थी कि उन्हें पुरुषों के जाल में नहीं फंसना चाहिए। इसमें संदेह नहीं कि शिक्षा ने आज की बहुत-सी स्त्रियों को जिस तरह आत्मनिर्भर बनाया है, उसी तरह उन्हें सजग भी किया है। लेकिन सभी स्त्रियां शिक्षित और सजग नहीं हैं, इसलिए वे पुरुषों के जाल में आसानी से फंस जाती हैं। हालांकि अनेक शिक्षित और आत्मनिर्भर स्त्रियां भी पुरुषों के धोखे और यौन अत्याचार का शिकार होती हैं। मौजूदा 21वीं सदी में भी स्त्रियों की यह दुर्दशा है, तो इसके लिए पुरुषवादी सोच जिम्मेदार है। लेकिन मैं यहां यह भी बताना चाहती हूं कि शिक्षा ने स्त्रियों के प्रति अनेक पुरुषों की भी सोच बदली है। निमंत्रण उपन्यासिका में भी पुरुषों के लिए संदेश था, और मेरा मानना है कि उसे पढ़कर अनेक पुरुषों ने भी स्त्रियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने के बारे में सीखा या सोचा होगा। लेकिन पुरुषों की बड़ी आबादी की सोच नहीं बदली है, इसी कारण महिलाओं के साथ होने वाली यौन हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम ही नहीं ले रहीं।



आप का नजरीया

# वाहन रफ्तार के हमले

**हम** वाहन चला नहीं रहे, बल्कि रफ्तार को हमलावर बना रहे हैं। इसी रविवार के दृष्टांत में देखें तो वाहनों की गति व भौगोलिक परिस्थिति ने लील दिए छह लोग। ठियोग की खाई में गिरे वाहन ने दो यात्रियों की ईहलीला खत्म की दी, हाटकोटी का मलबा वाहन को लपेट कर दो लोगों के लिए घातक बना। ऊना-चंडीगढ़ मार्ग पर रफ्तार ने यमदूत बन कर दो युवकों को काल का ग्रास बना दिया, जबकि बिलासपुर में ट्रक की टक्कर ने एचआरटीसी की बस को पुल के नीचे लुढक़ा दिया। गनीमत यह कि इस दुर्घटना में चोटिल होने के बावजूद यात्री बाल-बाल बच गए, वरना मौत के दृश्य हम अपनी करनी से पैदा कर रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि हिमाचल में अधिकांश सडक़ें तंग हैं, लेकिन जीवन को गति देने के प्रयास में वाहन चालन के नियम और सडक़ पर शिष्टाचार लगभग समाप्त है। वाहनों का पंजीकरण अगर साढ़े बाईस लाख से ऊपर पहुंच चुका है, तो इतने ही बाहरी राज्यों के वाहन सडक़ों पर दौड़ रहे हैं। सडक़ों का विस्तार व इनका चौड़ाकरण अपने आप में एक सुखद एहसास है, लेकिन हिमाचल में वाहन चालन की परिपाटी बिगडैल़ हो रही है। दोपहिया वाहन और आवारा पशु, किसी भी बड़े वाहन को चुनौती दे सकते हैं, जबकि निजी बसें, टैक्सियां और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की जरूरतें दबाव बढ़ा रही हैं। अभी पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन पुलिस पैट्रोलिंग सिर्फ चालान काटकर अव्यवस्था में शिरकत कर रही है। पर्यटन सीजन में वाहन दुर्घटनाओं के आंकड़ों पर गौर करें, तो यातायात पुलिस का हुलिया बदलने की जरूरत है। न हम रोकते और न ही टोकते हैं, बल्कि आज भी ट्रक-ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भर कर श्रद्धालु मंदिर पर्यटन के अभिप्राय बन जाते हैं। स्थानीय यातायात में निजी वाहनों पर बढ़ती निर्भरता और आवाजाही में कर्मचारी वर्ग द्वारा वाहनों का अधिकतम प्रयोग, सडक़ पर उच्छृंखलता बढ़ा रहा है। ऐसे में जरूरत है कि वाहन चालकों को नियमों का भय और चलने की सभ्यता सिखाई जाए। आखिर हिमाचल को चलाने के लिए कितने वाहन चाहिए और उनके कौन से मॉडल उपयुक्त हैं। आज भी प्रदेश की कुछ सडक़ें जिस भौगोलिक स्थिति का प्रतिनिधित्व करती हैं, वहां पेट्रोल बचाने के लिए कुछ वाहन चालक खतरनाक ढर्रे को अंजाम देते हैं या ओवरटेकिंग की कला जोर जबरदस्ती के आलम में भयावह प्रतीत होती है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम न तो यातायात के दबाव समझ पा रहा है और न ही इसके निर्देश तय कर पा रहा है। नतीजतन रूट परमिट आबंटन के कारण सडक़ों पर वाहनों की प्रतिस्पर्धा, रुकने व सवारी उतारने-चढ़ाने की लापरवाही तथा ओवरटेकिंग के मंसूबे आत्मघातक होकर कई बार मौत के अंजाम तक पहुंच रहे हैं। वाहनों की बढ़ती खरीद, ड्राइविंग में बढ़ती स्पीड और आधुनिक जीवन शैली की व्यस्तता में बढ़ती लापरवाही ने हिमाचल का सुकून छीन लिया है। परिवहन को सुरक्षित बनाने के लिए ड्राइविंग शिष्टाचार को सिर्फ पुलिस पैट्रोलिंग ही सुधार सकती है, जबकि सिटी व इंटरसिटी बस सेवाओं को सक्षम व निजी वाहनों की तरह समय का पाबंद बनाना होगा। सार्वजनिक परिवहन के विभिन्न विकल्पों पर महापरियोजनाओं पर काम करना पड़ेगा, क्योंकि सडक़ों की चौड़ाई को बढ़ाते हुए हम पहाड़ों को अस्थिर कर रहे हैं।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरें**

## केंदु पत्ता तोड़कर घर वापस लौटी महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर ग्राम के टोंगरीटोला निवासी कैलाशपति देवी 55 वर्ष प्रति रवि गंझु का संदेहास्पद स्थिति में उसकी मौत हो गई। रवी गंझु ने बताया कि मेरी पत्नी केंदु पता तोड़ने जंगल गई हुई थी। एवं वहां से वापस आकर घर का सारा कार्य निपटा रही थी ।इसी बीच वह एकाएक बेहोश हो गई। जिसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा इलाज किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार कैलाशपति देवी को किसी विषैला जंतु द्वारा काटे जाने की संभावना बताया है। इलाज के दौरान महिला के मुंह से झाग निकल रहा था। ज्ञात हो कि कैलाशपति देवी की छः लड़कियां हैं। जिनमें से दो का विवाह हो गया है। वही घटना के बाद परिजनों का रो-रो का बुरा हाल है।

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित देर शाम हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित समाहरणालय सभा कक्ष में सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक की उपस्थिति में समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से वर्तमान में जिले में कुल मतदाता, वाहन मैनेजमेंट, मैन पावर मैनेजमेंट, पीठासीन पदाधिकारी का प्रशिक्षण, माईक्रो ऑब्जर्वर, मतगणना की तैयारी, पोलिंग पार्टी डिस्पैज एवं प्राप्ति, वल्नरेबल बूथ, वल्नरेबल व्यक्ति समेत अन्य की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।चतरा जिले के 26-सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल पुरूष मतदाता 193181, महिला 182072 कुल 375253 मतदाता है। जिसमें दिव्यांग मतदाता 5529, 18-19 वर्ष के मतदाता 17119, सर्विस इलेक्टर्स 619, 85प्लस उम्र के वृद्ध मतदाता 1753 है। 27-चतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल महिला मतदाता 207996, पुरूष 217471 कुल मतदाता 425467



मतदाता है। जिसमें दिव्यांग मतदाता 7198, 18-19 वर्ष के मतदाता 21459, सर्विस इलेक्टर्स 625, 85प्लस उम्र के वृद्ध मतदाता 1793 है। लातेहार 73-मनिका विधानसभा क्षेत्र में कुल पुरूष मतदाता 130193, महिला मतदाता 129198 कुल 259391 है। जिसमें दिव्यांग मतदाता 3930, 18-19 वर्ष के मतदाता 10889, सर्विस इलेक्टर्स 521, 85प्लस उम्र के वृद्ध मतदाता 1679 है। 74-लातेहार विधानसभा क्षेत्र में कुल पुरूष मतदाता 154816, महिला 150983 कुल मतदाता 305799 हैं । जिसमें दिव्यांग मतदाता 3310, 18-19 वर्ष के मतदाता 12142, सर्विस इलेक्टर्स 381, 85प्लस उम्र के वृद्ध मतदाता 2473 है। 75-पांकी विधानसभा क्षेत्र में कुल पुरूष मतदाता 165321, महिला मतदाता 156610 कुल 321931 है। जिसमें दिव्यांग मतदाता 7411, 18-19 वर्ष के मतदाता 15433, सर्विस इलेक्टर्स 602, 85प्लस उम्र के वृद्ध मतदाता 2103 है।बताते चले कि इसी प्रकार पांचों विधानसभा क्षेत्र मिलाकर कुल मतदाताओं 1687841 है। जिसमें कुल दिव्यांग मतदाता 27378, 18-19 वर्ष के मतदाता 77042, सर्विस इलेक्टर्स 2748, 85प्लस उम्र के वृद्ध मतदाता 7698 है। बैठक में बताया गया कि 2019 लोकसभा चुनाव के समय कुल 676777 मतदाता थे वहीं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं में वृद्धि हुई है जो कि कुल मतदाता 800720 है। चतरा विधानसभा एवं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 2019 की तुलना में वर्ष 2024 में कुल 123943 नए मतदाता जुड़े। आगे जानकारी दी गई कि चतरा विधानसभा क्षेत्र के वैसे बूथ जहां के मतदाताओं को 12-13 कि0मी0 की दूरी तय कर मतदान करने जाना पड़ता था वैसे तीन मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव भेजी गई है। जिसमें 372 यूपीएस सिकीद कान्हाचट्टी को 371 एमएस गड़िया, 267 यूपीएस एकता मरगड़ा कुन्दा को 264 यूएचएस कुटील, 269 एनपीएस कोजराम कुन्दा को, 268 यूएमएस सिकीदाग के लिए प्रस्ताव भोजी गई है। इसके अलावे ईभीएम डिस्पैच एवं प्राप्ति से संबंधित तैयारियों, वाहन कोषांग के द्वारा किए जा रहे कार्य, स्वीप गतिविधि, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन समेत अन्य कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। स्वीप गतिविधि के बारें में बताया गया कि जिले भर में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु 148 रात्रि चौपाल, 28 नुक्कड़ नाटक, 46 पेंटिंग प्रतियोगिता, 134 कैंडल मार्च, 26 सिगनेचर अभियान, 46 से अधिक रंगोली प्रतियोगिता, 29 सेल्फी कैम्पेन, 238 डोर टू डोर विजिट कार्यक्रम, 15 रैली, 245 एसएचजी महिलाओं के साथ बैठक, बूथ जागरूकता ग्रुप, 894 गतिविधि समेत अन्य कार्य कराएं गए है। जिससे अधिक से अधिक मतदाता जागरूक होकर अपने मत का प्रयोग करें। हर एक मतदाता के मत का महत्व है। सबसे कम प्रतिशत वाले कुल 50 मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर जिले के अधिकारियों को हर एक बूथ के लिए नोडल पदाधिकारी बनाया गया है जो बूथ पर जाकर तीन बार कार्यक्रम कर रहें है। बैठक में सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल, व्यय प्रेक्षक सैकत बसु, पुलिस प्रेक्षक गोपेश अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## एकल अभियान के तहत किया गया कार्यक्रम



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में एकल अभियान के तहत बृहस्पतिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एकल अभियान से जुड़े किरण देवी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित के साथ भारत माता की जय वंदे मातरम के गाने लगाए गए।जहां मुख्य अतिथि गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी पहरा पंचायत पूर्व मुखिया सरिता देवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में धर्म की रक्षा हो धर्म की परिवर्तन ना करें,पर विशेष चर्चा की गई।एवं लोगों को बतलाया गया।तथा उपस्थित लोगों के बीच संस्कार युक्त लोग बने रहें।पर भी विशेष बातें बताई गई।साथ ही साथ लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने की भी चर्चा की गई।मौके पर उपस्थित सच अंचल अध्यक्ष महेंद्र राम प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर दांगी कोषाध्यक्ष निरंजन प्रजापति संरक्षक नंदलाल केसरी प्रमुख भरत सिंह के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति, लातेहार की एक बैठक संरक्षक अभिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में कई निर्णय लिये गये।समिति ने सर्वसम्मति से मंदिर के पुजारी राजेश्वर पाठक उर्फ राजेश पाठक को सेवामुक्त करते हुए रामेश्वर पांडेय (करवनडीहा, रोहतास) को नये वैतनिक पुजारी के रूप में प्रतिनियक्त किया।इसके अलावा बैठक में मंदिर के उपरी तल्ले में अविस्थत कमरों का सुदृढ़ीकरण वं सुंदरीकरण करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत कमरों का फिर से रंगरोंगन, पलंग व अन्य फर्नीचर का क्रय एवं हॉल में बिजली वायरिंग कराने का निर्णय लिया गया। बैठक मे मंदिर विकास निधि, वाहन पूजा शुल्क, मासिक दानपात्र तथा हालिया संपन्न हुए वार्षिकोत्सव के आय-व्यय की समीक्षा आगामी 31 मई तक कर लेने का निर्णय लिया गया।बैठक मे संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार साहू व त्रिभुवन पांडेय, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल व बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, अशोक दास, ओमप्रकाश प्रसाद उर्फ राजू प्रसाद, संतोष कुमार प्रसाद उर्फ पिंटू, सतीष कुमार, परितोष ठाकुर, विवेक शुक्ला, गोलू पाठक, अंकित कुमार, धर्मवीर प्रजापति आदि मौजूद थे।

# साल गुजर जाने के बाद भी नही हुआ पुल का निर्माण, मतदाताओं को होगी खासी परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर (चतरा) :** प्रखंड के घोरिघाट पंचायत के सिलदाहा नाला पर बन रहे पुल का निर्माण एक साल से भी ज्यादा व्यतीत हो जाने के बाद भी पूरा नहीं हो पाया है । यही नहीं पुल में कार्य भी बेहद हीं धीमी गति से की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है की इस बड़े नाले के उस पार मध्य विद्यालय मथुरापुर तथा जनता उच्च विद्यालय अवस्थित है। सालों भर आम ग्रामीण सहित दोनो विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं काफी मुश्किल का सामना करते हुए नाला को पार कर स्कूल पढ़ने जाते हैं। गर्मी के दिनों में तो बच्चे जैसे तैसे गंदे नाले को पार कर स्कूल आना जाना कर लेते हैं परंतु पूरे बरसात पानी का बहाव रहने से अभिभावकों को जान की बाज़ी



लगाकर बच्चों को स्कूल पहुंचाना पड़ता है। इन सब परेशानियों से जब लोगों ने चतरा विधायक सह मंत्री सत्यानंद भोक्ता को अवगत कराया तो उन्होंने तत्काल लोगों की जरूरत समझते हुए सिलदाहा नाला पर पुल बनाने की अनुशंसा कर दी। मंत्री श्री भोक्ता के अनुशंसा पर पुल का निर्माण जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट अर्थात डीएमएफटी मद से कराया जा रहा है। ऐसी उम्मीद थी की पुल का निर्माण ससमय पर हो जाएगा जिससे न केवल स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सुविधा होगी बल्कि लोक सभा चुनाव में वोटिंग के लिए मध्य विद्यालय में बनाए गए बूथ संख्या 161 तथा बूथ संख्या 164 के सैकड़ों बूढ़े बुजुर्ग सहित आम मतदाताओं को 20 मई को वोट डालने जाने में परेशानी नही होगी। परंतु संवेदक के द्वारा कार्य में लापरवाही बरते जाने के कारण अति आवश्यक समझे जाने वाले इस पुल का निर्माण भी कछुये की चाल से हो रहा है। बताते चलें की इस पुल का निर्माण हो जाने से न केवल दोनो विद्यालयों में पठन पाठन करने वाले बच्चों को फायदा होगा बल्कि मथुरापुर मंदिर, पुलिस पिकेट, जोलह तेतरिया, हेड दोहर, केशवा, एवं बिहार राज्य के विकोपुर पंचायत के दर्जनों गांव के लोगों को आने जाने में सुविधा होगी।

# कृषक सखी व पशु सखी के साथ एफटीसी ने किया बैठक, कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जेएसएलपीएस के तहत संचालित छः घरवा सीएलएफ क्लस्टर ऑफिस में कृषक सखी एवं पशु सखी के साथ एफटीसी अनिल प्रजापति ने रिव्यू मीटिंग किया। जहां कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर भी गांव में प्रचार प्रसार करने की चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों से महीने भर का कार्य की जानकारी ली गई। एवं वर्क डन जमा करवाया गया। तथा बकरी को टीकाकरण करने के लिए दवाई का वितरण किया गया। उपस्थित सभी कृषक सखी एवं पशु सखी को एफपीओ में जल्द से जल्द सदस्यों को बढ़ाने की बात कही गई है। एवं



प्रत्येक कृषक सखी एवं पशु सखी को कम से कम 10 सदस्यों को जोड़ने की बात मई माह में कही गई है। तथा कार्य में तेजी लाने की बात कही गई। और बरसात में लगने वाले फसल धान मक्का मडुवा उरद अरहर जैसे फसलों की डिमांड लेने की बात कही गई है। मौके पर उपस्थित सीसी सुनील कुमार सुमित्रा देवी एलएच सुमन वर्मा बीआरपी विजय रजक कृषक सखी नीलम कुमारी सरस्वती कुमारी अंजू देवी मालती देवी रेखा देवी प्रतिमा देवी अंगिरा देवी पशु सखी अंशु कुमारी बैठक में उपस्थित थी।

## शौचालय निर्माण में भारी अनियमितता



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आसन्न लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और सुविधायुक्त तरीके से कराने को लेकर बूथ स्तर से लेकर क्लस्टर तक आवागमन, पेयजल आपूर्ति, बिजली, शौच की सुविधाएं हर संभव देने को लेकर जिला प्रशासन काफी हद तक सक्रिय है जिसे लेकर बरवाडीह के मॉडल विद्यालय के समीप पीएचईडी विभाग द्वारा टेंडर का लाखों की लागत से शौचालय निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है। जहां शौचालय निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं हो रहा है। शौचालय निर्माण कार्य में बंग्ला ईट का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं निम्न स्तर का सीमेंट से दस अनुपात एक के मसाले का उपयोग ईट जोड़ाई में हो रहा है। जहां शौचालय के प्लिंथ में एक भी स्टील नहीं दिया गया है। वहीं दीवार में पानी भी नहीं डाला जा रहा है। इस संबंध में सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडेय ने बताया कि प्लिंथ में स्टील डालने का कोई प्रावधान नहीं है। बताया जा रहा है कि शौचालय निर्माण कार्य संवेदक द्वारा किसी दूसरे तीसरे व्यक्ति को पेटी कॉन्ट्रैक्ट में दिया गया है। वहीं मजदूरों की मानें तो निर्माण कार्य एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करना है जिसे लेकर आनन फानन में घटिया निर्माण किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव सम्पन्न होने के बाद शौचालय में ताला जड़ दिया जाएगा फिर शौचालय किसी काम का नहीं होगा यही वजह है कि बस ढांचा खड़ा करना है। बताते चलें कि प्रखंड बरवाडीह में आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीएचईडी और भवन विभाग से कई शौचालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## गठबंधन प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को विजयी बनाना गठबंधन कार्यकर्ताओं कि बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छेंचा पंचायत के टिकुआ टोला और खुरा पंचायत के आसपास के कई गांवों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में चुनावी सभा का आयोजन हुआ।इस दौरान क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नकुल त्रिपाठी ने कहा कि महागठबंधन उम्मीदवार के एन त्रिपाठी को विजयी बनाने को लेकर गठबंधन कार्यकर्ता गांव-गांव में पहुंच कर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। आज भाजपा की सरकार देश के सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के गरीब पिछड़े वर्ग के लोग अब जागरूक हो गए हैं भाजपा सरकार के झांसे में नहीं आने वाले। उन्होंने कहा कि गठबंधन के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि के एन त्रिपाठी को एक बार मौका दिजिए क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी,जितने भी अधुरे कार्य हैं उन्हें पुरा कराने का वादा रहेगा। मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, कांग्रेस प्रदेश कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, मुखिया मुना सिंह, प्रेम कुमार सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष नेत्री आरती देवी, शशिभूषण तिवारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार, हुलास सिंह राहुल गुप्ता समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पथसभा कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने लिया भाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित गेरवाटांड में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी का पथसभा कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह शामिल हुए। जहां भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का स्वागत करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाया और जीत की अग्रिम बधाई दिया। मौके पर बोलते हुए प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा मैं अपनी ओर से आपलोगो को आश्वस्त कर देना चाहता हूं कि जिस पार्टी का नेता मोदी जैसा हो। जो देश की जनता की सेवा के लिए 24 घंटा खड़ा रहते हैं । वैसे ही मैं उनके एक कार्यकर्ता के रूप में मैं चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए 12:00 बजे रात में भी फोन उठाकर उनकी समस्या का निदान करूंगा। इसकी मैं गारंटी देता हूं। मेरी



आप लोगों से विनम्र प्रार्थना है कि आप लोग मेरे पक्ष में इतना मतदान करें की जब मैं आपके पास आभार व्यक्त करने आऊं तो आपके सम्मान में मेरा सर झुका रहे ।और मैं दिल्ली जाऊं तो लोग मुझे कहें भाजपा ने स्थानीय को टिकट दिया है तो उसका जनता ने सम्मान किया है। उन्होंने भाजपा नेता स्व.राजेंद्र प्रसाद साहू को याद करते हुए कहा की वह मुझे चाचा कहकर संबोधित करते थे । राजेंद्र साहू ने समाज के विकास के लिए एक से बढ़कर एक कार्य किया। उनके सम्मान में राजेंद्र प्रसाद साहू के मूर्ति के अनावरण में मैं सहयोग करूंगा। कार्यक्रम से पूर्व भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बालूमाथ के महावीर मंदिर और तेलीटोला स्थित देवी मंडप में जाकर माथा टेका और भगवान का आशीर्वाद लिया ।मौके पर कार्यक्रम प्रभारी नामेश्वर गुप्ता, प्रेम प्रसाद गुप्ता, रौशन साव, अर्जुन गुप्ता, संजीत साहू, रामकुमार गुप्ता, त्रिवेणी साहू, अमित कुमार, बीरेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सूरज शाह, गोलू साव, लक्ष्मण कुशवाहा, विजय गुप्ता, मनोहर साव, दीना साव, अरविंद भगत, अरुण साव, उपेंद्र रंगीला, बबलू चौरसिया, पंकज सिन्हा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# लातेहार विधायक ने गठबंधन के कार्यकर्त्ताओं के साथ किया बैठक, बूथ को सशक्त करने पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के आवास पर गुरुवार को लातेहार विधायक व गठबंधन के कार्यकर्त्ताओं ने चुनाव को लेकर बैठक किया, बैठक मे बूथ को शशक्त करने पर चर्चा किया गया। बैठक मे लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने सभी गठबंधन के कार्यकर्त्ताओं को आपसी एकता का परिचय देते हुए क्षेत्र में ईमानदारी पूर्वक कार्य करनें की अपील की। साथ ही कहा कि भारत के संविधान की रक्षा के लिए इंडी गठबंधन को सहयोग करना जरुरी है. इसलिए सभी कार्यकर्त्ता अपने अपने क्षेत्र के बूथ को मजबूत बनाएँ. वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेशर उरांव ने पार्टी की गारंटी कार्ड के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया। वहीं जेएमएम जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने सभी कार्यकर्ताओ को गठबंधन को मजबूत बनाए रखने की बात कही. कांग्रेस प्रदेश सचिव सलाम अंसारी, मिडिया प्रभारी पंकज तिवारी सहित कई अतिथियों ने भी अपनी बात को रखा। मौके पर विससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव, कांग्रेस युवा नेता लाल आशीष नाथ शाहदेव, पवन यादव, संतोष यादव लवकुश कुमार यादव, संतोष यादव, कुलदीप राम, नरेश उरांव, रंजय राम, अजय कुमार राम, राजदेव उरांव, मो सफीक, मो इम्तियाज़, मुमताज़, सुरेश यादव, मुकेश यादव, संतोष यादव सहित काफ़ी संख्या में गठबंधन के कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# दर्शन गंझु ने चंदवा के कई गांवों का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड पार्टी के चतरा लोकसभा के प्रत्याशी दर्शन गंझू ने चंदवा प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा किया। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के लुकुईया, चिरो, बोदा, बुलहु, सिकनी, परसा टॉड, लटदाग, नवाडीह, बारी गांव का दौरा किया। गांव पंहुचने पर उनका ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। दर्शन गंझु ने गांव में दौरा कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा सभी ग्रामीण क्षेत्रों में दलित आदिवासी शोषित वंचित समाज का उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है।इसलिए उन्हें एक बार मौका दें।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समस्या से वे अवगत है। उन्होंने कहा कि उन्हे उम्मीद है कि भारी समर्थन मिलेगा। इस मौके पर विश्वनाथ गंझू, रामवचन देव गंझू अमृत गंझू प्रकाश गंझू सत्य नारायण गंझू सोमनाथ गंझू दिलीप गंझू, जगमोहन



गंझू, महेंद्र गंझू, बिजेंद्र प्रजापति, बुटन यादव, मनू यादव, नगिया देवी सरीता देवी, एतवरीया देवी, खुशबू देवी, दशमी देवी दशरथ गंझू, मुंगेश गंझ, चरकू पाहन, रमेश गंझू ,सरमा गंझू जयमंगल गंझू, केदार गंझू हरीलाल गंझू, मुनिया देवी, प्रमिला देवी, जगमोहन गंझू चरकू गंझु, संकेंद्र गंझू, चन्द्र देव गंझू, भुनेश्वर गंझू, सुनील गंझू रामचंद्र गंझू, संजय गंझू, समृत गंझू, बिंदेश्वर गंझू, कमलेंद्र गंझू संजय गंझू, जासो देवी, मूनी देवी सरीता देवी, गूंजरी देवी, मोहरमनी देवी ,संजय गंझू, हिरामन गंझू सुरेश गंझू, पुरान गंझू, अनिल गंझू, बनारसी गंझू, रामा गंझू आदि लोग मौजद थे।

## महागठबंधन की हुई बैठक में प्रत्याशी को विजयी दिलाने का लिया गया संकल्प



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित कजरिया होटल में गुरुवार को महागठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई। जिसमें लातेहार के झामुमो विधायक बैजनाथ राम शामिल हुए। मौके पर बोलते हुए विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि महागठबंधन की ओर से घोषित प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजई बनाना है। देश में आज अराजकता की स्थिति है । महंगाई की मार से हर गरीब आज परेशान है। देश का संविधान आज खतरे में है। इन सभी बातों का ख्याल रखते हुए महागठबंधन के प्रत्याशी को विजई बनाना है। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष मोतीलाल नाथ शाहदेव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोतिउर रहमान समेत कई लोग उपस्थित थे।

# तेज हवा, आंधी व बारिश ने भुरकुंडा, भदानीनगर क्षेत्र में खूब मचाई तबाही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा और भदानी नगर क्षेत्र के कई इलाकों में आई तेज हवा-आंधी, बारिश ने भुरकुंडा, भदानीनगर क्षेत्र में खूब तबाही मचाई। तेज हवा में कुर्सीटक पंचायत के घाघरा , बेहरा डोंगरी के सुकारा उरांव का घर पुरी तरह से तेज हवा के कारण क्षतिग्रस्त हो गया जिससे उसके घर का सिट उड़ा गया और वह बेघर हो गया। इसी तरह सुथरपुर, चिटटो, लपंगा कॉलोनी सहित अन्य जगहों में कई पेंड़ टूटकर गिर गए। जिससे कई घरों व मकान को नुकसान पहुंचा है। साथ ही हवा ने कईयों के एस्बेस्टस व खपरैल घर की छत को उड़ा दिया। इस बीच चार लोग चपेट में आने से घायल हुए हैं। तेज हवा से सुथरपुर में विशाल इमली का पेड़ का बड़ा हिस्सा एतवा मुंडा के मिट्टी घर पर गिर गया। जिसमें घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। साथ ही वहीं पर लगा सोलर जलमीनार का एल सोलर प्लेट टूटकर गिर गया। जब पेंड़ की डाली गिरी तब उस समय खराब चापानल को दो मिस्त्री बना रहे थे। जिसपर डाली गिर गई और दोनों को चोटें लगी। उन्हे तुरंत भुरकुंडा भेजकर इलाज कराया गया। वहीं उसी पेंड़ की टहनी से प्रमुख की 17 वर्षीय पुत्री यशोदा कुमारी और भतीजी 11 वर्षीय सीता कुमारी भी घायल हो गई। वहीं चिटटो में तेज आंधी ने बिरसा गंझू, विजय मुंडा, देव कुमार गंझू,मनीष गंझू, जनक मुंडा, मोहन मुंडा, नारायण गंझू साधु गंझू के छत एस्बेस्टस उड़ गए। जिससे उनको काफी नुकसान उठाना पड़ा। साथ ही मिट्टी के घर पर कई पेंड़ की डालियां गिरने से खपरैल घर को भी नुकसान हुआ है। चिटटो में हवा के कारण गांव में आई बिजली का 11 हजार वोल्ट वाली बिजली का खम्भा गिर गया। जिससे गांव में 24 घंटो से बिजली गुल है।

# हज यात्रियों का पहला जत्था मक्का मदीना के लिए रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों से हज यात्रियों का पहला जत्था बीती रात मक्का मदीना के लिये रवाना हो गया। इस दौरान हज यात्रियों को स्थानीय लोगों ने फूल माला पहना कर हज के लिए रवाना किया। हज यात्रा में मास्टर अख्तर हुसैन, अंजुम आरा, मो जलील, मंजूर आलम, नूर जहां खातून, नफीसुल्लाह खान, मास्टर अजहर हुसैन, शहनाज बेगम आदि शामिल थे। इस दौरान हज यात्रियों के द्वारा मुल्क में अमन चैन, क्षेत्र में शांति, प्रेम भाईचारे, सफर की आसानी और हज ए मकबूल की दुआ मांगी गई। वहीं हज ए मुबारक पर जा रहे हज यात्रियों ने स्थानिय क़ब्रिस्तान पहुंच कर फातेहा व सलात वो सलाम पढ़े। मौके पर मौजूद क्लान्द्रिया एसोशिएशन ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी आफ़ताब ने बताया की 2024 में ज़िले के विभिन्न प्रखण्ड से 24 जायरीन हज के लिये जा रहे हैं। हज यात्री कोलकाता हवाई अड्डे से मदीना के लिये 40-45 दिनों के सफर तय कर हज के सारे अरकान पूरे करेंगें ततपश्चात अपने मुल्क भारत लौटेंगे। बहरहाल लोग इस मुबारक सफर पर निकल गए, जिसकी उम्मीद सभी मुस्लिम करते हैं। मौके पर हाजी वसीम अहमद, हाजी आफ़ताब, आजाद खान, शाहनवाज राजा, मो एकबाल, अहमद हुसैन, अरशद हुसैन सहित सहित सैकड़ों लोग इस मुबारक मौके पर मौजूद थे।

## लुरूंगा में तीन वर्षीय बच्ची की निर्मम हत्या,पिता ने पड़ोसियों पर लगाया हत्या का आरोप

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी ओपी अंतर्गत ग्राम लुरूंगा टोला डुमरबेडा से एक दिल दहला देने वाली घटना घटित हुई है। जहा डुमरबेडा निवासी संतोष महतो की तीन वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी का शव घर के बगल में ही पंचित महतो के कुएं से बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शिवानी कुमारी मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे आई आंधी तूफान के दौरान घर के बाहर खेलते खेलते अचानक लापता हो गई। उस वक्त उसकी मां घर से कुछ दुरी पर किसी काम पर गई थी। कुछ देर बाद अपने घर लौटने पर बच्ची को घर पर ना पाते हुए आस पड़ोस में खोजबीन की। परंतु काफी खोजबीन के बाद भी बच्ची का कहीं सुराग नहीं मिला। अगले दिन बुधवार सुबह एग्यारह बजे पुनः खोजबीन करने पर गांव के ही पंचित महतो के कुएं में बच्ची का शव तैरता हुआ मिला। वही परिजनो ने शव को कुएं से बाहर निकाला। शव कुएं से निकलने के बाद शव देख परिजन हैरान हो गए। क्योंकि बच्ची का मुंह टेप से साटा गया था और उसके चेहरे पर दो तीन जगहों पर किल लगी हुई थी।वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।वहीं इसके पश्चात घर के सदस्यों ने उरीमारी पुलिस को सूचना दी। जिसमें घटना स्थल पर पहुंची उरीमारी पुलिस ने शव का पंचनामा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। वहीं इस घटना के बाद पुरे गांव में मातम का माहौल छा गया है। दुसरी ओर इस घटना के संबंध में उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि यह घटना प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतिक होता है। घटना के संबंध में परिजनों द्वारा पुलिस को लिखित आवेदन मिली है। जिसमें बच्ची के पिता संतोष महतो ने हत्या का शक आस पड़ोस के लोगों पर लगाया है। ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने यह भी कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है। किसी भी हाल में गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा।वहीं गांव के ग्रामीण के जुबान पर एक ही सवाल उठ रहा था कि इतनी छोटी बच्ची का किसी के साथ क्या दुश्मनी हो सकती है। अगर बच्ची ने कोई ग़लती कि हो तो उसकी सजा इतनी बड़ी नहीं हो सकती है।

# सभा सफल बनाने के लिए पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल की अध्यक्षता में होटल शुभम पैलेस में दिनांक 10/5/2024 को होने वाले महागठबंन के प्रत्याशी माननीय विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के दौरा और सभा को लेकर एक प्रेस वार्ता रखी गयी,जिसमें कल के कार्यक्रम आपार सफलता के लिए कई रणनीति बनाई गयी जय प्रकाश सिंह ननकी को लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष के द्वारा पतरातु प्रखंड के प्रभारी बनाये जाने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित वरीय कांग्रेसी नेता चमन लाल ने कहा कि की जय प्रकाश सिंह ननकी संगठन के पुराने सिपाही है और वे संगठन के विभिन्न पदों पर निरंतर कार्य किया है इनके पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रभारी जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि कल प्रत्याशी के कार्यक्रम में पुरे पतरातु प्रखंड के महागठबंन के साथी उपस्थित होगे। और उसके दुसरे दिन से पंचायत में स्थानीय नेता व कार्यकर्तागण डोर टु डोर जनसम्पर्क अभियान चलाया जायेगा।हर बुथ पर बैठक के लिए अलग अलग पदाधिकारी नियुक्त किए जायेगे रीवर साईड की सभा मे पुर्व वित एवं विदेश मंत्री सह माननीय सांसद यशवंत सिन्हा,सीपीआई के रविन्द्र कुमार,मिथलेश सिंह,झामुमो के केंद्रीय महासचिव संजीव बेदिया,राजद के गिरधारी गोप, बड़कागांव विधानसभा के माननीय विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद,बरही के माननीय विधायक उमाशंकर अकेला सहित महागठबंन के जिला व प्रदेश के कई नेतागण उपस्थित हो रहे हैं। सुजीत पटेल ने महागठबंन के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण,ट्रेड युनियन के सभी नेता गण सहित आम जनों से भी कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ में खुला एनडीए का चुनावी कार्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर के ला मेरिटल होटल में गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन रामगढ़ विधानसभा और कैंट मंडल का चुनावी कार्यालय खुला। जिसका उद्घाटन रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी और भाजपा के हजारीबाग लोकसभा चुनाव प्रभारी शशिभूषण भगत ने विधिवत फीता काटकर किया।इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताधर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, आजसूपार्टी जिंदाबाद के नारे भी लगाये। अवसर पर नेताओं ने चुनाव में पूरी तरह से जुट जाने और हजारीबाग लोकसभा सीट सेभाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी बहुमत जीत दिलाने का आव्हान किया।कार्यक्रम के दौरान विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि हजारीबाग लोग सभा में जीत सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं। जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार के कार्यों, उपलब्धियों और निति-सिद्धांतों से अवगत करा रहे। कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनाव में जुटे हुए हैं। जनता का रूझान भी हमारे पक्ष में है। हमलोग भारी बहुमत हजारीबाग लोक सभी से जीत सुनिश्चित करेंगे।इस कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रंजीत पांडेय ने किया। अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल टाइगर, हजारीबाग विधानसभा प्रभारी प्रो. संजय सिंह, खिरोधर प्रसाद साहू, विजय जायसवाल, सरदार अनमोल सिंह, सूर्यवंश श्रीवास्तव. राजीव पामदत्त, नमेंद्र चंचल, ब्रजेश पाठक, छोटन सिंह, भीमसेन चौहान, ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मंडल, जगदीश शर्मा, अरविंद सिंह, करण जायसवाल, मनोज पासवान, विनोद कुमार, वरूण सिंह, सत्यजीत चौधरी, मनोज सिंह, मुन्ना खटिक, राजेश ठाकुर, मोहन पांडेय, अजीत गुप्ता, सुशांत पांडेय, वसुध तिवारी, अरूण अग्रवाल, अनुपमा सिंह, मणिशंकर ठाकुर, नीता चक्रवर्ती, सारिका राठौड़, शीतल सिंह, पार्वती देवी, रीना साह, सिंधु, कुलदीप प्रसाद सहित कई उपस्थित रहे।

## हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा के कई प्रतिनिधि और नजदीकियों ने पिछले कुछ दिनों में भाजपा से इस्तीफा दे दिया हैद्य पार्टी से इस्तीफा देने वालों का सिलसिला अभी भी जारी हैद्य इस्तीफा देने वाले नेताओं के बारे में चर्चा है वे सभी सांसद जयंत सिंहा के प्रतिनिधि और करीबी रहे हैं। पार्टी छोड़ने वालों में सांसद प्रतिनिधि प्रो सुरेंद्र सिंह, प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, सुमन कुमार सिंह , विपिन सिंहा एवं पार्टी पदाधिकारी राजेश सहाय जिला उपाध्यक्ष , प्रियम वादा, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुख्य रुप से शामिल है। गुरुवार को बडका काना के देवेन्द्र सिंह, ने भी अपने समर्थको के साथ अपने सभी प्रारम्भिक पद से इस्तीफा दे दिया। इस मौके पर देवेन्द्र सिंह ने कहा कि आपने कार्यकाल में नगर परिषद का चुनाव हो या किसी भी प्रकार का सांगठनीक कार्य हो जिसमें उपेक्षित महसुस किया। मुझे हमेशा अनदेखा करते रहें। यहाँ तक की मुझे बडकागाँव विधान सभा चुनाव समिति सदस्य का भी चयन किया गया पर एक भी बैठक में मुझे नहीं बुलाया गया। ऐसे में मेरा आपके साथ संगठन का कार्य करना असंभव है। अतः मैं अपने कुछ समर्थको के साथ अपने सभी प्रारम्भिक पद से इस्तीफा देता हूँ ।



## भुरकुंडा निवासी रोटेरियन प्रवीण कुमार शर्मा ने सीसीएल के नए सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह से मुलाकात की

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा निवासी रोटेरियन प्रवीण कुमार शर्मा ने सीसीएल के नए सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह से रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय में मुलाकात की ।इस दौरान प्रवीण शर्मा ने उन्हें बुके देकर शुभकामनाएं दी ।प्रवीण शर्मा ने कहा कि नए सीएमडी के नेतृत्व में सीसीएल कोयला उत्पादन में नया कृतिमान रचेगा। नए सीएमडी सीसीएल से पूर्व से अवगत हैं, इसका लाभ कंपनी को मिलेगा।



## पतरातू मंडल भाजपा बूथ अध्यक्षों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** मंडल के अंतर्गत पतरातू मेन रोड में स्थित चुनाव कार्यालय में पतरातू मंडल के सभी 64 बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता पतरातू मंडल के अध्यक्ष राजाराम प्रजापति संचालन महामंत्री पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पतरातू मंडल के प्रभारी योगेश दांगी प्रणय जायसवाल उपस्थित हुए तथा प्रभारी द्वारा सभी बूथ अध्यक्षों को कहा गया कि आप अपने-अपने बुथ में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ करते हुए देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यो को बतलाते हुए भाजपा के चुनाव चिन्ह क्रम संख्या 2 कमल छाप पर वोट देकर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी से भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। साथी ही एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल का जनसंपर्क अभियान सौंद डी बाजार पतरातू बाजार पीटीपीएस न्यू मार्केट बिरसा मार्केट बाजार में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ 11.5.2024 को सिमरिया में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को भी सफल बनाने हेतु प्रत्येक बूथ से अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता सिमरिया पहुंचेंगे इसका भी निर्णय लिया गया बैठक में मुख्य रूप से पतरातू मंडल उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो, डब्लू पांडे, रामेश्वर महतो, रंजन भगत, अमिता सोनी, वारिस खान ,गणेश ठाकुर, मान सिंह, जयप्रकाश प्रसाद, विश्वजीत दत्त, मनोज सिंह, बमबम रजक, विनय कुमार,ओम प्रकाश बिट्टू, सरयू महतो, भागीरथ राम,रेशमी देवी, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, मनोज राम, रामजी स्वर्णकार, रंजीत कुमार,राकेश कुमार, रणधीर कुमार, नारायण प्रसाद, बृजभूषण गोस्वामी, मनोज प्रजापति, रवि कुमार, संजीत दास, बृजेश सिंह, अशोक पाठक, मनोज साहू, संतोष कुमार झा, अमरेश कुमार, गोविंद कुमार सिंह इत्यादि

## डीएवी बरकाकाना में रविंद्र नाथ टैगोर की 163 वीं जयंती मनाई गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में महान कवि विचारक एवं शिक्षाविद रविंद्र नाथ टैगोर की 163 जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं रविंद्र जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। वर्ग एकादश के देव आर्यन ने मंच संचालन किया। वर्ग एकादश की मानसी कुशवाहा ने रविंद्र जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वर्ग एकादश की सृष्टि चंचल ने रविंद्र जी की प्रसिद्ध कविता फ्रीडम का मनमोहक कविता पाठ किया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका एएनबी तीर्की, मीता गांगुली, पारोमिता राय, सुवर्णा बसु ने रविंद्र जी के प्रसिद्ध गीत आगुनेर पोरोस मनी प्रस्तुत किया। वर्ग एकादश के देव आर्यन ने रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन से संबंधित घटनाक्रम पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करवाई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वर्ग नवम् की आराध्या, अवनी, संस्कृति, समीक्षा ने रविंद्र जी की लिखी हुई प्रसिद्ध गीत एकला चलो रे पर नृत्य प्रस्तुत किया एवं उनका ही लिखा इंग्लिश गीत कम माई फ्रेंड्स लेट्स ऑल रिजल्ट्स प्रस्तुत किया । इस अवसर पर वर्ग एकादश के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया एवं वर्ग दशम की प्रसिद्धि झा ने रविंद्र जी द्वारा रचित ऋतु गीत पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया । मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने बहु आयामी प्रतिभा के धनी श्री रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन से ग्रहण करने वाली तत्वों को अंगीकार कर उसे जीवन में उतारने की बात कही।

## ससुर ने बहू के साथ किया दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भदानीनगर ओपी क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करनेवाला बड़ा मामला प्रकाश में आया है। अपने बेटे की गैरमौजूदगी में एक पिता ने अपनी बहु को हैवानियत का शिकार बनाया है। मिली जानकारी के अनुसार महुआटोला निवासी निवासी निजाम अंसारी (52वर्ष) पिता स्व. क्यूम अंसारी के दोनों बेटे रोजाना की तरह बुधवार की सुबह काम करने स्थानीय फैक्ट्री में गये हुए थे। जबकि निजाम अंसारी खुद उसी फैक्ट्री से नाइट शिफ्ट करके घर लौटा था। इस दौरान बुधवार की दोपहर बड़े बेटे की पत्नी को अकेली पाकर निजाम ने जोर-जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म किया। वहीं पति के लौटने पर पीड़िता ने आपबीती सुनाई। जिसके बाद पति के साथ भदानीनगर ओपी पहुंची पीड़िता ने पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले में पतरातू थाना कांड संख्या 124/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को बुधवार की रात फैक्ट्री से गिरफ्तार कर लिया। अग्रेतर कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जबकि पीड़िता को मेडिकल जांच और मजिस्ट्रेट के समक्ष 164 का बयान दर्ज कराने के लिए ले जाया गया है। बताया जाता है कि आरोपी की पत्नी का हाल में ही निधन हुआ है। घटना से क्षेत्र के लोग स्तब्ध हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को शहर में सामाजिक कार्यों में अग्रणीय रहने वाली मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई।मारवाड़ी युवा मंच ने कार्यक्रम का आयोजन मारवाड़ी धर्मशाला में किया । अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नीलींद अग्रवाल, डाक्टर राहुल बरेलिया, नितेश बरेलिया, राहुल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संतोष गोकुलका ने महाराणा प्रताप की फोटो पर माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा कर राणा की 484 वी जयंती मनाई, एवं उनकी साहस और वीरता और बलिदान को याद करते हुए उन्हें सादर नमन किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष ने कहा महाराणा प्रताप के साहस और वीरता ने हमें मातृभूमि के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का सबक दिया है, महाराणा प्रताप के जीवन की कहानियां हमें हमेशा प्रेरित करती हैं एवं हम उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हैं।

## बच्चे खेल-खेल में शिक्षा ग्रहण करें : अंजू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शहर के बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या,मंदिर रामगढ़ में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षा अरुण से प्रभात के 60 अभिभावक उपस्थित हुए। छोटे-छोटे बच्चों ने अभिभावक को तिलक लगाकर स्वागत किया। शिशु वाटिका प्रमुख अंजू कुमारी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा,आज के इस बदलते परिवेश में बच्चों को खेल-खेल में ही शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए स्वयं माता को भी मोबाइल से दूरी बनाने की आवश्यकता है। बच्चों में नैतिक एवं सांस्कृतिक विकास हो इसके लिए बच्चों को अध्यात्म से जोड़ना भी चाहिए। कार्यक्रम में अभिभावकों को कई तरह के प्रशिक्षण दिए गए। उन्हें कई तरह के खेल बताए गए। जिसमे निशाना साधना, संतुलन बनाना, चित्रों में रंग भरना सिखाया गया। ताकि घर में अभिभावक इस तरह के क्रियाकलाप का प्रयोग कर बच्चों को मोबाइल से दूर रख सके। ई सी सी ई के अनुसार छोटे बच्चों को वस्ताविहीन शिक्षा देने का प्रावधान है।इसके प्रति विद्यालय कई तरह की योजनाएं बना रही है। मौके पर प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा बच्चों में सर्वांगीन विकास हो इसके लिए स्वयं अभिभावक बच्चों को प्रेरक कहानी, लोरियां सुनाएं। कहा कि बच्चे हमारा अनुशरण करते हैं। अतः हम अभिभावकों को भी अपने व्यवहार एवं क्रियाकलापों पर ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में आचार्या बबिता रानी, कुमारी शालू, अनिशा रंजन आदि।

## इल्म की रौशनी ट्रस्ट ने दिल में छेद बच्चे की इलाज के लिए की आर्थिक मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**वेस्ट बोकारो :** इल्म की रौशनी ट्रस्ट के जानिब से ज़रूरतमंद बच्चे की इलाज के लिए की गई आर्थिक मदद। ट्रस्ट को जब पता चला कि हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा गांव में एक ग़रीब बच्चा जिनका उम्र अभी सिर्फ़ पांच महीने का है। जो दिल में छेद जैसी बड़ी बिमारी में ग्रसित है। जिसकी इलाज के लिए रायपुर ले जाना है। और उन्हें पैसे की सख़्त ज़रूरत पड़ी तो कुछ लोगों ने ट्रस्ट के सचिव मुहम्मद वसीम कौसर रज़वी को इसके बारे में बताया और उनसे आग्रह किया कि इस ग़रीब बच्चे को आर्थिक मदद की जाए, जिनसे इलाज में कुछ आसानी हो। ट्रस्ट सचिव ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए पुरी टीम उसकी चांज में जुड गए। सुत्रो से पता चला कि उनके पिता एक ग़रीब घर से अपना ताल्लुक रखते हैं और ख़ुद उनका पेशा ऑटो चालक का है। बच्चे का पहले से इलाज जारी है मगर अब डाक्टर ने ऑपरेशन के लिए कहा है। ऑपरेशन होने से पहले ट्रस्ट ने आर्थिक मदद की और आश्वासन दिया कि आगे अगर ज़रूरत हो तो हमें जानकारी दीजिएगा जो भी ट्रस्ट के तरफ़ से हो सकेगा ट्रस्ट मदद के लिए हमेशा तैयार है। इस सहयोग में भी व्यक्तिगत तौर से भी कई लोग मदद कर रहे हैं। साथ ही ट्रस्ट सचिव ने ये भी बताया कि ट्रस्ट की कोशिश है कि ग़रीबों का सहयोग कर उनके चेहरे पर कुछ मुस्कान ला सके। मौक़े पर ट्रस्ट सदस्य फ़रहान रज़ा, फ़ैज़ान अन्सारी व अन्य लोग शामिल थे।

# राजद का प्रखण्ड स्तरीय पंचायत अध्यक्ष की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** गांव-पंचायत में बदलाव की लहर है, स्थानीय सांसद के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर है। इसबार कोडरमा विधानसभा की जनता ने भाजपा को हर बूथ पर हराने के लिए कमर कस चुकी है। कोडरमा ब्लॉक के 18 पंचायतों में जनता विकास योजनाओं को ढूंढ रही, लेकिन विकास भाजपा का चश्मा पहननेवालों को भी नही दिख रही है। उक्त बातें राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने राष्टीय जनता दल की कोडरमा ब्लॉक की पंचायत स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कही।झुमरीतिलैया में गुरुवार को विशुनपुर रोड स्थित चतरा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के आवास में कोडरमा ब्लॉक के राजद पंचायत अध्यक्षो की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष राम बचन यादव की अध्यक्षता में हुई, संचालन मो मुबारक ने किया। रामधन ने कहा कि कोडरमा विधानसभा में इंडिया गठबंधन हर बूथ पर राजद कार्यकर्ता के मेहनत के बलबूते ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस, जेएमएम,भाकपा माले,सीपीआई-सीपीएम, आमआदमी पार्टी और प्रगतिशील संगठन के कार्यकर्ता सामंजस्य बनाकर चुनाव प्रचार में जुटे है। कार्यकर्ताओ और जनता की एकजुटता देखकर भाजपा नकारात्मक प्रचार का सहारा ले रही है। ये उनकी राजनीतिक मनोभाव को प्रदर्शित कर रही है, क्योकि भाजपा को हार का डर सताने लगी है। उन्होंने कोडरमा ब्लॉक के सभी 18 पंचायत में युद्ध स्तर पर गांव गांव में प्रचार प्रसार करने का आह्वान कार्यकर्ताओ से किया।

## शराब को लेकर चलाया जा रहा अभियान

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक सभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड, राँची एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, कोडरमा के निदेशानुसार जिले में अवैध मदिरा के चौर्य व्यापार /विनिर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रतिदिन सघन छापामारी अभियान चलाते हुए सफलतापूर्वक अभियोग कार्य किया जा रहा है। उक्त जानकारी उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार ने दी । उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के की गई कार्यवाई में कुल दर्ज 166 मामले शराब बनाने ओर बेचने को लेकर दर्ज किया गया वहीं अवैध विदेशी शराब-442.230 लीटर, अवैध बीयर-383.650 लीटर, अवैध चुलाई शराब-4020.500 लीटर, अवैध जावा महुआ-52150 कि0ग्रा0, अवैध देशी शराब-0.540 लीटर एवं अवैध स्पिरिट-4200 लीटर बरामद किया गया. उन्होंने बताया कि लोक सभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कोडरमा जिले में अवैध मदिरा के चौर्य व्यापार/ विनिर्माण एवं बिक्री से संबंधित एवं जिला में संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री एम0आर0पी0 से अधिक मूल्य पर किये जाने की शिकायत उत्पाद पदाधिकारियों के व्हाट्सप्प मोबाइल न .- 9973520964, 969179517, 7903138432 तथा 7004398788 पर दर्ज की जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।

## साथी फाउंडेशन संस्था के बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साथी फाउंडेशन संस्था में पढ़ रहे बच्चों के साथ, इस संस्था की सक्रिय सदस्य सह भाजपा महिला मोर्चा झारखंड की प्रदेश कोषाध्यक्ष रमा सिन्हा ने केक काट कर अपना जन्मदिन बहुत ही हर्सोल्लास के साथ मनाया तथा बच्चो के बीच चॉकलेट, चिप्स, स्वीट आदि का वितरण भी किया। इस दौरान बच्चो के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। वहीं साथी फाउंडेशन की शिक्षिकाओं ने बुके देकर रमा सिन्हा को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाए दी। मौके पर साथी फाउंडेशन संस्था के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम भी मौजुद थे।

## टुंडी में 39वां श्री श्री रामचरित मानस यज्ञ व सम्मेलन का भव्य आयोजन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के भुरसाबांक शिव मंदिर प्रांगण में हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री रामचरित मानस यज्ञ एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कुल 501 कुंवारी कन्याओं द्वारा छठ तालाब से क्लश में पानी भर कर यज्ञ स्थल पहुंचे फिर पूजन एवं हवन की पूजा पंडितों द्वारा प्रारंभ किया गया। बताया जाता है कि टुंडी शिव मंदिर प्रांगण में हर बर्ष 9 -मई से 18 मई तक राम चरित मानस यज्ञ का आयोजन किया जाता है जिसमें लब्ध प्रतिष्ठित पंडितों द्वारा हवन पूजन के साथ साथ बनारस से आये कथावाचक के द्वारा कथा का श्रवण कराया जाता है एवं 9 दिनों तक इस यज्ञ के अलावा मेले का भी आयोजन किया जाता है।इस मेले में कई तरह के आकर्षण झूला, सर्कस,मौत का कुआं समेत कई तरह के लोक लुभावन चीजों का आयोजन से बच्चों के साथ साथ बुजुर्ग भी आनंद लेते हैं।इस यज्ञ में चुनाव को देखते हुए कई जनप्रतिनिधियों के आगमन को लेकर आज के क्लश यात्रा काफी आनंदमय रहा एवं लोगों ने चुटकी भी ली। मौके पर ज्ञान रंजन सिन्हा, गोपाल पाण्डेय, दिनेश राय, माना पाठक, मीना हेंब्रम, माया देवी, फूलचंद किस्कू, हरिहर प्रसाद सिंह, पार्वती चरण पाण्डेय, मुरारी सिंह, अवधेश सिंह यज्ञ के अध्यक्ष कुंदन सिंह, दुर्गा प्रसाद तिवारी,अनूप चौधरी, सूरज भगत समेत यज्ञ समिति के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## बाल विवाह रोकने के लिए सभी जिलों के जिलाधिकारियों को दिए उचित कदम उठाने के निर्देश : शंकर रवानी



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाल विवाह मुक्त भारत गठबंधन सहयोगी झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट,सरकार की पहल का स्वागत करते हुए कहा, इसे सफल बनाने के प्रयासों में करेंगे पूरा सहयोग । उक्त बाते ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा उन्होंने आगे कहा कि झारखंड सरकार 10 मई को अक्षय तृतीया के पर्व को देखते हुए इस दिन बाल विवाहों को रोकने के लिए पूरी तरह तैयार है और इसके लिए उचित कदम भी उठाए जा रहे हैं। राज्य के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अक्षय तृतीया के दिन बाल विवाहों की प्रथा को देखते हुए इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। राज्य सरकार की यह पहल जो हर पंचायत को 'बाल विवाह मुक्त' बना सकती है, का स्वागत करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के गठबंधन सहयोगी ट्रस्ट के संस्थापक कहा कि वे इस पहल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों में हरसंभव सहयोग करेंगे। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 2030 तक इस सामाजिक अपराध के खात्मे के लिए पूरे देश में काम कर रहे 161 गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है।

# लोकसभा चुनाव : मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित



प्रभात मंत्र संवाददता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित किया।

इसको लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 28 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। स्करूटनी के बाद 3 उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया गया। वहीं 9 मई को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी। परंतु आज किसी उम्मीदवार ने अपना नाम वापस नहीं लिया है। सभी 25 उम्मीदवारों के बीच सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची की उपस्थिति में चुनाव चिह्न आवंटित किया गया। जिसमें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उनके रिजर्व सिंबल दिए गए।

जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उम्मीदवार अनुपमा सिंह को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के ढुल्लू महतो को कमल, बहुजन समाज पार्टी के मोहन सिंह को हाथी का सिंबल दिया गया।

वहीं अकबर अली को केटली, डॉ परवेज नैय्यर को एयर कंडीशनर, कृष्ण चन्द्र राज सिंह को बक्सा, दीपक कुमार दास को ब्लैक बोर्ड, राजीव तिवारी को बैटरी टॉर्च, रिजाउल हक को सेब, संजय कुमार गिरी को आलमारी, अनिन्दिता दास को माइक, एकलाक अंसारी को हेलमेट, उमेश पासवान को नारियल फार्म, कामेश्वर प्रसाद वर्मा को टाइप मशीन, मो जहीरूद्दीन खान को पानी की टंकी, जगदीश रवानी को कैंची, जनक शाह गोंड को बेबी वॉल्कर, तुलसी महतो को गुब्बारा, त्रिदेव कुमार महतो को ऑटो रिक्शा, निताई दत्ता को गैस सिलेंडर, प्रेम प्रकाश पासवान को बल्ला, मोहम्मद तफाजुल हुसैन को चुड़ियां, मोहम्मद फैसल खान को कलम की नीब 7 किरणों के साथ, लक्ष्मी देवी को फलों से युक्त टोकरी तथा सुनैना किन्नर को ब्रेड का सिंबल दिया गया।

## हज यात्रियों का जत्था सऊदी अरब के लिये रवाना



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ए हज को जाने वाले मोबारक हो ये सफ़र, घर छोड़ कर तुम चले अल्लाह के नाम पर। हज यात्रियों का पहला जत्था जामाडोबा रमजानपुर से सऊदी अरब के लिए रवाना हो गया। हज यात्रियों को विदाई देने वालों की लगी भीड़। हज यात्रियों के अपने घरों से रवाना होने से पहले मुहल्ले के लोगों द्वारा उन्हें फूल माला पहनाया और गुलदस्ता भेंट कर विदा किया गया। जगह जगह रास्ते मे सभी समुदाय के लोग हज यात्रियों से गले मिले और दुआ के लिये कहा। सफर में जाने से पहले कुरान खानी, फातिहा और दुआ की गई। हज मुकम्मल और मकबूल होने के साथ ही हाजियों के खैरियत से घर वापस लौटने की दुआ भी की गई। हज के दौरान देश में अमन शांति व खुशहाली की दुआ मांगने की अपील की गई। हज यात्रियों के रवाना होते वक़्त परिजनों और शुभचिंतकों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। जामाडोबा रमज़ानपुर के रहने वाले अब्दुल सत्तार खान, उनकी पत्नी नूरजहां खातून, डॉक्टर शमीम अहमद, लुकमान अंसारी, मोहमद इस्लाम हज के लिए रवाना हुए। मौके पर मेहरबान अली, नसीम अहमद, जासिम खान, नसीम खान, जाकिर हुसैन, वसीम अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में हुआ विस्तार

प्रभात मंत्र संवाददता

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा मुजफ्फरपुर और आनंद विहार टर्मिनल के मध्य चलायी जा रही 05219/05220 तथा 05251/05252 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक स्पेषल के परिचालन अवधि में वृद्धि की गयी है ।

अब इन दोनों स्पेषल ट्रेन के और दो-दो फेरे परिचालित किए जाएंगे जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 05219 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 18.05.2024 एवं 25.05.2024 को मुजफ्फरपुर से आनंद विहार टर्मिनल के लिए प्रस्थान करेगी ।

2. गाड़ी संख्या 05220 आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर स्पेशल 19.05.2024 एवं 26.05.2024 को आनंद विहार टर्मिनल से मुजफ्फरपुर के लिए प्रस्थान करेगी ।

3. गाड़ी संख्या 05251 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 22.05.2024 एवं 29.05.2024 को मुजफ्फरपुर से आनंद विहार टर्मिनल के लिए प्रस्थान करेगी ।

4. गाड़ी संख्या 05252 आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर स्पेशल 23.05.2024 एवं 30.05.2024 को आनंद विहार टर्मिनल से मुजफ्फरपुर के लिए प्रस्थान करेगी ।

### बेरमो विधायक ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अनुपमा सिंह के लिए मांगा वोट

## जमीन हड़पने वाले को भाजपा ने मैदान मे उतारा है : अनूप

प्रभात मंत्र संवाददता

**धनबाद :** धनबाद लोकसभा इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए बेरमो विधायक अनूप सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अनुपमा के पक्ष में वोट मांगा। रीजनल ऑफिस जामाडोबा में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पदाधिकारी कार्यकताओं एवं सहयोगी दलों क्षेत्रीय नेताओं के साथ चुनाव पर चर्चा की एवं महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की गई।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।**

(निर्वाचन शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

– :: आदेश ::–

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के प्रेस नोट सं०–ECI/PN/23/2024 दिनांक–16/03/2024 द्वारा लोकसभा आम चुनाव, 2024 की घोषणा कर दी गई है। झारखण्ड राज्य की 14–हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तारीख 20 मई, 2024 (सोमवार) को लोकसभा आम चुनाव, 2024 कराया जाना है।

लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों के प्रशिक्षण कार्य हेतु मैं, चंदन कुमार भा०प्र०से०, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, रामगढ़ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए Gandhi Memorial District CM SOE, Ramgarh का सम्पूर्ण परिसर उपस्कर सहित दिनांक–13/05/2024 से दिनांक–16/05/2024 तक अधिग्रहण करता हूँ।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR 324591 Election(24-25)D

# ट्रेन से कट कर एक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत पचम्बा के पास स्थित सलैया रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार सुबह कोडरमा से न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन की और जाने वाली ट्रेन से कटकर मौत हो गई उसके बाद पहचान के लिए लोगों ने तलाशी ली तो उसके जेब से 2 सुसाइट पेज पाया गया जिसमें लिखा था की हम लम्बे समय से बिमार हैं और हमारा सही ढंग से इलाज नहीं हो पा रहा है इस लिए हम खुदकुशी कर रहा हूं,

हमारे मौत के बाद हमारी कोई भी बेटी आंसू नहीं बहना और न ही हमें देखने तक आना और तुमलोग जहां भी रहो खूश रहना जिससे इलाके में सनसनी फ़ैल गई है और लोग तरह तरह की चर्चाएं कर रही है,

पहचान के रूप में सुसाइट पेज के अंतिम में लिखा है राजकिशोर गुप्ता जो फुलपेंट व सर्ट पहना हुआ है।

खबर मिलते ही मौके पर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए तलाशी सुरू कर दिया है।

## अनूप सिंह ने पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा से लिया आशीर्वाद

प्रभात मंत्र संवाददता

**धनबाद :** इंडिया गठबंधन के धनबाद लोकसभा सीट की उम्मीदवार अनुपमा सिंह के समर्थन के लिए बेरमो विधायक अनूप सिंह पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा के आवासीय कार्यालय पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। विधायक अनूप सिंह ने कहा इंडिया गठबंधन की टीम मजबूत है और झारखंड मे सभी 14 लोकसभा सीट जीतने जा रहा है। इसके लिये हमारे अभिभावक फुरकान अंसारी, जलेश्वर महतो, ददई दुबे, सुबोध कांत सहाय, रामेश्वर उरांव काफी मेहनत कर रहे हैं। वहीं बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर निशाना साधते हूए कहा कि वह चरित्र पर वोट नहीं मांग सकते।

**झारखण्ड सरकार,**
**उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग**

आम सूचना

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 को निष्पक्ष, स्वंतत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पलामू जिला में कार्यरत सभी खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर किये जाने की शिकायत एवं किसी प्रकार उत्पाद विषयक शिकायत वाट्सएप मोबाइल नम्बर–

1. सुधीर कुमार, अधीक्षक उत्पाद, पलामू मो0 न0–7992245087
2. ललित सोरेन, सदर अंचल, मो0 न0–6201235079
3. देवीलाल सोरेन, हुसैनाबाद अंचल, मो0 न0–9199894550
4. अनूप प्रकाश, पांकी अंचल–7004403729 पर दर्ज कराई जा सकती है।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग, अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू

PR.NO.324613 Palamu(24-25):D

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**
**द्वारा आयोजित**
**मोटर वाहन दुर्घटना दावा (MACT) से संबंधित विषेश लोक अदालत**

"आम सूचना"
नि:षुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु।

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची के निर्देश पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,गढ़वा द्वारा दिनांक 03 जून, 2024 से 07 जून, 2024 तक व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी में मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण से संबंधित वादो के निश्पादन के लिए पक्षकारों के मध्य बातचीत हेतु प्री–लोक अदालत की बैठक आयोजित की जायेगी एवं इससे संबंधित वादों के निश्पादन हेतु एक "विशेष लोक अदालत" का आयोजन दिनांक 08.06.2024 सुबह 07:30 बजे से व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी में किया जायेगा।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित अपने मामले को विशेष लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें।

इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा परिसर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं अथवा मोबाईल सं0– 9955684686 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

श्री राजेश शरण सिंह
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

निवेदक :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

PR.NO.324592 Law(24-25):D

## प्रदेश संगठन सचिव बने कांग्रेस नेता आलोक राज

प्रभात मंत्र संवाददता

**धनबाद :** कांग्रेस नेता आलोक राज ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है की उन्हें झारखंड प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) का प्रदेश संगठन सचिव बनाया गया है। आलोक ने कहा की गोल्डन पहाड़ी स्थित उनके आवास पर प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे ने आकर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा।

प्रदेश संगठन सचिव बनाए जाने पर आलोक राज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज, प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे एवं कांग्रेस प्रदेश सचिव बैभब सिन्हा का आभार व्यक्त किया और कहा की धनबाद लोकसभा से अनुपमा सिंह को अपने टीम के साथ जीता कर दिल्ली भेजने का काम करूंगा।

**अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय,**
**लोहरदगा**
**"आम-सूचना"**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लोहरदगा जिले में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री से सम्बन्धित एवं जिला में संचालित होने वाले खुदरा उत्पाद दूकानों में मदिरा की बिक्री **MRP** से अधिक पर की जाने की शिकायत **WhatsApp** मोबाईल नम्बर 6203999139, 9430043882 पर दर्ज की जा सकती है ।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा ।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी ।

अधीक्षक उत्पाद
लोहरदगा ।

PR.NO.324587 Lohardaga(24-25):D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त**
**का कार्यालय, हजारीबाग**
**(पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोषांग, हजारीबाग।)**

-:आदेश:-

लोक सभा आम निर्वाचन–2024 के निमित्त वरिष्ठ मतदाताओं (AVSC 85+) एवं वैसे विकलांग मतदाताओं (AVPD)को जिनकी विकलांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है के लिए Home Voting कराये जाने का प्रावधान है। उक्त के आलोक में पूर्व में उप निर्वाचन पदाधिकारी के पत्र संख्या 790 दिनांक 30.04.2024 द्वारा Home Voting कराये जाने की तिथि दिनांक 09.05.2024 से 14.05.2024 निर्धारित की गई थी। परन्तु अपरिहार्य कारणवशउक्त तिथि में संशोधन करते हुए Home Voting कराये जाने की तिथि दिनांक 10.05.2024 से 14.05.2024 तक निर्धारित की जाती है।

जला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 324628 Election(24-25).D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय,**
**लोहरदगा, (जिला निर्वाचन)**

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के आदेश संख्या No.3/4/ID/2024/SDR/VOL.1 दिनांक 19.03.2024 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल निर्वाचन विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1421 दिनांक 24.03.2024 के आलोक में निर्वाचनों के लिए सभी निर्वाचकों जिन्हे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं वे मतदान स्थल पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखायेंगे, परन्तु वैसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं उन्हे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते हैं–

01. आधार कार्ड,
02. मनरेगा जॉब कार्ड,
03. बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक,
04. श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
05. ड्राईविंग लाइसेन्स,
06. पैन कार्ड,
07. एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
08. भारतीय पासपोर्ट,
09. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
10. केन्द्र/राज्य सरकार/लोकउपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,
11. सांसदो/विधायकों/विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और
12. यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 324622 Lohardaga(24-25)#D

## राजा भरत चंद्रवंशी थे जिनके नाम से भारत देश का नामकरण हुआ : रामचंद्र चंद्रवंशी

# चंद्रवंशी समाज के उत्थान और धर्मशाला निर्माण में सहयोग करूंगा : समीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी छत्रिय महासभा की एक बैठक अमृत पैलेस होटल मे राजेंद्र वर्मा की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। इस अवसर पर महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बिहार/झारखण्ड रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व एम एल सी प्रवीण सिंह, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा, बीजेपी लोहरदगा के महासचिव राजकुमार वर्मा आदि उपस्थित थे। मंच संचालन सागर वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा की दुर्गा जी के 32 रूपों मे एक रूप जरा देवी की थी लेकिन इतिहास कारों ने ब्राह्मणवादी व्यवस्था के कारण नीचे गिराने और कमजोर करने तथा दुष्प्रचार करने का कार्य किया गया है, इसलिए समाज के लोग अपना समाज का इतिहास जानिए तभी इतिहास लिख सकते है। उन्होंने कहा की चंद्रवंशी महाराज जरासंघ प्रथम चक्रवर्ती सम्राट थे इतना वीर थे की भगवान श्रीकृष्णा को भी कई बार रण से भागना पड़ा था,इसलिए उन्हें रणछोड़ भी कहा जाता है,भरत राजा चंद्रवंशी समाज के थे लेकिन उन्होंने अपने पुत्रो की परीक्षा मे पास नही करने पर अपने अंगरक्षक को राजा बनाया इसलिए चंद्रवंशी अपना हित नही देखता है बल्कि जो सच्चाई है उसके लिए मर मिटता है अपनी सबकुछ कुर्बान कर देता है। आज भरत राजा के नाम पर ही भारत देश नामकरण हुआ है इसलिए अपने चंद्रवंशी समाज पर गर्व कीजिए, शिक्षा बच्चों को दीजिए संस्कार दीजिए ताकि बड़े बुजुर्ग की इज्जत सम्मान कर सके यही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा की आज बिहार झारखण्ड मे समाज के 780 इंजिनियर और 680डॉक्टर है और सैकड़ो बीडीवो, अंचल पदाधिकारी तथा मजिस्ट्रेट होंगे लेकिन ऊपर उठने के बाद निचे गिरे हुए समाज के लोगों को उठाते नही है। उन्होंने इस अवसर पर धर्मशाला हेतु अपने मद से एक लाख रुपैया देने का आश्वासन दिया तथा कहे की शिक्षा को हथियार बनाइये साथ ही देश की ताकत बनें जिनके नेतृत्व मे देश विकास कर रहा है उन्हें समर्थन दीजिए। इस अवसर पर पूर्व एम एल सी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा की छत्रिय हमेशा समाज को देने का काम किया है। कभी मांगता नाही है, छत्रिय समाज को छाता प्रदान करते है धुप और परेशानियों से बचाते है,मै भी छत्रिय समाज से हुँ इसलिए कहीं न कहीं आपसे रिस्ता बनता है। छत्रिय समाज ही समाज की दिशा और दशा बदलती है,मण्डल आयोग भी लागु करने वाला छत्रिय समाज के बी. पी. सिंह ही थे इसलिए भगवान छत्रिय समाज मे परिवर्तन हेतु अपना रूप भेजते है वर्तमान काल मे नरेन्द मोदी विश्व के नेतृत्व कर रहे है उन्हें समर्थन प्रदान करे। इस अवसर पर चंद्रवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने कहा की आपसी एकता बनाइये बीजेपी ही समाज को सम्मान दिया है। वहीँ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा ने कहा की सनातन की रक्षा चंद्रवंशी समाज करेगा,देश संकट मे है एकजुट रहे। महासचिव राजकुमार वर्मा ने कहा की समाज बहुत तरक्की किया है,धर्मशाला बना है सब एकजुट रहेंगे तो और विकास होगा। इस अवसर पर राजकुमार वर्मा ने बीजेपी प्रत्याशी समीर उरांव से दूरभाष से अपनी बात बैठक मे रखवाये समीर उरांव ने दूरभाष से ही कहा की मै बैठक मे नाही आ सका क्षमा प्राथी हुँ लेकिन समाज के उत्थान मे सहयोगी रहूँगा और सांसद बनने पर समाज को धर्मशाला बनायूँगा। संयोजक राजेंद्र वर्मा ने स्वागत भाषण करते हुए सी एन टी से निजात दिलाने और समाज की कठिनाई को रखा। इस अवसर पर विकास वर्मा,प्रदीप नारायण सिंह, अमित वर्मा,उत्पल वर्मा, गुंजन वर्मा, संगीता वर्मा, ज्योति वर्मा, अनीता वर्मा, अवनि वर्मा, किशोर वर्मा, कुणाल वर्मा, रोहित वर्मा, ददन वर्मा, मुकुल वर्मा, पीयूष वर्मा, कमलेश वर्मा, रंजन वर्मा, बालकृष्णा वर्मा, जगन्नाथ राम, आदि उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन विकास वर्मा द्वारा किया गया।

## दहेज उत्पीड़न एवं शारीरिक मानशिक प्रताड़ना के आरोप पर प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दहेज उत्पीड़न मामला में मार पीट, गली गलौज एवं शारीरिक, मानशिक पडताड़न का आरोप लगाते हुए जगृति कुमारी तीन नामजद के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 33/24 दर्ज करवा धारा 323,341,498(ए) 34 आईपीसी 3/4 के तहत कारवाई करने तथा न्याय का गुहार लगाई है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के गगेया निवासी जनक दास गोस्वामी की 22 वर्षीय पुत्री जगृति कुमारी का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार ग्राम बीरू थाना सिमडेगा निवासी नकुल दास के 26 वर्षीय पुत्र रितेश दास के साथ 28 जून 2023 को सम्पन्न हुआ था। वही जगृति कुमारी ने आवेदन के माध्यम से आप बीती घटना बताते हुए शादी के बाद से अपने ससुराल बीरू में ससुर नकुल दास,सास विनीता देवी पति रितेश दास तथा देवर के साथ डेढ माह रहने के बाद बोली की मेरी सास ससुर तथा पति यह बोल कर लड़ाई झगड़ा तथा शारीरिक व मानशिक प्रताड़ना करने लगे और कहने लगे कि दहेज में पैसा कम मिला है। तुमको इस घर में रहना है तो 50 हजार नगद तथा बजाज पैलिटीना मोटरसाइकिल के लिए 75 हजार अपने मायके से लेकर आओ सास ससुर तथा पति के बात को सुन अपने पिता का आर्थिक स्थिति बताते हुए इनकार करने पर मेरे साथ बराबर मार पीट गाली गलौज एवं शारीरिक शोषण करने लगे ससुराल वालों के रवैया से तंग आ कर पति के साथ ससुराल चले गए वहां भी हमसे मेरे पति मारपीट करने से बाज नही आया तो पुनः अपने ससुराल लौट गई लेकिन सास, ससुर एवं पति के रवैया में कोई बदलाव नही होने पर अपने पिता जनक दास गोस्वामी को बुला कर साथ मे मायके चली आई। और घर वालों को आप बीती घटना को बताते हुए थाना में बताते हुए न्याय का गुहार लगाई है। वही इस संदर्भ में प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने जानकारी देते हुए कहा कि आवेदन के आलोक में प्रशासनिक कारवाई आरम्भ करने से पूर्व सेन्हा थाना कांड संख्या 33/24 दर्ज कर दहेज उत्पीड़न एवं शारीरिक व मानशिक प्रताड़ना को लेकर नियम संगत कारवाई किया जा रहा है।

## अचानक अंधी तूफान आने से घर का एलबेस्टर उड़ा



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दोपहर के बाद अचानक मौसम बदलने के पश्चात अंधी तूफान आने से गर्मी से राहत मिल परन्तु कही कही किसानों का फसल तो कहीं कहीं घर का एलबेस्टर हुआ बरबाद। उसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत घाटा गगेया निवासी स्व.गंगाधर दास गोस्वामी का पुत्र नीतीश कुमार गोस्वामी का घर का एलबेस्टर उड़ गया। जिसे पीड़ित परिवार को काफी नुकसान हुआ और रहने के लिये परेशानी हो रही है। वही नीतीश कुमार गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि एलबेस्टर का नया घर बनाये थे। जिसे अचानक अंधी तूफान आने से घर का एलबेस्टर उड़ने से किसी तरह का आर्थिक नुकसान नही हुआ है। परन्तु परिवार को रहने में काफी असुविधा महसूस होगी।

# सेक्टर दंडाधिकारियों और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से सेक्टर दण्डाधिकारियों और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आज बुधवार को नगर भवन, लोहरदगा में की गई। बैठक में लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत 13 मई 2024 को लोहरदगा में होनेवाले मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त सेक्टर दण्डाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में 11 मई और 12 मई को मतदान केंद्रों के लिए रवाना होनेवाले सेक्टर दण्डाधिकारियों और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को उन्हें रवाना होने के लिए रिपोर्टिंग का समय, बूथ तक जाने के लिए वाहन की व्यवस्था, पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय आदि बिंदुओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि मतदान के दिन मॉक पोल और वास्तविक मतदान की रिपोर्टिंग कैसे करनी है। बूथ की व्यवस्था कैसी होगी, बूथ तक जाने और वापस लौटने के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान क्या-क्या सावधारियां बरती जानी है उसकी जानकारी दी गई। मतदान त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराने के लिए अपने पोलिंग पार्टी के साथ बेहतर समन्वय रखने, मतदान के दौरान ईवीएम के किसी प्रकार की खराबी आने पर किये जानेवाले कार्य, मतदान उपरांत मतगणना स्थल तक सुरक्षित वापसी के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। किसी भी परिस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीट में एनडीए की प्रचंड जीत होगी : महेश महतो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** खूंटी सहित झारखंड के 13 लोकसभा सीटों पर प्रत्यासी को जिताने का लक्ष्य लेकर खूंटी लोकसभा चुनाव क्षेत्र के भाजपा प्रत्यासी श्री अर्जुन मुंडा जी के लिए खूंटी स्थित ।रू गोल्डन पैलेस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर समाज के लोगो को एकजुट होने की अपील की और आगामी 13 मई को लोहरदगा ,खूंटी, चाईबासा और पलामू में भारी से भारी मत भाजपा को देकर जीत सुनिश्चित करेंगे इस अवसर पर झारखंड तैलिक साहू के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश महतो जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री परमानंद कश्यप जी,प्रदेश महासचिव श्री मदन कुमार जी, प्रदेश युवा महासचिव श्री राजकिशोर साहू जी उपस्थित रहे श्री महेश महतो ने कहा की आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है।आज भी मोदी जी दिन रात बिना छुट्टी लिए देश के लिए काम कर रहे है अतः हम सभी का कर्तव्य बनता है हम सभी उनका साथ दे।आज हर तरफ मोदी मोदी का नारा लग रहा है चाहे युवा हो महिला हो किसान हो सभी को सीधे सीधे योजना से जोड़ रहे है और सभी कुछ न कुछ योजना का लाभ भी ले रहे है आज भारत देश आर्थिक दृष्टिकोण से भी समृद्ध हो रहा है देश एक सुरक्षित हाथों मे है। आज झारखंड में भ्रष्टाचार हावी है हर जगह बिना चढ़ावा के कुछ भी काम नही होता है चाहे ब्लॉक स्तर हो या किसी अन्य विभाग में हर जगह भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।झारखंड अब जाग चुका है किसी के बहकावे में नही आना है।निश्चित रूप से आज श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा इसके लिए खूंटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री अर्जुन मुंडा जी को 13 मई दिन सोमवार को भारी से भारी मत देकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करे।श्री महेश महतो ने ये भी कहा की जो भी वोटर है वो चुनाव के दिन सब काम छोड़कर पहले मतदान करे और जो वोटर बाहर है उनसे भी अपील किए की वोट के दिन अपने अपने लोकसभा क्षेत्र मे जाकर वोट करे और एकता का परिचय दे।

## भंडरा पुलिस ने चार जुवारीयों को किया गिरफ्तार भेजा जेल



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा पुलिस ने लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू के बाद भंडरा पुलिस एक्शन मोड़ में है। पुलिस पहले अवैध शराब व गांजा पर नकेल कसी और दो गांजा व्यवसाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा, फिर वाहन जांच अभियान चलाकर अपराधी तत्वों के लोगो पर की कार्रवाई तत्पश्चाप अपराधिक तत्वों के चार व्यक्ति को जिला तड़ीपार किया। इसके बाद अब भंडरा पुलिस ने जुवारियो पर करवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को भंडरा पुलिस ने चार जुवारियों को चट्टी से गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि भंडरा पुलिस लोक सभा चुनाव को लेकर पूरी तरह सतर्क और तैयार है। पुलिस आदर्श आचार संहिता को शक्ति से पालन करने को लेकर सख्त कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि बीती रात भंडरा पुलिस ने गुप्त सूचना पर चट्टी के रोहित तिवारी पिता अवधेश तिवारी के फार्म हाउस पर चार जुवारिया को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार जुवारियो में चट्टी निवासी सुदामा गिरी पिता सहदेव गिरी, पंडित श्रीकांत तिवारी पिता सुबोधनाथ तिवारी, जयप्रकाश तिवारी पिता स्व बालेश्वर तिवारी एव कचमची निवासी धनेश्वर साहू पिता स्व चरकू साहू सामिल है जबकि फार्म हाउस के मालिक रोहित तिवारी मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार जुवारियो के पास से चार मोबाइल, नगद 3,560 रुपया एव ताश की पत्ती बरामद किया गया है। चारो गिरफ्तार जुवारियो को लोहरदगा न्यायालय भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार पुलिस गशती कर रही है।

## भाजपा किसान मोर्चा ने डोर टू डोर के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भातीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री जितेंद्र महतो, जिला महामंत्री मुरारी महतो एवं परमेश्वर भगत, उपाध्यक्ष श्याम किशोर साहू के नेतृत्व में भाजपा के जुझार निष्ठावान प्रत्याशी समीर उरांव को लोहरदगा लोकसभा से प्रचंड बहुमत के साथ विजय बनाकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालकर अबकी बार 400 पार लक्ष्य को पूरा करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा लोहरदगा ग्रामीण के अध्यक्ष श्री बिगल मुंडा की अध्यक्षता में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र महतो ने बताया गांव के आम ग्रामीण जनता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिकटिकी आस लगाए बैठे हैं और उनका कहना है की आम गरीब जनता का विकास यदि कोई करेगा तो गरीब का बेटा नरेंद्र मोदी ही करेगा। इसलिए इस चुनाव को धर्म अधर्म की लड़ाई का चुनाव समझकर एकजुट होकर कमल फूल छाप में वोट देकर समीर उरांव को इस क्षेत्र से जीताने का काम करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से सूरज मुंडा, संतोष मुंडा, पुणे उरांव, करमचंद मुंडा, राहुल मुंडा, रघुनाथ मुंडा, हीरा मुंडा, ललित मुंडा, यात्री मुंडा, फूलों मुंडा, भूकू उराई, पूनम मुंडा, सरस्वती मुंडा, बालेश्वर मुंडा, राम मुंडा, कृष्णा मुंडा, अजय मुंडा सहित शामिल थे।

# शहीद आईआरबी जवान के परिवार से मिले मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बीते दिनों गिरिडीह जिले में आईआरबी जवानों से भरी बस पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमे लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड के ग्राम कोचा बरनाग निवासी आईआरबी जवान विकास भगत शहीद हो गए थे। जिसकी सूचना पाकर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उनके आवास पहुंच परिजनों से मिले और और शोक संवेदना व्यक्त कर परिवारजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और कहा जवान देश की लड़ाई में अगुआ होते हैं इनके बलिदान की पूरा देश सलाम करता है यह घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुखद है वे एक कर्तव्यनिष्ठ जवान थे अपने दायित्व निर्वहन के लिए वे इलेक्शन ड्यूटी के लिए गढ़वा जा रहे थे इस क्रम में ऐसी दुखद घटना हो गई इस दुख की घड़ी में हम सब दुखित परिवार के साथ हैं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बिससुत्री अध्यक्ष सामूल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, रौनक इकबाल, असलम अंसारी, तबरेज आलम, प्रेमचंद भगत, फुलमनी भगत, सुभाष उरांव, प्रकाश भगत, मनीष भगत, ऊषा देवी, रेखा कुमारी, प्रकाश तूरी आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी सामाजिक सरना के रीति रिवाज, पराम्परागत वेशभूषा व सांस्कृतिक से कराया गया विवाह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा (झारखंड) के बैनर तले गुरूवार को लोहरदगा एम जी रोड वीर शिवाजी चौक स्थित झखरा कुम्बा में 9 मई 2024 को ग्राम बक्सीडीपा प्रखंड +थाना - सेन्हा जिला लोहरदगा के रहने वाले वधू पार्वती उरांव, पिता स्व0 बुधराम उरांव एवं वर प्रमेशवर उरांव पिता जगरनाथ उरांव ग्राम झालजमीरा थाना सेन्हा जिला लोहरदगा का रहने वाला है। शादी विवाह राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति धर्मगुरू फूलकेश्वर उरांव के द्वारा किया गया एवं विवाह कार्यक्रम कराने वाले सहयोगी सदस्य बिसनी उरांव और निलम उरांव,महिला सचिव सुगी उरांव, अध्यक्ष सोमदेव उरांव, सचिव सुकेन्दर उरांव की अगुवाई में आदिवासी सामाजिक सरना रीति रिवाज पराम्परागत वेशभूषा सांस्कृतिक से विवाह समारोह किया गया। विवाह समारोह में वर वधू दोनों तरफ के लोग लड़की तरफ से करमचंद उरांव, मृत्युजय लकड़ा बलराम उरांव, सुधीर उरांव, रीना उरांव,सरिता उरांव है और लड़का पक्ष में रेणुका देवी, प्रियंका उरांव, जयंती उरांव, राजमुन्नी देवी और मांगो देवी शामिल हुये और साथ ही साथ दोनों पक्षों से अन्य ग्रामीण भी भारी संख्या में मौजूद थे।

## प्रतिभा का सम्मान छात्र जीवन की सफलता का मूल : अखिलेश कुमार

# मेधावी व अनुशासित छात्र विद्यालय की वास्तविक पूंजी : बिपिन कुमार दास

## विद्या मंदिर में मैट्रिक के टॉप 10 भैया बहन हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में मैट्रिक परीक्षा 2023 -24 के टॉप 10 भैया बहनों के सम्मान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास,शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय एवं मनोहर लाल इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, विद्यालय स्तर पर टॉप 10 में आए भैया बहन एवं उनके अभिभावक तथा विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थित थे। आगत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराते हुए कहा कि-किसी भी विद्यालय का गौरव तब और भी अधिक बढ़ जाता है जब वहां के भैया बहन मेधावी एवं अनुशासित होते हैं। उनके सम्मान का शुभ अवसर विद्यालय के लिए सौभाग्य का विषय है। इस मौके पर राजीव कुमार सिंह ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि लक्ष्य का निर्धारण जीवन की पहली सीढ़ी है। दृढ़ संकल्पित होकर कड़ी मेहनत कर आत्मविश्वास से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय में परीक्षा विभाग प्रमुख आचार्या मधुमिता शर्मा ने माध्यमिक परीक्षा परिणाम का वृत्त प्रस्तुत किया। इसके बाद 90त्न से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले 13 भैया बहनों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उनके माता-पिता को भी सुंदरकांड एवं अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम को श्याम सुंदर कुमार ने संपादित किया। इस मौके पर विद्यालय में संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल ने प्रेरणादायक एकल गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने भैया बहनों को अपना मार्गदर्शन देते हुए कहा कि- माता-पिता की पहचान जब अपने पुत्र या पुत्री के नाम से होती है तो यह पल अभिभावक के लिए सबसे सुखद होता है। अभ्यास के बल पर किसी भी स्तर की सफलता अवश्य प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने भैया बहनों को संस्कारित एवं अनुशासित नागरिक बनने की प्रेरणा दी। अपना अध्यक्षीय आशीर्वचन प्रस्तुत करते हुए विनोद राय ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई की प्रेरणा दें। यह समय भटकाव का है। आपको अपने ऊपर स्वयं नियंत्रण करना है। उन्होंने वर्तमान दशम कक्षा के भैया बहनों को भी अपना उत्कृष्ट परीक्षा फल प्राप्त करने की प्रेरणा दी। विद्यालय की आचार्या अनीता देवी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन विष्णु दत्त पांडेय ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# धर्म के नाम पर वोट बंटोरने के प्रयास में जुटे लोगों से सचेत रहे जनता : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि धर्म की राजनीतिक करने वालों को मुहतोड़ जवाब देने के लिए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में वोट देना बहुत जरुरी है। आज भाजपा धर्म के नाम पर वोट बंटोरने में जुटी है। ऐसे पार्टी से जनता को सचेत रहने की जरुरत है। विधायक प्रखंड मुख्यालय में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के चुनावी कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही कहा कि लोस चुनाव में जनता के आशिर्वाद से इंडिया गठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि आज हम सभी इंडिया गठबंधन के साथ एकजूट नहीं हुए तो देश में उद्योगपतियों एवं पुंजीपतियों का बोलबाला होगा। गरीब एवं मध्यम वर्गीय जनता के साथ जुल्म बढ़ेगा और देश में तानाशाह शाषण चलाए जाएंगे। कार्यक्रम को जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी संबोधित किया। साथ ही कहा कि सिर्फ धर्म की राजनीतिक करने मात्र से देश का भला नहीं हो सकता। आज बढ़ती महंगाई, रोजगार, पलायन जैसे गंभीर समस?या पर अंकुश लगाने, गरीबी मिटाने और जिले का विकास करने जैसे मुद्दों पर राजनीतिक होनी चाहिए। इसका एक मात्र विकल्प इंडिया गठबंधन है। इसलिए इस चुनाव में कालीचरण मुंडा को वोट देकर भारी मतों से जीत दिलाएं। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, जिप सदस्य प्रेमा बड़ा, केरसई लोक सभा प्रखंड प्रभारी माइकल खरिया, मंडल अध्यक्ष मनोज प्रसाद, 20 सूत्री वाल्टर प्रेम प्रकाश किंडो, जिला सचिव मनोहर कुमार, बासारत अंसारी, जफीर अंसारी, शाहिद अंसारी, पत्रीक टोप्पो, आनद तिर्की, जमाल अंसारी, जुसाफ एक्का, बिनित एक्का, श्रावण कुमार, उर्मिला केरकेट्टा, विनय तिग्गा, जोसेफ बिलुंग आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। मौके पर विधायक सम्माननित पदधारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मांनित किया।

# चाय की चुस्कियों के साथ पक्ष-विपक्ष के लोग कर रहे हैं हार-जीत के दावे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** चाय भी बड़ी दिलचस्प चीज है। हालांकि चाय को दोस्ती और मान-सम्मान का प्रतीक माना जाता है, पर यह भी राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। जब किसी विषय या उद्देश्य पर चर्चा करनी हो, तो चाय की चुस्कियां इसमें काफी सहायक सिद्ध होती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2012 में इसे राजनीतिक रूप दे देते हुए इसे चाय पर चर्चा का नाम दिया। लोकसभा चुनाव को लेकर इस समय पूरे देश में सियासी माहौल गर्म है। हम जहां भी नजर घुमाएंगे, चाय की गुमटियों, होटलों पर विभिन्न राजनीतिक दल के लोग चाय पर चर्चा करते हुए नजर आ जाएंगे। पहले तो सिर्फ भाजपा ही चाय पर चर्चा करती थी, लेकिन अब विपक्ष ने भी इस अभियान की शुरुआत कर दी है। चाय पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष यदि दोनों मिल जाएं, तो राजनीतिक चर्चा का माहौल और मजेदार हो जाता है। खूंटी संसदीय क्षेत्र की बात करें, तो भाजपा की ओर से चाय पर चर्चा के दौरान मोदी सरकार की उपलब्धि धारा 370, तीन तलाक, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, आर्थिक नीति, विदेश नीति आदि प्रमुख मुद्दे हैं। वहीं विपक्ष बेरोजगारी, सीएनटी एक्ट, पलायन, संविधान बदलने जैसे मुद्दों को हवा दे रहा है। तोरपा के प्रसिद्ध मुखिया होटल में बुधवार को चाय की चुस्कियां लेते हुए मोदी सरकार के कार्यों का बखान कर रहे थे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जयसवाल कहते हैं कि यह कोई गली-नाली का चुनाव नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता और देश के भविष्य के निर्माण का चुनाव है। भाजपा नेता कहते हैं मोदी सरकार के दस साल की उपलब्धियों को देखें और कांग्रेस के 60 साल के शासनकाल को, अंतर साफ पता चल जायेगा। इस बार काम केंद्र सरकार की उपलब्धियों और उसकी योजनाओं को लेकर भाजपा चुनाव मैदान में उतरी है और इसी के आधार पर हम इस बार चार सौ पार के आंकड़े को छू पायेंगे।

भाजपा के ही रामाशीष महतो और धमेंद्र कुमार कहते हैं कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं है, इसलिए लोगों को संविधान बदलने, सीएनटी एक्ट को खत्म करने जैसे बिना मतलब की बातों को लेकर बरगला रहा है, जबकि सच्चाई है कि मोदी सरकार तीसरी बार सत्ता में आयी, तो न संविधान बदलेगा और न ही किसी की जमीन छीनी जायेगी, लेकिन इंडी गठबंधन के नेता लोगों को खासकर आदिवासियों को इस मामले को लेकर भयभीत कर रहे हैं और उन्हें बरगला रहे हैं, पर विपक्ष की यह चाल कभी सफल नहीं होगी, क्योंकि सभी को पता है कि न तो संविधान कों बदला जा सकता है और न ही आदिवासियों की जमीन छीनी जायेगी।

भाजपा नेताओं ने कहा कि विपक्ष के नेता बतायें कि मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल के दौरान किस आदिवासी की जमीन लूटी गई और संविधान में क्या संशोधन हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा के दस साल के कार्यकाल के दौरान ने देश में सांप्रदायिक दंगे हो रहे हैं और न ही पाकिस्तान हम पर हमला करने की हिम्मत कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी ही देश के विकास की गारंटी है। इसकें विपरीत कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव कैसर खान और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिव शंकर साहू कहते हैं कि भाजपा प्रत्याशी और केंद्री यमंत्री अर्जुन मुंडा अपने पांच साल की उपलब्धियां बतायें, कि केंद्र में जनजातीय मामलों और कृषि मंत्री रहते उन्होंने खूंटी के विकास के लिए क्या किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अर्जुन मुंडा को तो क्षेत्र के लोगों ने देखा तक नहीं है। इस बार खूंटी संसदीय क्षेत्र की जनता भाजपा को सबक सीखाने का मन बना चुकी है।

## आंध्रप्रदेश : जगन मोहन रेड्डी और चंद्रबाबू नायडू में कड़ी टक्कर

# दक्षिण के दिग्गजों के वारिसों को आगे कर जमीन तलाश रहीं बीजेपी-कांग्रेस

एजेंसी

**हैदराबाद :** 2019 के चुनाव में एकतरफा जीत दर्ज करने वाले जगन इस बार चारों ओर से घिरे हैं। उनकी युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के खिलाफ चंद्रबाबू की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) भाजपा और फिल्म स्टार पवन कल्याण की जन सेना को साथ लेकर मैदान में हैं। सीएम की सगी बहन भी उन्हें चुनाव मैदान में चुनौती दे रही है। ऐसे में सिद्धम,नारे से जगन रेड्डी यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि वह जनता के सहारे इन सबसे लड़ने को तैयार हैं। लेकिन एंटीइन्कंबेंसी, जातीय समीकरण और विपक्ष की मोर्चेबंदी उनके सामने बड़ी चुनौती है। आंध्र में 13 मई को लोकसभा के साथ विधानसभा का भी चुनाव है। इस चुनाव में विरासत की जंग, पारिवारिक ड्रामा, बदले की राजनीति, लोक लुभावन स्कीमों और बदले जातीय समीकरणों के बीच जगन मोहन रेड्डी और चंद्रबाबू नायडू में कड़ी टक्कर है। पिछला चुनाव अकेले लड़ी टीडीपी को इस बार भाजपा के साथ जन सेना का सहारा है। सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी पांच साल के कार्यों खास तौर पर डायरेक्ट बेनिफिट स्कीमों दम पर जीत का दंभ भर रही है। खास यह है कि दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा एवं कांग्रेस दक्षिण के दिग्गजों के वारिसों के सहारे आंध्र में सियासी जमीन तलाश रहे हैं। भाजपा एनटी रामाराव की बेटी डी पुरंदेश्वरी और कांग्रेस





वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में ताल ठोक रही है। वाईएस शर्मिला सीएम जगन रेड्डी की सगी बहन हैं। भाई को ललकार रहीं शर्मिला ने आंध्र के सियासी अखाड़े को और रोचक बना दिया है। टीडीपी, जनसेना व भाजपा गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी, चंद्रबाबू नायडू के पूर्व के कार्यों और जगन सरकार की नाकामियों को लेकर मैदान में है। भ्रष्टाचार, महंगाई और कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर हमलावर गठबंधन पवन कल्याण की सभाओं में उमड़ रही युवाओं की भीड़ से उत्साहित है। उधर, सीएम रेड्डी सभाओं में लोगों से कह रहे हैं- यदि पांच साल में आपको कोई फायदा हुआ है तो ही मुझे वोट देना। वाईएसआरसीपी का दावा है कि आंध्र के 80 फीसदी लोगों के खातों में सरकार ने किसी न किसी स्कीम के माध्यम से सीधा पैसा डाला है। वॉलंटियरों के जरिए घर-द्वार सेवाओं से भी एक बड़े तबका जुड़ा है। यही वजह है कि घोषणापत्र में वाईएसआरसीपी ने इन्हीं स्कीमों को आगे बढ़ाने का वायदा किया है। पार्टी से जुड़े वाईएस साई बाबा कहते हैं-पूरे देश में किसी सीएम में इतनी हिम्मत नहीं, जो यह कह सके कि फायदा नहीं मिला है तो वोट मत देना।

### पवन कल्याण के आने से एनडीए को कापू का भी मिल सकता है समर्थन

चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी को प्रमुख कम्मा समुदाय का समर्थन मिलता रहा है। नायडू कम्मा समुदाय से हैं। लेकिन इस बार अभिनेता व नेता पवन कल्याण के साथ आने से एनडीए को कापू का भी सर्मथन मिल सकता है। जन सेना के प्रमुख पवन खुद को इस समुदाय के प्रतिनिधि के रूप में भी पेश कर रहे हैं। अभिनेता पवन कल्याण कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सुपरस्टार चिरंजीवी के भाई हैं। चिरंजीवी ने जन सेना को समर्थन का एलान किया है। वाईएसआरसीपी को रेड्डी समुदाय का सर्मथन मिलता रहा है। सत्ता में रहते जगन रेड्डी ने इस बार एससी, एसटी और अल्पसंख्यकों के साथ बीसी को भी अपने पाले में करने की कोशिश की है। गौरतलब है कि आंध्र की राजनीति में कम्मा, कापू और रेड्डी समुदाय का खासा प्रभाव है।

### जिसने विधानसभा जीती लोकसभा सीटें भी उसी को

आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं। पिछले ट्रेंड को देखें तो जिस पार्टी ने विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की, लोकसभा की सीटें भी उसी के खाते में गई। साल 2014 के चुनाव में टीडीपी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीतीं, जबकि वाईएसआरसीपी को नौ सीटें मिलीं। विधानसभा चुनाव भी चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी के पक्ष में रहा। 2019 के चुनाव में वाईएसआरसीपी ने विधानसभा की 175 सीटों में से 151 पर जीत दर्ज की। लोकसभा की 25 सीटों में से 22 सीटें भी उसे ही मिलीं। मजबूत क्षेत्रीय पार्टियों के चलते आंध्र के मतदाता अभी तक केंद्र व राज्य के लिए अलग-अलग वोट करते नहीं दिखे हैं।

### आंध्र में खाता खोलने के लिए जद्दोजहद कर रहे राष्ट्रीय दल

कभी आंध्र प्रदेश में एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस अब यहां खाता खोलने के लिए जद्दोजहद कर रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में नोटा से भी कम 1.31 फीसदी वोट लेने वाली कांग्रेस ने इस बार 25 में से 23 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं लेकिन अपनी खोई जमीन पाने के लिए उसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।2019 में आंध्र की सभी 25 लोकसभा सीटों पर लड़ी भाजपा को एक फीसदी से भी कम वोट मिले थे। इस बार वह टीडीपी और जन सेना पार्टी का दामन थाम कर इस धान के कटोरे में कमल खिलाने के प्रयास में है।

# शरद पवार मेरे भगवान, लेकिन मैं उनका बेटा नहीं : अजित पवार



एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार के बेटे नहीं हैं इसलिए उन्हें राजनीतिक अवसर नहीं मिला। राकांपा नेता अजित पवार ने कहा कि 80 साल की उम्र के बाद नए लोगों को मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने शरद पवार के इस बयान पर कि भारतीय जनता पार्टी के साथ बातचीत हुई थी। लेकिन उसके साथ जाने के संबंध में बातचीत नहीं हुई थी, कहा कि कम से कम उन्होंने यह तो स्वीकार किया कि बातचीत हुई थी। अजित पवार ने साथ ही कहा कि वे बातचीत के साक्षी हैं। पिछले साल जुलाई में अजित पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 8 अन्य विधायक महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे-भाजपा सरकार में शामिल हो गए। इस घटना के बाद वह राकांपा बंट गई थी जिसका गठन 83 वर्षीय शरद पवार ने किया था। पुणे जिले के शिरूर में एक रैली को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा, ''मेरी उम्र भी 60 से ऊपर है। हमारे पास कोई मौका है या नहीं? क्या हम गलत बर्ताव कर रहे हैं? इसीलिए हम भावुक हो जाते हैं। पवार साहब मेरे भगवान और इसमें कोई संदेह नहीं है लेकिन हर व्यक्ति का वक्त होता है।

80 साल बाद उन्हें रूक जाना चाहिए और अब नए लोगों को मौका दिया जाना चाहिए।उन्होंने कहा, अगर मैं राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार का बेटा होता तो क्या मुझे अवसर नहीं मिलता? हां, यकीनन मुझे अवसर मिलता। मुझे सिर्फ इसलिए अवसर नहीं मिला कि मैं उनका बेटा नहीं हूं। ये कैसा न्याय है।

## पलामू चैंबर द्वारा आपका प्रत्याशी आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर** : हर चुनाव की भांति इस चुनाव में भी 10 मई शुक्रवार की संध्या 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित आपका प्रत्याशी आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन जय भवानी संघ चौक के समीप किया जा रहा है। जिसमें भाजपा प्रत्याशी वीडी राम सभी के समक्ष अपनी बातों को रखेंगे। चेंबर के इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक अच्छे विजन युक्त नेतृत्वकर्ता का चुनाव उनकी बातों को सुनकर यहां की जनता और व्यवसाइ को तय करना है। इस कार्यक्रम के संबंध में चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि कोई भी व्यक्ति डायरेक्ट सवाल प्रत्याशियों से नहीं कर सकता है। लोग अपने सवाल को लिखकर पत्रकारों के जूरी को देंगे। उनके द्वारा आपके सवाल पूछे जाएंगे। श्री शंकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में महिला, पुरुष, बुद्धिजीवी, युवा व ज्यादा से ज्यादा संख्या में सारे आमंत्रित है, जो समय पर आकर सीट ग्रहण करेंगे।

# बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ओवैसी : प्रियंका गांधी

एजेंसी

**रायबरेली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रायबरेली के मुंशीगंज में स्थित किसान शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने ढ्ढरूढ्ढरू सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। बता दें कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और प्रियंका के भाई राहुल गांधी लोकसभा चुनावों में वायनाड की सीट के अलावा रायबरेली की सीट से भी दावेदारी पेश कर रहे हैं। राहुल और प्रियंका की मां सोनिया गांधी ने 2004 से लेकर 2019 तक, हर लोकसभा चुनाव में इस सीट से जीत दर्ज की थी।प्रियंका ने जिस स्मारक पर आज श्रद्धांजलि अर्पित की वह 1921 में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों की याद में बना है। 1920-21 के असहयोग आंदोलन के दौरान अवध में किसान आंदोलन छिड़ गया था जिसका नेतृत्व बाबा





रामचंद्र और मदारी पासी कर रहे थे। आंदोलन के दौरान रायबरेली के मुंशीगंज में भयानक गोलीकांड हुआ था। 7 जनवरी 1921 को सई नदी के पुल पर किसानों को घेरकर गोलियों से भून दिया गया था। इसकी सूचना मिलने पर मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू रायबरेली पहुंचे थे और पीड़ित किसानों से मुलाकात की थी। इस नरसंहार के बाद आंदोलन और तेज हुआ तो दोनों नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में शहीद किसानों की याद में यहां पर शहीद स्मारक बनाया गया। इस बीच ओवैसी पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा, 'मैं आपको बार-बार बता रही हूं। असदुद्दीन औवेसी सीधे तौर पर बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जहां भी भाजपा को अन्य दलों को पीछे धकेलने के लिए किसी को मैदान में उतारने की जरूरत है, वह ऐसा कर रहे हैं। तेलंगाना चुनाव में ये बात बिल्कुल साफ हो गई है।' प्रियंका ने यह भी कहा कि,छत्तीसगढ़ में हमने कहा था कि किसानों के कर्ज माफ होंगे तो माफ हुए। कर्नाटक में हमने कहा था कि महिलाओं के खाते में 2000 डालेंगे, आज डल रहे हैं। जहां-जहां हमारी सरकार है, हमने वादे पूरे किए हैं। अगर हमारी सरकार केंद्र में आएगी तो किसानों के कर्ज माफी के लिए एक स्थायी आयोग बनेगा। खेती से जुड़े सभी उपकरण जीएसटी से मुक्त हो जाएंगे।


